✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 53 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 19 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन का पटना एयरपोर्ट पर स्वागत करते केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, संजय सरावगी, सांसद रविशंकर प्रसाद एवं अन्य

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी 72वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। आयोग ने 26 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली परीक्षा को फिलहाल स्थगित कर दिया है। बीपीएससी ने आधिकारिक सूचना जारी करते हुए बताया कि अपरिहार्य कारणों से परीक्षा को टालने का फैसला लिया गया है। अब परीक्षा की नई तारीख बाद में घोषित की जाएगी।

### सदर अस्पताल से कैदी फरार

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** इलाज के दौरान जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल से एक कैदी के फरार हो जाने का मामला सामने आया है। फरार होने की पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फरार कैदी की पहचान धमौल थाना क्षेत्र निवासी अलाउद्दीन मलिक के पुत्र बंटी असगर मलिक के रूप में हुई है। वह धमौल थाना कांड संख्या 70/26 का चोरी का अभियुक्त है। दो दिन पहले गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेजा गया था।

### दारोगा ने थाने में की खुदकुशी

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। शनिवार सुबह उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में थाना परिसर में स्थित तीसरे मंजिल के एक खाली कमरे में पाया गया। मृतक की पहचान 50 वर्षीय एएसआइ बबलू कुमार प्रसाद के रुप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक बबलू कुमार डायल-112 में सहायक अवर निरीक्षक के पद पर तैनात थे। एसपी अरविंद प्रताप सिंह के मुताबिक प्रथम दृष्टया से आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। एसपी के मुताबिक बबलू कुमार प्रसाद पश्चिम चंपारण जिले के बगहा के रहने वाले थे।

### दीवार गिरने से दो मासूम बच्चों की मौत

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया नगर स्थित धोबिया मोहल्ला में शनिवार की सुबह एक ईंट की दीवार गिरने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत बच्चों की पहचान बिहिया नगर धोबिया मोहल्ला वार्ड संख्या-6 निवासी साजन कुमार रजक के तीन वर्षीय पुत्र शिवांश रजक उर्फ कल्लू तथा राहुल रजक के तीन वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है।

### रक्सौल बॉर्डर से उजबेकिस्तान की महिला गिरफ्तार

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** भारत-नेपाल सीमा पर रक्सौल के मैत्री पुल से एक उजबेकिस्तान की महिला को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार की शाम एसएसबी ने रूटीन जांच के दौरान उसे पकड़ा। गिरफ्तार महिला की पहचान उजबेकिस्तान निवासी बोजोरोवा शकरजोंन के रूप में हुई है।

मुख्यमंत्री ने किया बिहार फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के नवनिर्मित हैंगर का उद्घाटन, चार प्रशिक्षुओं को मिला प्रमाण-पत्र

# बिहार में नागरिक उड्डयन अवसंरचना के विकास हेतु सरकार प्रतिबद्ध : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा शनिवार को पटना स्थित बिहार फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के नवनिर्मित अत्याधुनिक हैंगर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संस्थान से सफलतापूर्वक कमर्शियल पायलट लाइसेंस प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले चार प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र एवं एपॉलेट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के अवसरों का निरंतर विस्तार कर रही है। विमानन क्षेत्र देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में से एक है और प्रशिक्षित पायलटों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय



में बिहार फ्लाइंग इंस्टीट्यूट राज्य के युवाओं को कम लागत पर विश्वस्तरीय उड़ान प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट करियर के अवसर प्रदान कर रहा है। बिहार फ्लाइंग इंस्टीट्यूट, बिहार सरकार के सिविल विमानन विभाग के अधीन संचालित पूर्वी भारत के सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित विमानन प्रशिक्षण संस्थानों में से एक है। इसकी स्थापना वर्ष 1940 में बिहार फ्लाइंग क्लब के रूप में की गई थी। लगभग आठ दशकों से अधिक समय से यह संस्थान देश के विमानन क्षेत्र के लिए प्रशिक्षित पायलट तैयार करता रहा है तथा अनेक प्रशिक्षु आज विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों तथा विमानन संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्थान का प्रमुख उद्देश्य बिहार सहित देश के इच्छुक युवाओं को अत्यंत रियायती शुल्क पर उच्च गुणवत्ता का उड़ान प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है जिससे आर्थिक रूप से सामान्य परिवारों के प्रतिभाशाली युवाओं को भी विमानन क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर प्राप्त हो सके। बिहार सरकार राज्य में नागरिक उड्डयन अवसंरचना के समग्र विकास हेतु प्रतिबद्ध है। राज्य में नए हवाईअड्डों के विकास, मौजूदा हवाईअड्डों के विस्तार, क्षेत्रीय हवाई संपर्क को सुदृढ़ बनाने तथा विमानन प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से बिहार को पूर्वी भारत के एक महत्वपूर्ण विमानन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# जिला अस्पतालों में अब रात में भी मिलेगी इमरजेंसी सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के जिला अस्पतालों में भी रात के समय नियमित इमरजेंसी सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस नई व्यवस्था से गंभीर मरीजों को इलाज के लिए देर रात पटना या अन्य बड़े शहरों के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग इन दिनों अस्पतालों की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई स्तरों पर काम कर रहा है। जिलों से रेफर होकर आने वाले मरीजों का बेहतर इलाज जिला अस्पतालों में ही सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। विभाग ने तय किया है कि रेफरल पॉलिसी लागू होने से पहले जिला अस्पतालों में इमरजेंसी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त किया जाएगा ताकि रात के समय गंभीर रूप से बीमार मरीजों और दुर्घटना के शिकार लोगों को तत्काल उपचार मिल सके। नई व्यवस्था के तहत जिला अस्पतालों में जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, शिशु रोग और स्त्री एवं प्रसूति रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तैनात की जाएगी। इसके अलावा प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी और आवश्यक तकनीकी कर्मचारियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अस्पतालों में जरूरी दवाएं, जांच सुविधाएं और जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे आपात स्थिति में मरीजों का इलाज तुरंत शुरू किया जा सके। विभाग की समीक्षा में सामने आया है कि वर्तमान में कई जिलों में रात के समय विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को पटना और अन्य बड़े शहरों के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में जाना पड़ता है। इससे कई बार मरीजों की हालत और गंभीर हो जाती है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद इस समस्या में कमी आने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि सड़क दुर्घटना, हार्ट अटैक, प्रसव संबंधी आपात स्थिति या बच्चों की गंभीर बीमारी में शुरुआती घंटों का इलाज बेहद महत्वपूर्ण होता है।

# सभी डिग्री कॉलेजों में 45-45 कर्मियों की होगी भर्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के डिग्री कॉलेज विहीन 211 प्रखंडों में शुरू किए गए नए राजकीय महाविद्यालयों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार इस महीने के अंत तक शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 योजना के तहत उन प्रखंडों में नए सरकारी डिग्री कॉलेज खोलने का फैसला लिया था जहां पहले कोई डिग्री कॉलेज नहीं था। इसका मकसद छात्रों को अपने घर के पास ही उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए दूर न जाना पड़े। बिहार सरकार ने दो दिन पहले बिहार के 211 नए राजकीय महाविद्यालयों में पढ़ाई शुरू करा दी है। पहले चरण में इन सभी कॉलेजों में 6 विषयों की पढ़ाई शुरू की गई है जिससे छात्र-छात्राएं तुरंत उच्च शिक्षा से जुड़ सकें। सरकार ने प्रत्येक नए सरकारी डिग्री कॉलेज के लिए एक प्राचार्य, 32 शिक्षकों और 12 नॉन-टीचिंग स्टाफ की भर्ती होगी। अब इन पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ताकि कॉलेजों में नियमित रूप से पढ़ाई संचालित हो सके। बिहार के सभी 211 नए डिग्री कॉलेजों में जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर छात्र-छात्रा को अपने क्षेत्र में ही बेहतर उच्च शिक्षा मिले और उन्हें कॉलेज की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़े।

# हेली टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के लोग अब 1200 फीट की ऊंचाई से शहर का शानदार नजारा देख सकेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को 'मुख्यमंत्री बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना-2026' की शुरुआत की। इस योजना के तहत लोग अब हेलीकॉप्टर से पटना और बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों का हवाई सफर कर सकेंगे। योजना शुरू होते ही लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिला। अब तक करीब 80 लोगों ने एयर राइड के लिए बुकिंग कराई है। हालांकि पहले दिन केवल 20 पर्यटक ही जॉय राइड का हिस्सा बने। पहली उड़ान दोपहर 3:40 बजे छह यात्रियों के साथ रवाना हुई। मुख्यमंत्री ने खुद पर्यटकों को टिकट सौंपे और हेलीकॉप्टर के पायलट को बैज पहनाकर रवाना किया। पटना जॉय राइड के लिए प्रति



व्यक्ति 2100 रुपये किराया तय किया गया है। यह यात्रा करीब 10 मिनट की होगी। इस दौरान पर्यटक करीब 1200 फीट की ऊंचाई से शहर का खूबसूरत नजारा देख सकेंगे। हवाई सफर के दौरान गंगा नदी, जेपी गंगा पथ, तख्त श्री हरिमंदिर साहिब और पटना के कई प्रमुख स्थान ऊपर से दिखाई देंगे। पर्यटन विभाग के अनुसार हर 30 मिनट के अंतराल पर हेलीकॉप्टर उड़ान भरेगा। एक दिन में चार जॉय राइड संचालित की जाएंगी। फिलहाल यह सुविधा हर शनिवार और रविवार को उपलब्ध रहेगी। पर्यटकों को हवाई यात्रा के साथ फ्री टूरिस्ट गाइड की सुविधा भी मिलेगी। हालांकि होटल, भोजन और स्थानीय यात्रा का खर्च पर्यटकों को खुद उठाना होगा। टिकट की बुकिंग बिहार पर्यटन और बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के ऑनलाइन पोर्टल के जरिए की जा सकेगी। सरकार का कहना है कि इस योजना का मकसद बिहार में धार्मिक और विरासत पर्यटन को बढ़ावा देना है। इससे देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। सरकार का मानना है कि इस पहल से राजगीर, वाल्मीकिनगर और कैमूर जैसे पर्यटन स्थलों पर रोजगार बढ़ेगा। साथ ही बिहार को हेली टूरिज्म और एयर टूरिज्म के नए केंद्र के रूप में पहचान मिलेगी।

### बेतिया राज की 22,813 एकड़ जमीन होगी सरकारी, अधिसूचना जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने बेतिया राज की करीब 22,813 एकड़ जमीन को अपने अधीन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। नियमों के तहत सभी संबंधित संपत्तियों का विस्तृत ब्योरा भी सार्वजनिक किया गया है। यह जमीन बिहार के छह जिलों में फैली हुई है। इनमें सबसे अधिक जमीन पश्चिम चंपारण में है। इसके अलावा पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, पटना, सारण और सीवान में भी बेतिया राज की जमीन मौजूद है। पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में अपर समाहर्ता (एडीएम) स्तर के अधिकारियों को स्पेशल ऑफिसर बनाया गया है। यही अधिकारी दावों और आपत्तियों की सुनवाई करेंगे।

### कॉलेज शिक्षकों की राजनीति पर लगेगी रोक, सरकार ला रही नया विधेयक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में उच्च शिक्षा व्यवस्था जल्द बदल सकती है। राज्य सरकार मानसून सत्र में नया उच्च शिक्षा विधेयक लाने की तैयारी में है। इस कानून के लागू होने के बाद डिग्री कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की व्यवस्था अलग-अलग होगी। साथ ही शिक्षकों के लिए भी कई नए नियम लागू किए जाएंगे। नए विधेयक में कॉलेज शिक्षकों के राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लगाने का प्रस्ताव है। अगर यह कानून लागू होता है तो शिक्षक किसी राजनीतिक दल या विचारधारा का सार्वजनिक समर्थन, प्रचार या लेखन नहीं कर सकेंगे। सरकार का प्रस्ताव है कि राज्य के करीब 481 सरकारी डिग्री कॉलेजों को विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक नियंत्रण से हटाकर सीधे उच्च शिक्षा विभाग के अधीन किया जाए। अभी ये कॉलेज राज्य के 12 विश्वविद्यालयों के तहत संचालित होते हैं। नया कानून लागू होने के बाद इनका संचालन, प्रशासन और अन्य फैसले सीधे विभाग करेगा। नई व्यवस्था लागू होने के बाद विश्वविद्यालयों की भूमिका मुख्य रूप से स्नातकोत्तर शिक्षा और शोध तक सीमित रहेगी। वहीं स्नातक कॉलेजों का पूरा प्रबंधन सरकार के अधीन होगा।

# प्रशासनिक अधिकारियों के क्षमता निर्माण पर जोर

**बिपार्ड और प्रधान महालेखाकार के बीच तीन वर्षीय समझौता ज्ञापन**


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में प्रशासनिक सेवाओं के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को मजबूत करने की दिशा में शनिवार को बड़ा कदम उठाया गया। बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) और प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के बीच फैकल्टी आदान-प्रदान को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। यह एमओयू आगामी तीन वर्षों तक प्रभावी रहेगा। आपसी सहमति से इसके नवीनीकरण का भी प्रावधान रखा गया है। बिपार्ड के महानिदेशक डॉ. बी. राजेन्दर और प्रधान महालेखाकार संतोष कुमार ने दोनों संस्थानों की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौते का उद्देश्य भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), बिहार प्रशासनिक सेवा (बीएएस) सहित अन्य सेवा प्रशिक्षु अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करना है। एमओयू के तहत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और संगोष्ठियों का आयोजन करेंगे। साथ ही विषय विशेषज्ञों एवं संकाय सदस्यों का आदान-प्रदान किया जाएगा। सरकारी लेखांकन, वित्तीय नियम, सेवा नियम, पेंशन, जीपीएफ, ई-गवर्नेंस और अन्य प्रशासनिक विषयों पर विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। समझौते के तहत दोनों संस्थान प्रशिक्षण कक्ष, आईटी अवसंरचना और अन्य उपलब्ध संसाधनों का साझा उपयोग करेंगे। इसके अलावा प्रशिक्षण सामग्री, सर्वोत्तम कार्य-पद्धतियों और संस्थागत अनुभवों का आदान-प्रदान किया जाएगा। योग्य अधिकारियों को प्रशिक्षक के रूप में नामित कर संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण योजना भी तैयार की जाएगी। दोनों संस्थानों के बीच हुआ यह एमओयू तीन वर्षों तक प्रभावी रहेगा। आपसी सहमति से इसका नवीनीकरण भी किया जा सकेगा। समझौते के अनुसार गोपनीय सूचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी तथा विकसित प्रशिक्षण सामग्री का उपयोग केवल आधिकारिक और गैर-व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बिपार्ड के नवनिर्मित दक्षता भवन परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। इस अवसर पर बिपार्ड के अपर महानिदेशक संजय कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार विधानसभा मानसून सत्र के लिए सुरक्षा चाक चौबंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के आगामी मानसून सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को बेहद सख्त किया जा रहा है। शनिवार को सेंट्रल रेंज के आइजी जितेंद्र राणा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा और ट्रैफिक एसपी सागर कुमार समेत पुलिस महकमे के कई आला अधिकारी मौजूद रहे। विधानसभा के सभी गेटों पर बैगेज स्कैनर और वाहन चेकिंग मशीन भी लगेंगे। इसके अलावा सचिवालय परिसर के सभी प्रवेश द्वारों पर अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण तैनात किए जा रहे हैं। परिसर के भीतर प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति, उनके सामान और सभी वाहनों की सघन तलाशी ली जाएगी। इसके साथ ही प्रवेश द्वारों पर मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे जहां प्रशिक्षित पुलिसकर्मी तैनात रहकर सुरक्षा की कमान संभालेंगे। सत्र के दौरान परिसर में किसी भी बाहरी या अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश को पूरी तरह प्रतिबंधित करने के लिए पास सिस्टम को बेहद सख्त किया गया है। अधिकारियों से लेकर सुरक्षाकर्मियों तक के लिए अलग-अलग श्रेणियों के सीरियल कलर पास जारी किए जाएंगे। इस पास की सघन जांच के बाद ही किसी को भीतर जाने की अनुमति होगी। खास बात यह है कि प्रवेश द्वारों पर केवल उन्हीं पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा जो तकनीकी रूप से स्मार्ट होने के साथ-साथ व्यवहार कुशल भी हों। सुरक्षा व्यवस्था को डिजिटल रूप से भी मजबूत किया जा रहा है। मानसून सत्र के दौरान राजधानी की यातायात व्यवस्था न बिगड़े, इसके लिए भी आइजी ने विशेष निर्देश दिए हैं।




# यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा जदयू

**लखनऊ पहुंचे मंत्री तथा यूपी प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा- नीतीश कुमार के बिहार मॉडल को गांव-गांव पहुंचाएं कार्यकर्ता**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अगले वर्ष होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर जनता दल (यूनाइटेड) ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित जदयू उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री और जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारी में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने पिछले दो दशकों में विकास, सुशासन और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में



उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय से जुड़ी कई योजनाएं आज पूरे देश के लिए मिसाल बन चुकी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बिहार के विकास मॉडल और जदयू की विकासवादी सोच को उत्तर प्रदेश के गांव-गांव तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जदयू पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी। इसके लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना और प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता का आधार होता है। श्रवण कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच रहें, उनकी समस्याओं को सुनें और पार्टी की नीतियों व जनहितकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठित प्रयासों से जदयू उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रभावी भूमिका निभाएगी। बैठक की अध्यक्षता जदयू उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने की। उन्होंने बताया कि 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेशभर में मंडल, जिला और विधानसभा स्तर पर सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद राज्य स्तरीय सम्मेलन होगा जिसमें जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी शामिल होंगे। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और चुनावी रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। साथ ही संभावित प्रत्याशियों के नामों की समीक्षा, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी सहमति बनी। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, जिलाध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

C M Y K

# तकनीकी शिक्षा, स्टार्टअप और डिजिटल विकास से राज्य को मिलेगी नई गति : मुख्यमंत्री

## युवाओं से आह्वान- नौकरी खोजने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री सह बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना के कुलाधिपति सम्राट चौधरी ने सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित ज्ञान भवन में आयोजित बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना के तृतीय दीक्षांत समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के बी.टेक एवं एम.टेक के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र तथा 50,001 रूपये का चेक प्रदान किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह केवल डिग्री वितरण का कार्यक्रम नहीं बल्कि बिहार के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला अवसर है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सिर्फ नौकरी तलाशने वाले नहीं बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बनें ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि बिहार एक अनोखा राज्य है जहां सभी 38 जिलों में स्थापित इंजीनियरिंग कॉलेजों में मात्र 10 रुपये तथा पॉलिटेक्निक संस्थानों में 5 रुपये शुल्क पर तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसी व्यवस्था शायद दुनिया में कहीं नहीं है। किसी इंजीनियर की वास्तविक पहचान उसकी डिग्री से नहीं बल्कि उसके द्वारा किए गए नवाचार, तकनीकी दक्षता और समाज के लिए किए गए निर्माण कार्यों से होती है। 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था ज्ञान, डेटा, तकनीक और नवाचार पर आधारित है। शैक्षणिक रूप से सर्वाधिक विकसित राज्य ही आर्थिक नेतृत्वकर्ता बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार के युवा शोध, संवाद और आधुनिक तकनीक के साथ ज्ञान अर्जित करेंगे, तभी बिहार विकसित और समृद्ध बनेगा। बिहार की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय का पुनर्स्थापन किया जा रहा है जिसके लिए 220 एकड़ भूमि भारत सरकार को उपलब्ध कराई जा चुकी है। मुजफ्फरपुर स्थित एन.आई.टी. में आर्किटेक्चर एवं सिविल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय तथा भागलपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कंप्यूटर साइंस विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार ए0आई0 और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तकनीक एवं नवाचार के माध्यम से वैश्विक मानकों के अनुरूप विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा, स्टार्टअप और डिजिटल विकास से राज्य को नई गति मिलेगी। इनोवेशन और स्टार्टअप से ही भारत विकसित और बिहार समृद्ध बनेगा। राज्य सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, जमुई में 3.49 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अतिरिक्त बालिका छात्रावास तल, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, किशनगंज में 77.58 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए अतिरिक्त विकास कार्य तथा अभियंत्रण महाविद्यालय, सुपौल में 26.02 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 300 बेड वाले अतिरिक्त बालिका छात्रावास भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश कांत वर्मा ने मुख्यमंत्री को पौधागुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, विज्ञान, प्रावैद्यिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, विज्ञान, प्रावैद्यिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव हिमांशु शर्मा, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश कांत वर्मा, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार सहित बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## नए राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों की तैनाती की कार्रवाई शुरू

### प्रत्येक कॉलेज में 32 शिक्षक और 12 कर्मियों की होगी तैनाती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में खोले गए 211 नए राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों की नियुक्ति करने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। इस माह के अंत तक शिक्षकों की नियुक्ति करने की प्रक्रिया पूरी कर लेने की संभावना है। विदित हो कि राज्य सरकार के सात निश्चय-3 के तहत डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में नए महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया था। ताकि छात्र-छात्राओं को उनके घर के पास ही उच्च शिक्षा मिल सके। इसको लेकर राज्य सरकार ने दो दिन पूर्व बिहार के 211 प्रखंडों में नए राजकीय महाविद्यालय में पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ कर दिया। इन सभी महाविद्यालयों में प्रथम चरण में 6 विषयों की पढ़ाई शुरू की गई है। राज्य सरकार प्रत्येक नए डिग्री कॉलेज में 1 प्राचार्य, 32 शिक्षक और 12 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का पद सृजित की है। शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। उच्च शिक्षा विभाग की मानें तो इस माह के अंत तक नियुक्ति की प्रकिया पूरी हो जाने की संभावना है। राज्य के सभी 211 नए डिग्री कॉलेजों में इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करा दिए गए हैं। सरकार राज्य के विद्यार्थियों को घर के पास ही बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है जिससे कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए दूर नहीं जाना पड़े और सभी को उच्च शिक्षा मिल सके।

# बिहार में प्रशासनिक सेवाओं के लिए बड़ा कदम

## फैकल्टी आदान-प्रदान को लेकर बिपार्ड और प्रधान महालेखाकार में समझौता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** भारतीय प्रशासनिक सेवा और बिहार प्रशासनिक सेवा के साथ अन्य सेवा प्रशिक्षु पदाधिकारियों के लिए फैकल्टी का आदान-प्रदान करने की दिशा में प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) एवं बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) के शनिवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। आगामी तीन वर्षों तक प्रभावी रहने वाले इस समझौता ज्ञापन के अनुसार दोनों संस्थान प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण में एक दूसरे का सहयोग करेंगे। बिपार्ड के महानिदेशक डॉ. बी राजेन्दर एवं प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के प्रधान महालेखाकार संतोष कुमार ने दोनों संस्थानों की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य इन दोनों संस्थानों के आपसी सहयोग से प्रशासनिक पदाधिकारी, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशाला एवं संगोष्ठियों का संयुक्त आयोजन, विषय विशेषज्ञों एवं संकाय सदस्यों का आदान-प्रदान, सरकारी लेखांकन, वित्तीय नियम, सेवा नियम, पेंशन, जीपीएफ, ई-गवर्नेंस एवं अन्य प्रशासनिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ प्रशिक्षण सामग्री, सर्वोत्तम कार्य-पद्धतियों एवं संस्थागत अनुभवों का साझा उपयोग किया जाना है। साथ ही समझौता में उपलब्ध संसाधनों के अनुसार प्रशिक्षण कक्ष, आईटी अवसंरचना एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, योग्य अधिकारियों को प्रशिक्षक के रूप में नामित करना, संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण योजना तैयार करना एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करना है। दोनों संस्थानों के बीच यह समझौता आगामी तीन वर्ष तक प्रभावी रहेगा और आपसी सहमति से इसका नवीनीकरण भी किया जा सकेगा। दोनों संस्थान गोपनीय सूचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे और विकसित प्रशिक्षण सामग्री का उपयोग केवल आधिकारिक एवं गैर-व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। समझौता ज्ञापन के बीच दोनों संस्थानों के वरीय पदाधिकारियों ने बिपार्ड के नव निर्मित दक्षता भवन परिसर का निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध सुविधाओं एवं सुरक्षा मानकों का गहनता से जांच की। इस अवसर पर बिपार्ड के अपर महानिदेशक संजय कुमार के साथ ही दूसरे कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एससी-एसटी आवासीय विद्यालयों की होगी 24 घंटे निगरानी

## कमांड कंट्रोल रूम से जुड़े राज्य के सभी 91 स्कूल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में सुरक्षा, अनुशासन और शैक्षणिक गुणवत्ता को और मजबूत बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। एससी-एसटी विभाग ने राज्य के सभी 91 आवासीय विद्यालयों को पटना स्थित केंद्रीय कमांड कंट्रोल रूम से जोड़ते हुए उनकी 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी शुरू कर दी है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से विद्यालयों की गतिविधियों पर अब रियल-टाइम नजर रखी जा सकेगी। विभाग की ओर से सभी आवासीय विद्यालयों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। इन कैमरों की लाइव फीड सीधे कमांड कंट्रोल रूम में उपलब्ध रहेगी जहां से विभागीय अधिकारी विद्यालय परिसर, छात्रावास, भोजनालय, प्रवेश-निकास, सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन और दैनिक गतिविधियों की लगातार निगरानी करेंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता या सुरक्षा संबंधी घटना की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सुरक्षित, अनुशासित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित यह निगरानी प्रणाली विद्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों के समग्र विकास में भी सहायक सिद्ध होगी। कमांड कंट्रोल रूम के माध्यम से विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग से शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति, छात्रावासों की व्यवस्था, साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी प्रभावी समीक्षा की जा सकेगी। इससे विद्यालयों के संचालन में सुधार आएगा और शिकायतों का समाधान में भी मदद मिलेगी।

# शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में डॉ. आनंद रंजन झा हुए 'आइकोनिक पर्सनैलिटी ऑफ भारत' सम्मान से सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** बिहार के लिए गर्व की बात है कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा के संस्थापक एवं शिक्षाविद् डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा, डिजिटल स्किल एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'आईकोनिक पर्सनैलिटी ऑफ भारत 2026' सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान होटल ताज, पटना में बिजनेस इन बिहार द्वारा आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. आनंद रंजन झा ने वर्षों से कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से हजारों युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। सम्मान की घोषणा पर डॉ. झा ने कहा कि यह सम्मान उनकी पूरी टीम, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शुभचिंतकों के विश्वास और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य बिहार के युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा एवं रोजगारोन्मुख कौशल से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाना है। यह सम्मान शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में डॉ. आनंद रंजन झा के उत्कृष्ट कार्यो को राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान है जो बिहार के लिए भी गौरव का विषय है।

# हम पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा समेत सैकड़ों समर्थकों ने थामा कांग्रेस का दामन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के पश्चिम चंपारण जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं युवाओं ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की नौकरियां छोड़ कर मधुबनी निवासी इंजीनियर अनुवेद सिंह, इं. भारत भूषण, निकेत कुमार सिन्हा, सोनू शर्मा, मुकेश कुमार तथा अरविंद पासवान ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी के साथ मधुबनी के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कुणाल आनंद ने भी कांग्रेस की सदस्यता ली। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नए साथियों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, संविधान, लोकतंत्र और जनहित की राजनीति के लिए प्रतिबद्ध है।

# आइजीआइएमएस के चिकित्सक को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का राष्ट्रीय 'कम्युनिटी सर्विस अवार्ड'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के अपर प्राध्यापक एवं उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सेतु सिन्हा को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जनस्वास्थ्य, सामुदायिक चिकित्सा, चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिष्ठित 'कम्युनिटी सर्विस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा के सांसद मयंकभाई जे. नायक, आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल नायक, मानद महासचिव डॉ. सरबरी दत्ता तथा आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। आईएमए कम्युनिटी सर्विस अवार्ड प्रतिवर्ष उन चिकित्सकों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने समाज के स्वास्थ्य में सुधार तथा चिकित्सा पेशे की उन्नति के लिए समर्पित भाव से अनुकरणीय योगदान दिया हो। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. सेतु सिन्हा ने निवारक एवं सामुदायिक चिकित्सा, टीकाकरण, स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, चिकित्सा शिक्षा तथा जनस्वास्थ्य नीति के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य किया है तथा लोगों तक समान, न्यायसंगत एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

# टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पटना मगध के तत्वावधान में टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शंकर ज्योति नेत्रालय के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम कुमार ने अपनी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ उपस्थित होकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की नेत्र जांच की। शिविर के संचालन में शंकर ज्योति नेत्रालय के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शिविर में लगभग 450 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने निःशुल्क नेत्र परीक्षण का लाभ उठाया। जांच के दौरान कई ऐसे बच्चों की पहचान हुई जिन्हें पहले यह जानकारी नहीं थी कि उनकी दृष्टि कमजोर हो रही है तथा सिरदर्द जैसी समस्याएं नेत्र दोष के कारण हो रही हैं। समय पर जांच होने से उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार की दिशा प्राप्त हुई। इस अवसर पर रीजन चेयर लायन वरुण लाल सितारिया, लायन रीजन गेट कोर्डिनेटर राजीव भार्गव, प्रेजिडेंट लायन डॉ रवि भार्गव, सेक्रेटरी लायन सोनिया सिंह, ट्रेजरर लायन शिवानी भार्गव, लायन डॉ जुली भार्गव, लायन अमित सिंह, लायन रेवा भार्गव, लायन जय कपूर, लायन संगीत गुप्ता एवं लायन निरंजन गुप्ता सहित लायंस क्लब ऑफ पटना मगध के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अभिभावकों ने लायंस क्लब ऑफ पटना मगध एवं शंकर ज्योति नेत्रालय के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित होने चाहिए जिससे बच्चों में नेत्र संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान हो सके।

# बैरन की सफलता के बाद बंजारे लेकर आए नया गीत बरसात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अपने चर्चित गीत बैरन की सफलता के बाद भाइयों की जोड़ी बंजारे (सुमित और अनुज) अपने नए सिंगल बरसात के साथ लौटे हैं। बैरन को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर मिली सराहना के बाद यह नया गीत उसी कहानी को आगे बढ़ाता है। इस बार कहानी महिला के नजरिए से प्रेम, विरह और अनकही भावनाओं को सामने लाती है। बरसात केवल बैरन की निरंतरता नहीं है, बल्कि उस कहानी का दूसरा पक्ष भी प्रस्तुत करता है। यह गीत प्रेम, संवेदनशीलता और खामोश लालसा की भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए पहले गीत में छूटे भावनात्मक पहलुओं को सामने लाने का प्रयास करता है। इस अवसर पर बंजारे ने कहा कि बैरन पूरी ईमानदारी से बनाया गया था और उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि इसे दुनिया भर में इतना प्यार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बरसात के जरिए वे उसी कहानी का दूसरा नजरिया प्रस्तुत करना चाहते हैं क्योंकि हर प्रेम कहानी का एक और पक्ष होता है। उनके अनुसार यह गीत भी उसी ईमानदारी, संवेदनशीलता और भावनाओं के साथ तैयार किया गया है जिसने बैरन को पहचान दिलाई।

# किसान संगठन सेटेलाइट टाउनशिप के खिलाफ हुए लामबंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रीनफील्ड सेटेलाइट टाउनशिप के खिलाफ किसान संगठन लामबंद होने लगे हैं। शनिवार को पटना में बैठक कर संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन की चेतावनी दी। मोर्चा ने 22 जुलाई को प्रदर्शन का ऐलान किया है। सीतामढ़ी के सीतापुर टाउनशिप के खिलाफ भूमि बचाओ संघर्ष समिति ने नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा को 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा है। मंत्री के साथ करीब आधे घंटे तक चली वार्ता में समिति की ओर से पक्ष रखते हुए प्रो. आनंद किशोर ने कहा कि सीतामढ़ी जैसे कृषि प्रधान और कम भूमि वाले जिला में टाउनशिप की जगह कृषि विशेष क्षेत्र तथा नदी जल प्रबंधन के साथ कृषि आधारित उद्योग का प्रोजेक्ट दिया जाए। लैंड पुलिंग और लॉटरी सिस्टम सिस्टम से सीतामढ़ी के किसानों को मुक्त रखा जाए।

# इनर व्हील मौर्या का पदस्थापना समारोह आयोजित, नए पदाधिकारियों ने ली शपथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इनर व्हील मौर्या का नौवां पदस्थापना समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरर विभा चरण पहाड़ी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर वर्ष 2025-26 में क्लब के सदस्यों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए तत्कालीन अध्यक्षा उपमा उर्मिल ने सदस्यों को सम्मानित किया। इसके बाद सत्र 2026-27 के पदाधिकारियों ने शपथ लेकर अपने पदभार ग्रहण किए। मनीषा रानी ने अध्यक्षा, अनुजा भदानी ने उपाध्यक्षा, मोनी सिंह ने सचिव, चित्रा पाठक ने कोषाध्यक्षा, रानी वरनवाल ने आईएसओ तथा संगीता मोदी ने एडिटर का पदभार संभाला। नवनिर्वाचित अध्यक्षा मनीषा रानी ने सत्र 2026-27 की शुरुआत विभिन्न सेवा कार्यों के साथ की। इसके तहत एक दिव्यांग को व्हीलचेयर, एक जरूरतमंद को सिलाई मशीन, पेड बैग, ब्रांडिंग छाते, ब्रांडिंग जूट के थैले तथा गरीब बच्चों के बीच स्टेशनरी का वितरण किया गया।

# राजेश राम ने जिला पर्यवेक्षकों को दिया निर्देश, बूथ से पंचायत तक कांग्रेस को करें मजबूत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम, पटना में शनिवार को आयोजित जिला पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए व्यापक रणनीति प्रस्तुत की। उन्होंने जिला पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि वे संगठन को धारदार, सक्रिय और जनसरोकारों से जुड़ा बनाते हुए पार्टी की मजबूती के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब जिला, प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती देने के अभियान में जुट गई है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने जिला पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में संगठनात्मक गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें तथा प्रखंड समितियों के साथ-साथ पंचायत एवं बूथ समितियों का शीघ्र गठन एवं सशक्तीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी से ही कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाया जा सकता है।

# 100 पीएम इ-बसें इस महीने के अंत तक पहुंचेंगी पटना

## आरएफपी जल्द तैयार कर बिडिंग प्रक्रिया शुरू करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में पर्यावरण अनुकूल और इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन को गति मिलने जा रही है। इस महीने के अंत तक लगभग 100 पीएम ई-बसें बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) को मिल जाएंगी। बीते दिनों बस कंपनी ग्रीनसेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने परिवहन विभाग और निगम के प्रशासक अतुल वर्मा से मुलाकात कर इसकी जानकारी दी। इस दौरान पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड के तहत निगम की 31 बस डिपो के पुनर्विकास पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी हुई। बैठक में डिपो के पुनर्विकास के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) तैयार करने की प्रगति और इसके रोडमैप की विस्तृत समीक्षा हुई। प्राइस वाटरहाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) को निर्देश दिया गया कि पुनर्विकास के लिए आरएफपी को शीघ्र तैयार किया जाए ताकि बिडिंग प्रक्रिया जल्द शुरू हो सके। निगम के प्रशासक श्री वर्मा ने बैठक में सभी आवश्यक जानकारी और पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने डिपो पुनर्निर्माण परियोजना और पीएम ई-बस सेवा योजना दोनों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। बैठक के समापन पर सभी संबंधित पक्षों को इन महत्वपूर्ण पहलों को तेजी से लागू करने के लिए बेहतर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, पीडब्ल्यूसी और ग्रीनसेल मोबिलिटी के प्रतिनिधि शामिल थे।

# खुदाबख्श लाइब्रेरी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार के साहित्य, संस्कृति और समाज पर सूफी-भक्ति आंदोलन के प्रभाव तथा उसके सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक योगदान पर शोध एवं विमर्श के उद्देश्य से खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में लाइब्रेरी के निदेशक प्रो. मोहम्मद जाहिदुल हक ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि उनके कार्यभार संभालने के केवल एक महीने के भीतर इस प्रकार की महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि खुदाबख्श लाइब्रेरी एक बार फिर अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रही है जो अत्यंत शुभ संकेत है। प्रसिद्ध कथाकार एवं कवि शफी मशहदी ने संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा कि लंबे समय बाद लाइब्रेरी को एक ऊर्जावान और सक्रिय नेतृत्व मिला है। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी आने वाले समय की नई योजनाओं का संकेत है और इसकी शुरुआत ऐसे विषय से हुई है जिसने समाज को आपसी भाईचारा और सद्भाव का संदेश दिया। प्रख्यात साहित्यकार एवं चिंतक प्रो. सफदर इमाम कादरी ने मुख्य वक्तव्य देते हुए कहा कि इतिहासकारों के सामने यह महत्वपूर्ण प्रश्न है कि सूफी-भक्ति आंदोलन के उपलब्ध ग्रंथों पर कितना भरोसा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यापति के ग्रंथ अपेक्षाकृत प्रमाणिक हैं, लेकिन अमीर खुसरो और कबीर के कई ग्रंथों की प्रामाणिकता आज भी शोध का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्तमान पीढ़ी के इतिहासकार और शोधकर्ता इस चुनौती का समाधान अवश्य खोजेंगे। वरिष्ठ इतिहासकार प्रो. रत्नेश्वर मिश्र ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सूफी-भक्ति आंदोलन की जड़ें भले ही प्राचीन हों, लेकिन इसका उत्कर्ष 16वीं शताब्दी में हुआ।

# डीएम ने लोक शिकायत निवारण अंतर्गत आवेदनों में 16 का किया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** जिलाधिकारी द्वारा लोक शिकायत निवारण अंतर्गत प्राप्त द्वितीय अपील आवेदनों एवं सेवा शिकायत निवारण अंतर्गत प्रथम अपील आवेदन पर शनिवार को सुनवाई के दौरान सोलह मामलों का निस्तारण किया गया। लोक शिकायत निवारण के द्वितीय अपील अन्तर्गत प्राप्त 31 अपील आवेदनों एवं सेवा शिकायत निवारण अन्तर्गत 3 अपील आवेदनों पर जिलाधिकारी, रोहतास द्वारा सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार/सेवा प्राधिकार के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, प्रभारी कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमण्डल, प्रबंधक अग्रणी बैंक सासाराम, अनुमण्डल पदाधिकारी सासाराम, चकबंदी पदाधिकारी शिवसागर, चकबंदी पदाधिकारी करगहर, अनुमण्डल पदाधिकारी बिक्रमगंज, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता डिहरी, कार्यपालक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल सासाराम उपस्थित रहे। लोक प्राधिकार/सेवा प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान सत्यनारायण पासवान, फुलेन्द्र प्रसाद पासवान, प्रमोद प्रसाद, कॉमरेड कॉलिन सर्वहारा, सुर्दशन बिन्द, श्याम सुन्दर तिवारी, श्याम लाल राम एवं ग्रामीण जनता, श्रीहरि कुमार, शशिकान्त सुलभ, कृष्णानंद चौधरी, मिथिलेश्वर तिवारी, शशि रंजन, संदीप कुमार, मो. नासिर खान, देवेन्द्रनाथ पंडित, रीता कुमारी के शिकायतों का निराकरण करते हुए निष्पादित किया गया। शेष मामले में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। साथ ही लोक प्राधिकार को परिवादों के निस्तारण हेतु कई निर्देश भी दिये गये।

# भाजपा महिला मोर्चा की पहली जिला बैठक में संगठन विस्तार और महिला सशक्तिकरण पर बनी रणनीति

## महिलाओं की संगठनात्मक भूमिका जरुरीः आरती गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पहली जिला बैठक एवं परिचयात्मक कार्यक्रम शनिवार को सासाराम स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष पूनम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, महिला सशक्तिकरण तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। महिला मोर्चा प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता ने महिलाओं की संगठनात्मक भूमिका, जिम्मेदारियों और आगामी अभियानों की रणनीति पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त होगा। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने पार्टी की विचारधारा, संगठन के सिद्धांतों तथा कार्यकर्ताओं के दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जनसेवा को भाजपा की प्राथमिकता बताते हुए संगठन विस्तार और समाज के हर वर्ग तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सरिता सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण प्रसाद, जिला मंत्री पूर्णिमा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष वीणा देवी, शकुंतला देवी, तारा देवी, ज्योति कुमारी, शारदा देवी, शोभा देवी, रीमा देवी, कांति देवी, सबिता कुमारी, मीरा देवी सहित बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# अतिक्रमण को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण, जनता से मांगा सहयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल दंडाधिकारी बिक्रमगंज के निर्देशानुसार प्रखंड संझौली अंतर्गत संझौली बाजार में अतिक्रमण की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पुलिस पदाधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर अतिक्रमण वाले स्थानों का आकलन किया। फोटो में एसडीएम को पुलिस बल के साथ बाजार में खड़े होकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए देखा गया जिसमें वे एक अधिकारी को हाथ से इशारा कर अतिक्रमण वाले बिंदु समझाते नजर आए। उनके साथ एक अधिकारी डायरी में नोट्स भी लेते दिखे। बाजार में लगे देवपूजन घर श्रृंगार, सजावट, काली स्थान संझौली रोहतास के होर्डिंग्स और अस्थायी दुकानों के कारण सड़क संकुचित हो गई है जिससे आम लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण के कारण आपातकाल में एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों के प्रवेश में भी बाधा उत्पन्न होती है। इसी को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन ने आमजनों एवं दुकानदारों से अपील की है कि वे अतिक्रमण हटाने तथा सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इसका उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं बल्कि जनता को बेहतर आवागमन सुविधा और व्यवस्थित बाजार उपलब्ध कराना है। एसडीएम ने संबंधित अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को कहा गया है कि पहले लोगों को जागरूक कर स्वेच्छा से अतिक्रमण हटवाया जाए और इसके बाद भी नहीं हटने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि यह अभियान पूरी पारदर्शिता के साथ चलाया जाएगा ताकि संझौली बाजार को जाम मुक्त और सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

# शराब के साथ महिला कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा पुलिस ने थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव से गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 7.2 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक महिला धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि चिलबिला गांव से गुप्त सूचना मिली कि एक महिला शराब की बिक्री कर रही है। वहीं सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापेमारी कर 7.2 लीटर देशी शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज चिलबिला गांव निवासी नारायण राम की 50 वर्षीय पत्नी बसंती देवी है जो शराब मामले में कई बार जेल जा चुकी है।

# पुलिस वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

## परिजनों ने मुआवजा व सरकारी नौकरी की उठाई मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** चेनारी थाना क्षेत्र में पुलिस वाहन की चपेट में आने से एक 30 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कृपा शंकर तिवारी (पिता-विमल तिवारी) गांव पलौंधा के रूप में हुई है। घटना चेनारी पीएनबी बैंक के समीप हुई। तेज रफ्तार पुलिस वाहन ने टक्कर मार दिया और मौके पर युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। उनका आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण युवक की जान गई। परिजनों के अनुसार कृपा शंकर तिवारी अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। घटना के बाद पुलिस ने बिना परिजनों को समय पर सूचना दिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि उन्हें पूरी रात इधर-उधर भटकाया गया और सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपते हुए अंतिम संस्कार करने को कहा गया। मृतक के पिता विमल तिवारी ने परिवार के भरण-पोषण के लिए उचित मुआवजा तथा एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक प्रशासन लिखित रूप से उचित आश्वासन नहीं देता, तब तक वे अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा रही कि पुलिस वाहन का चालक नशे की हालत में था। हालांकि पुलिस अधीक्षक ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा है कि चालक के नशे में होने की पुष्टि नहीं हुई है। उनके अनुसार संबंधित वाहन को जब्त कर लिया गया है तथा चालक का ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट और ब्लड सैंपल जांच के लिए लिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण संतुलन के लिए हर व्यक्ति लगाएं एक पौधा : राजेश्वर सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** वृक्ष ही जीवनदाता है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में पेड़-पौधों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि पेड़ नहीं रहेंगे तो जीव-जंतुओं और मनुष्यों को जीवनदायिनी ऑक्सीजन कहां से मिलेगी। यह बातें पाली निवासी राजेश्वर सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं भी अनेक वृक्ष लगाए हैं और लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं, बल्कि प्रदूषण को कम करने और तापमान नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। राजेश्वर सिंह ने कहा कि एक सामान्य पेड़ वर्षभर में बड़ी मात्रा में धूल और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वातावरण को स्वच्छ बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही एक बड़ा पेड़ अपने आसपास के क्षेत्र का तापमान भी कम रखने में सहायक होता है जिससे गर्मी के दिनों में लोगों को राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करते। वे सभी जीवों को समान रूप से ऑक्सीजन, छाया, फल और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। वर्तमान समय में लगातार बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण अंधाधुंध वृक्षों की कटाई है। यदि समय रहते पेड़ों का संरक्षण और बड़े पैमाने पर पौधारोपण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर पर्यावरणीय संकट का सामना करना पड़ेगा।

# राजकीय मध्य विद्यालय दावथ में तेज बारिश के बाद चरमरायी मध्याह्न भोजन व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ(रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय के ठीक सामने थाना के समीप स्थित राजकीय मध्य विद्यालय दावथ में शनिवार को हुई तेज बारिश के बाद मध्याह्न भोजन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई, क्योंकि रसोई घर में एक फीट से भी अधिक पानी भर गया और भोजन सामग्री, बर्तन, चूल्हे-चौकी सभी पानी में तैरने लगे। खाना बनाने के दौरान रसोइयों में अफरा-तफरी मच गई और बच्चों को समय पर भोजन नहीं मिल सका। प्रधानाध्यापक शिव योगी राम ने बताया कि विद्यालय के रसोई कक्ष की स्थिति वर्षों से जर्जर है और हर बरसात में यही हाल होता है। इसकी शिकायत विभाग को पहले भी दी जा चुकी है और जनप्रतिनिधियों को भी कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक न तो अतिरिक्त रसोई घर के निर्माण के लिए राशि मिली है और न ही कोई ठोस मरम्मत हुई है। उन्होंने कहा कि पानी भर जाने के कारण भोजन बनाना और बच्चों को सुरक्षित तरीके से भोजन कराना मुश्किल हो जाता है जिससे मध्यान भोजन योजना सीधे प्रभावित होती है और बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ पोषण भी बाधित होता है। यह विद्यालय प्रखंड मुख्यालय के इतने करीब है कि इसे हाई स्कूल और प्लस टू में उत्क्रमित करने की मांग भी लंबे समय से की जा रही है, लेकिन मूलभूत सुविधाओं का यह हाल चिंता बढ़ाता है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों की स्थिति कितनी बदतर होगी। पूर्व में समाचार प्रकाशित होने के बाद परिसर में थोड़ी मिट्टी भराई जरूर हुई थी, पर वह नाकाफी साबित हुई और अब भी परिसर के साथ-साथ कक्षाओं में भी पानी घुस जाता है। प्रधानाध्यापक की सबसे बड़ी चिंता यह है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं होगा, हर बारिश में बच्चों का भोजन और पढ़ाई दोनों खतरे में रहेंगे। उन्होंने प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय विधायक और सांसद से मांग की है कि शिक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्था को गंभीरता से लेकर दावथ विद्यालय के लिए तुरंत अतिरिक्त रसोई घर और जल निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चे बरसात में भी बिना रुकावट सुरक्षित भोजन पा सके।

# शराब तस्करी मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** चैनपुर थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने शराब मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। चैनपुर थाना पुलिस ने रामगढ़ गांव में छापेमारी कर शराब मामले में फरार चल रहे आरोपित विपिन कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी रामगढ़ गांव निवासी भोला राय का पुत्र बताया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि 11 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली थी कि हाटा-मेंढ़ पथ के रास्ते शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर जांच अभियान शुरू किया था।

# डीडीयू में टेक्नीशियन-प्रथम प्रमोद कुमार यादव का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के टीआरएस शेड, डीडीयू में टेक्नीशियन-प्रथम प्रमोद कुमार यादव (लगभग 52 वर्षीय) क्रेन ऑपरेशन के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें तत्काल रेलवे लोको अस्पताल, डीडीयू पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर चिकित्सा हेतु उन्हें एपेक्स हॉस्पिटल, वाराणसी रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान उनका दुःखद निधन हो गया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के निर्देश पर उपचार की पूरी अवधि एवं उसके उपरांत आवश्यक औपचारिकताओं के दौरान रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी निरंतर परिजनों के साथ रहे तथा उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया गया। दिवंगत श्री यादव के परिजनों को अंत्येष्टि हेतु तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

साथ ही मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर कार्मिक विभाग द्वारा डीसीआरजी, अवकाश नगदीकरण, समूह बीमा, स्टाफ बेनिफिट फंड तथा पारिवारिक पेंशन सहित अन्य देय सेवा-परिलाभों की प्रक्रिया प्राथमिकता एवं युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दी गई है।

# विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस के 11 मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर शनिवार को जिला न्यायालय सासाराम सहित डिहरी एवं बिक्रमगंज अनुमंडल न्यायालय में 138 एन आई एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत भवन में आयोजित उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज अनुज कुमार जैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार कृष्णदेव, एसीजेएम सुमित कुमार, जेएम भावना नंदा, जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मार्कंडेय सिंह, रोहतास बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुक्ति नारायण तिवारी एवं महासचिव अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सासाराम के लोक अदालत भवन में इसके लिए दो बेंचो का गठन किया गया था। पहले बैंच में एसीजेएम चतुर्थ सुमित कुमार एवं अधिवक्ता गोपाल कुमार वहीं दूसरे बेंच में जेएम भावना नंदा एवं अधिवक्ता बिंदु कुमारी को नियुक्त किया गया था। दोनों बेंचो के माध्यम से कुल तीन मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं डिहरी अनुमंडल न्यायालय में सात एवं बिक्रमगंज अनुमंडल न्यायालय में एक मामले का निष्पादन किया गया। इस प्रकार जिले में चेक बाउंस के 11 मामलों का निष्पादन किया गया।

# दहेज हत्या में पति सहित चार अभियुक्त दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** दहेज हत्या से जुड़े 3 साल पुराने एक मामले में सुनवाई करते हुए जिला जज पंचम की अदालत ने पति सहित चार लोगों को दोषी ठहराया। दोषी करार होने वालों में आकाश कुमार (पति), मीरा देवी (सास), श्रीनिवास प्रजापति (ससुर) एवं राजेंद्र प्रजापति (चचेरा ससुर) सभी अभियुक्त करगहर थाना क्षेत्र के मोहनपुर खरसान गांव के निवासी हैं। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अपर लोक अभियोजक सुदर्शन सिंह ने बताया कि उक्त घटना 3 साल पूर्व करगहर थाना क्षेत्र के मोहनपुर खरसान गांव में घटी थी। मामले की सूचिका अनीता देवी ने करगहर थाना में 16 दिसंबर 2023 को घटना की लिखित तहरीर दी थी जिसके आधार पर करगहर थाना कांड संख्या 483/2023 दर्ज हुआ था। अपने लिखित तहरीर में सूचिका ने बताया था कि उनकी पुत्री सुमन कुमारी की शादी चार साल पूर्व 27 अप्रैल 2022 को मामले के अभियुक्त आकाश कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही सभी अभियुक्त मिलजुल कर सुमन को दहेज में दो लाख रुपए एवं वाशिंग मशीन लाने के लिए दबाव बना रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर घटना की तिथि 16 दिसंबर 2023 को सभी अभियुक्तों ने मिलजुल कर सुमन की गला दबाकर हत्या कर दी थी। अभियोजन पक्ष के तरफ से इस मामले में कुल पांच गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई थी।

# डिहरी में मोटर वाहन क्लेम ट्रिब्यूनल व अपर समाहर्ता न्यायालय के स्थानांतरण की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल परिसर में खाली पड़े जवाहर न्यायालय भवन में मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम ट्रिब्यूनल एवं अपर समाहर्ता न्यायालय को स्थानांतरित करने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में डिहरी विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने रोहतास के समाहर्ता को पत्र लिखकर जनहित में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। पत्रांक 91/2026, 17 जुलाई 2026 के माध्यम से अधिवक्ता पाण्डेय ने बताया कि जनवरी माह में व्यवहार न्यायालय, डिहरी अपने नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित हो चुका है। इसके बाद डिहरी अनुमंडल परिसर स्थित पुराना जवाहर न्यायालय भवन पूरी तरह खाली पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम ट्रिब्यूनल एवं अपर समाहर्ता का न्यायालय डलमियानगर स्थित जर्जर भवन में संचालित हो रहा है जो डिहरी के पुराने न्यायालय परिसर से लगभग चार किलोमीटर दूर है। न्यायालय पहुंचने के लिए वादकारियों, अधिवक्ताओं और आम लोगों को प्रतिदिन डिहरी बाजार एवं डलमियानगर बाजार के भीषण जाम का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा वहां पार्किंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। अधिवक्ता पाण्डेय ने अपने पत्र में कहा कि यदि दोनों न्यायालयों को डिहरी अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित खाली पड़े जवाहर न्यायालय भवन में स्थानांतरित कर दिया जाए तो सभी न्यायिक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो जाएंगी। इससे वादकारियों और अधिवक्ताओं को काफी सुविधा मिलेगी तथा मामलों के त्वरित निष्पादन में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने समाहर्ता से जनहित, अधिवक्ता हित एवं मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम ट्रिब्यूनल एवं अपर समाहर्ता न्यायालय को डिहरी अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित खाली पड़े न्यायालय भवन में अविलंब स्थानांतरित करने की मांग की है।

# बुढ़वा शिव मंदिर : प्रसिद्धि की छाया में जीर्ण अवस्था से जूझ रही आस्था

## जीर्ण स्थिति से नवीकरण की प्रतीक्षा, ग्रामीणों से सहयोग की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ गांव का बुढ़वा शिव जी का मंदिर सदियों से आस्था, लोकविश्वास और चमत्कारों की कहानी समेटे हुए है। कहा जाता है कि जब इस गांव में बसावट नहीं थी, तब इस ऊंचे टीले पर चेरो जनजातियां निवास करती थीं। आज भी यहां मिट्टी की खुदाई में मिट्टी के घड़े, घरेलू बर्तन और अन्य अवशेष मिलते हैं जो उस प्राचीन सभ्यता का प्रमाण देते हैं। बुजुर्गों की मान्यता है कि बाद में यहां के शुरुआती निवासियों ने उन जनजातियों से संघर्ष कर उन्हें पलायन के लिए विवश किया और इसी स्थान पर स्वयंभू शिवलिंग प्रकट हुआ। लिखित प्रमाण न होने के बावजूद पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही कथाओं ने इस स्थान को पूज्य बना दिया। धीरे-धीरे लोगों का विश्वास बढ़ा और कहा जाने लगा कि यहां मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं। सबसे बड़ी मान्यता यह रही कि मरणासन्न व्यक्ति के लिए भी यहां जाप और आराधना करने से अकाल मृत्यु टल जाती थी। क्षेत्र में जब सूखा पड़ता और वर्षा नहीं होती थी तब दावथ, बोदाढी, कैलानी, बिठवां, सुंदर और डिहरा सहित दूर-दूर के गांवों के किसान दूध लेकर यहां एकत्र होते थे। शिवलिंग को दूध में डुबोते ही निश्चित वर्षा होने की लोकमान्यता इतनी गहरी थी कि इसे गारंटीड उपाय माना जाता था। सावन माह में तो इस मंदिर की रौनक देखते ही बनती थी। दिन-रात भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय कलाकारों की सोमवारी रातें यहां गूंजती थीं। बक्सर से पवित्र गंगा जल कांवर में भरकर लाने और बुढ़वा महादेव पर चढ़ाने की परंपरा आज भी जीवित है। प्रत्येक सोमवार को आसपास की महिलाएं यहां भजन-कीर्तन और शिव परिचर्चा करती हैं। इतना ही नहीं, प्रत्येक घर में शादी के बाद होने वाले 'चौठारी' रस्म का समापन भी इसी मंदिर में होता है जिससे यह मंदिर सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। कभी यह स्थान इतना प्रसिद्ध था कि दूर-दराज से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता था और पूरा क्षेत्र शिवमय हो जाता था। इतनी गौरवशाली परंपरा और लोक आस्था के बावजूद आज बुढ़वा शिव मंदिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। समय-समय पर श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा से सेवा की। वर्ष 2003 में महंत विश्वनाथ गिरी की धर्मपत्नी तेरगना कुंवर के द्वारा मंदिर के सभा कक्ष का जीर्णोद्धार भी कराया गया था, लेकिन बढ़ती जरूरतों और प्राचीन संरचना को बचाने के लिए वह पर्याप्त नहीं रहा। आज कुछ सज्जन व्यक्तिगत स्तर पर मंदिर को नया स्वरूप देने का प्रयास कर रहे हैं, पर मंदिर का विस्तार और संरक्षण एक बड़े आर्थिक सहयोग की मांग करता है। विशेषज्ञों और ग्रामीणों का मानना है कि केवल दावथ और आसपास के गांवों के भरोसे इतने बड़े कार्य को पूरा नहीं किया जा सकता। इसके लिए दूर-दूर तक फैले उन श्रद्धालुओं की मदद जरूरी है जिनकी आस्था कभी इस मंदिर से जुड़ी थी। लोग आज भी सावन में कांवर लेकर आते हैं। मंदिर समिति और स्थानीय लोग अब चाहते हैं कि बुढ़वा शिव के इस प्राचीन स्वरूप को बचाने के लिए सामूहिक पहल हो। उनका कहना है कि अगर समय रहते नवीकरण नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ियां इस ऐतिहासिक धरोहर को केवल किस्सों में ही सुनेंगी। इसलिए अब आवश्यकता है कि गांव-देहात से लेकर शहर तक के लोग आर्थिक और श्रम सहयोग के लिए आगे आएं। मंदिर को पुनः उसी भव्यता और प्रसिद्धि में लौटाना तभी संभव है जब सब मिलकर इसे अपना दायित्व समझें। बुढ़वा शिव जी का यह मंदिर सिर्फ ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान, कृषि जीवन से जुड़ी आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। आज समय की मांग है कि हम सब मिलकर इस आस्था के केंद्र को नया जीवन दें, ताकि आने वाले सावन में फिर से यहां भजन की गूंज, कांवरियों की भीड़ और वर्षा की प्रार्थना पहले जैसी जीवंत हो सके।


## आवश्यकता

### दुबहल पैक्स में प्रबंधक पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन

दुबहल पैक्स द्वारा दिनांक 16/7/26 को किए गए पैक्स प्रबंध समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रबंधक पद के लिए योग्य उम्मीदवार से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज पर अपना फोटो युक्त बायोडाटा, निवास प्रमाण पत्र और शैक्षणिक योग्यता से जुड़े प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगा कर कार्यालय अवधि में दिनांक 16/7/26 से दिनांक 24/7/26 तक पैक्स भवन छोटका करासन में जमा करा सकते हैं। टैली सहित कंप्यूटर से संबंधित प्रमाण पत्र भी आवश्यक है। प्रबंधन में डिप्लोमा को अधिमान्यता दी जाएगी। नियुक्ति प्रक्रिया का निर्णय पैक्स प्रबंधक के लिए निर्धारित पैक्स कार्मिक नीति के अनुसार की जाएगी। प्रबंधक का मानदेय पैक्स प्रबंध समिति द्वारा तय किया जाएगा। अंतिम तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**अध्यक्ष, दुबहल पैक्स**
**प्रखंड इमामगंज (गया जी)**

# डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय, राजस्व एवं तकनीकी विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन, विभागीय समन्वय मजबूत करने तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत सहयोग शिविर पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा से हुई। डीएम ने सभी विभागों को आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

वन विभाग की समीक्षा के दौरान कर्पूरी नगर पथ से नालापर रविदास टोला तक सड़क निर्माण के लिए वनभूमि अपयोजन से संबंधित लंबित प्रस्ताव पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग की समीक्षा में विभिन्न प्रखंडों में नए डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना के लिए भूमि उपलब्धता की प्रगति पर चर्चा हुई। अंचल अधिकारी काशीचक को जल्द भूमि चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं खंटागी-लवनी पथ निर्माण के लिए क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित गैर वन भूमि की उपयुक्तता का सत्यापन करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। भू-अर्जन मामलों की समीक्षा में न्यू हिसुआ बाईपास और गंगाजल आपूर्ति योजना फेज-02 के तहत मुआवजा भुगतान की प्रगति पर चर्चा हुई। डीएम ने शेष पात्र रैयतों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए बैठक में स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, श्रम, कल्याण, बाल संरक्षण, योजना, जीविका, पीएचईडी, भवन निर्माण और आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में सहायक समाहर्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, डीसीएलआर, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), निदेशक डीआरडीए, जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# रजौली में जनगणना के प्री-टेस्ट का दूसरा चरण पूरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** देश में आगामी फरवरी 2027 से शुरू होने वाली जनगणना की तैयारी के तहत रजौली में चल रहे प्री-टेस्ट का द्वितीय चरण शनिवार को संपन्न हो गया। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के अंतिम दिन जनगणना निदेशालय, पटना से आए सहायक निदेशक रोहित गुप्ता ने रजौली प्रखंड सभागार में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से विस्तार से फीडबैक लिया। कार्यक्रम में जनगणना के नोडल पदाधिकारी अनूप कुमार वर्मा और सौरभ कुमार भी उपस्थित थे। भारत सरकार द्वारा जनगणना 2027 को पूरी तरह पेपरलेस और तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से देशभर में प्री-टेस्ट कराया जा रहा है। बिहार में इसके लिए सोनपुर के अलावा नवादा जिले के रजौली प्रखंड को चुना गया है। रजौली में जोगियामारण, सिरोडावर और चितरकोली इन तीन पंचायतों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत शामिल किया गया है। प्री-टेस्ट की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी की गई। 1 से 3 जुलाई तक रजौली प्रखंड में 87 प्रगणकों और 15 पर्यवेक्षकों को नए जनगणना ऐप और प्रक्रिया को लेकर गहन प्रशिक्षण दिया गया। 4 और 5 जुलाई को ग्रामीणों द्वारा स्वगणना की प्रक्रिया अपनाई गई। इसके बाद 6 जुलाई से 18 जुलाई तक प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की टीम ने तीनों पंचायतों के प्रत्येक घर में जाकर परिवार के सदस्यों, आवास, शौचालय, पेयजल, आय और अन्य सामाजिक-आर्थिक बिंदुओं से संबंधित डाटा मोबाइल ऐप के माध्यम से संग्रहित किया। समापन सत्र में सहायक निदेशक रोहित गुप्ता ने सभी प्रगणकों से वन-टू-वन संवाद किया। उन्होंने ऐप में डाटा एंट्री, जीपीएस लोकेशन, फोटो अपलोड और नेटवर्क की समस्या को लेकर जानकारी ली। नोडल पदाधिकारी अनूप कुमार वर्मा ने बताया कि प्रगणकों ने फील्ड में आने वाली कुछ तकनीकी परेशानियों और ग्रामीणों के सवालों को लेकर सुझाव दिए हैं। सभी फीडबैक को एक रिपोर्ट के रूप में जनगणना निदेशालय को भेजा जाएगा, ताकि फरवरी 2027 में होने वाली वास्तविक जनगणना को और अधिक सुगम बनाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि प्री-टेस्ट के बाद अब 19 और 20 जुलाई को रिवीजनल राउंड चलाया जाएगा। इस दो दिवसीय अभियान में उन परिवारों को शामिल किया जाएगा जो पहले किसी कारणवश छूट गए थे। इसका उद्देश्य शत-प्रतिशत डाटा कवरेज सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक अभ्यास है। जनगणना 2027 की वास्तविक प्रक्रिया फरवरी माह से पूरे भारत में एक साथ शुरू होगी और इसमें कागज का उपयोग नहीं होगा।

## एक नजर

### खनन विभाग ने छापेमारी में 1500 घनफीट बालू जब्त, 19 लोगों पर प्राथमिकी

**नवादा।** जिले में अवैध खनिज कारोबार के खिलाफ जिला खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर खनन विभाग की टीम ने नगर थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर करीब 1500 घनफीट अवैध बालू का भंडारण पकड़ा है। विभागीय टीम ने मिर्जापुर मोहल्ला, कुर्मा गांव के समीप और केएलएस कॉलेज के पास कार्रवाई की.छापेमारी के दौरान पहले स्थान से करीब 500 घनफीट, दूसरे स्थान से 300 घनफीट और तीसरे स्थान से करीब 700 घनफीट अवैध बालू बरामद किया गया। पहले मामले में नगर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर मोहल्ले में सड़क किनारे मिले करीब 500 घनफीट अवैध बालू भंडारण को लेकर 10 लोगों को नामजद किया गया है। इनमें कौशल कुमार, मुकेश कुमार, पिंटू कुमार, कारू यादव, प्रमोद उर्फ लाखो, पप्पू कुमार, सूरज कुमार, लालू कुमार और पंकज कुमार शामिल हैं। वहीं दूसरे मामले में नगर थाना क्षेत्र के कुर्मा गांव के समीप से बरामद करीब 300 घनफीट अवैध बालू मामले में चुनचुन यादव, साधु यादव, मनीष कुमार, अजीत कुमार और चंदन उर्फ विक्रम को आरोपी बनाया गया है। खनन विभाग की तीसरी कार्रवाई नगर थाना क्षेत्र के केएलएस कॉलेज के समीप हुई. यहां अवैध रूप से भंडारित करीब 700 घनफीट बालू जब्त किया गया। इस मामले में श्रवण यादव, कमलेश यादव, सूरज कुमार और रंजीत यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है।

### अंचल कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार आयोजित

**कौआकोल।** कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में राजस्व अधिकारी अनीश कुमार एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने भूमि विवाद से संबंधित एक मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान एक पक्ष उपस्थित हुआ, जबकि दूसरा पक्ष अनुपस्थित रहा। दोनों अधिकारियों ने मामले के निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निपटारे के लिए दूसरे पक्ष को अगले जनता दरबार में उपस्थित होने का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों की उपस्थिति में मामले की सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर राजस्व कर्मचारी प्रकाश कुमार, लिपिक नीतीश कुमार सहित अंचल एवं थाना के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### वारिस पिया की मड़ही में श्रद्धालुओं की भीड़

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड के पाण्डेयगोंट स्थित वारिस पिया की मड़ही में आयोजित महान सूफी संत नंदबाबा के वार्षिकोत्सव (उर्स) के दूसरे दिन शनिवार को भी पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम लगातार जारी रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं फरियादी बाबा के दरबार में पहुंचकर माथा टेकते हुए आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार, रविवार को विशाल भंडारे के साथ इस भव्य समारोह का समापन होगा तथा बाहर से आए श्रद्धालुओं की विदाई की जाएगी। शुक्रवार से शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से वारसी अनुयायी पाण्डेयगोंट पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से पूरा गांव और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर है।शनिवार रात्रि में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए आयोजन समिति द्वारा कव्वाली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-तमाशे एवं अन्य प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। वहीं, पूरे आयोजन के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रुपौ थाना पुलिस मुस्तैदी से तैनात रही और आयोजन समिति के साथ समन्वय कर रही है।

### रामलाल इंटर विद्यालय में कौशल विकास व सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के तारगीर स्थित रामलाल इंटर विद्यालय में शनिवार को प्रधानाध्यापक राणा रंजीत आजाद के नेतृत्व में कौशल विकास एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वरोजगार एवं कौशल विकास, सिलाई, बिजनेस स्टडीज और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही इको क्लब के तहत 'जल जीवन' एवं 'सजग' अभियान के अंतर्गत हाथ धोने की आदत, विद्यालय और घर की स्वच्छता तथा कचरा प्रबंधन जैसे पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12 की छात्रा जिया, कक्षा 10 की साइमा और साइना तथा कक्षा 9 की शिवानी और सूफिया सहित अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# टी.एस. कॉलेज हिसुआ में शिक्षक संघ का गठन, डॉ. सुनील कुमार दुबे बने अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हिसुआ (नवादा)।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में शनिवार को शिक्षक संघ का सर्वसम्मति से गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया वरीय शिक्षक डॉ. भोला शंकर बर्नवाल की अध्यक्षता तथा मगध विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के पूर्व महासचिव डॉ. भारत भूषण के पर्यवेक्षण में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में प्रो. पवन कुमार शर्मा को संरक्षक, डॉ. सुनील कुमार दुबे को अध्यक्ष, डॉ. संजय कुमार चौहान को उपाध्यक्ष, डॉ. संजय कुमार को सचिव, डॉ. स्वर्गेश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा डॉ. शंभू नाथ प्रभाकर को संयुक्त सचिव चुना गया। वहीं डॉ. पूनम कुमारी और डॉ. नागेंद्र दास को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पर्यवेक्षक डॉ. भारत भूषण ने नवनिर्वाचित सचिव डॉ. संजय कुमार को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. भारत भूषण, डॉ. भोला शंकर बर्नवाल, डॉ. रजनीश देव, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. पीयूष मणि त्रिपाठी, डॉ. सुधा कुमारी, डॉ. दिव्या पांडेय, डॉ. प्रतिभा कुमारी, डॉ. पप्पू कुमार, डॉ. उपेंद्र मिश्रा, डॉ. मांडवी रानी, कर्मचारी संघ के सचिव मुकेश कुमार, संस्कृत सच्चिदानंद मिश्रा, डॉ. शेखर, राजेश कुमार, अनिल कुमार, अजय कुमार शर्मा, शैलेंद्र जी, रौशन कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पत्नी पर पति की हत्या का आरोप, शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां गांव में शनिवार को एक व्यक्ति का शव मूंग के खेत से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दरावां गांव निवासी संजय महतो के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर संजय महतो की पत्नी मंजू देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार महिला की निशानदेही पर मूंग के खेत से शव बरामद किया। इसके बाद मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, संजय महतो मूल रूप से सीमावर्ती आढ़ा गांव के रहने वाले थे और बाद में दरावां गांव में आकर बस गए थे। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि घटना शुक्रवार की है,जबकि पुलिस ने शनिवार को शव बरामद किया। शव के मुंह से झाग निकलने की बात भी सामने आई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक मौत के कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को बुलाया गया है। टीम साक्ष्य एकत्र की,जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया। प्रथम दृष्टया विभिन्न आशंकाएं जताई जा रही हैं,जिनमें कथित प्रेम-प्रसंग की चर्चा भी शामिल है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम व एफएसएल रिपोर्ट आने से पहले किसी भी कारण की पुष्टि करना उचित नहीं होगा। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। समाचार प्रेषण तक घटना की लिखित शिकायत किसी के द्वारा नहीं की गई है।

# विशेष लोक अदालत में एनआइ एक्ट के तीन मामलों का समझौते से निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन तथा सचिव अरविंद कुमार के सहयोग से आयोजित इस लोक अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार झा, प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय) गिरधारी उपाध्याय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय कुमार सिंह सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान न्यायिक दंडाधिकारी, पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक एवं डीएलएसए के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि विशेष लोक अदालत विवादों के त्वरित, सरल और सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की। डीएलएसए सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि विशेष लोक अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट के कुल तीन मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। पक्षकारों के बीच 5.75 लाख की समझौता राशि पर सहमति बनी, जबकि 1.60 लाख की राशि की वसूली भी सुनिश्चित कराई गई। लोक अदालत के दौरान पक्षकारों को आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण समाधान अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## नालंदा

# रहुई रोड स्टेशन पर राजगीर-पटना इंटरसिटी का ठहराव शुरू

## सांसद-विधायक ने दिखाई हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के रहुई रोड रेलवे स्टेशन पर शनिवार को 13353ध्54 राजगीरदृपटना इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की औपचारिक शुरुआत सांसद कौशलेंद्र कुमार एवं बिहारशरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर रहुई की जनता ने दोनों जनप्रतिनिधियों का फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया।सभा को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि रहुई रोड स्टेशन पर इस ट्रेन के ठहराव की मांग लंबे समय से की जा रही थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से लगातार पत्राचार और आग्रह के बाद इसकी स्वीकृति मिली। उन्होंने कहा कि सरमेरा-बिहटा मार्ग और डेंटल कॉलेज के कारण इस क्षेत्र में रेल सुविधा की आवश्यकता बढ़ गई थी। सांसद ने कहा कि रेलवे के विकास के लिए नालंदा में कई योजनाएं चल रही हैं, अमृत भारत योजना के तहत स्टेशनों का उन्नयन तथा बख्तियारपुर-तिलैया रेलखंड का दोहरीकरण होने से यात्रियों को और सुविधाएं मिलेंगी।विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि रहुई की जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव से छात्रों, किसानों, व्यापारियों और आम यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में जदयू जिलाध्यक्ष मो. अरशद सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# लंगोट मेला की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

## समय पर सभी व्यवस्थाएं पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** आगामी श्री श्री 108 श्री मणिराम बाबा लंगोट अर्पण एवं लंगोट मेला के सफल, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने शनिवार को बाबा मणिराम अखाड़ा ग्राउंड तथा आसपास के क्षेत्रों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मेला परिसर में विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आधारभूत सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई।गौरतलब है कि यह मेला 29 जुलाई से 6 अगस्त 2026 तक बाबा मणिराम अखाड़ा ग्राउंड में आयोजित होगा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि मेले से पहले सभी तैयारियां गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने मेला परिसर और आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने, पर्याप्त पेयजल, नियमित साफ-सफाई, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।डीएम ने कंट्रोल रूम को पूरी तरह सक्रिय रखने, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से त्वरित निपटने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं एसपी भारत सोनी ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्याप्त पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, प्रभावी भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण की कार्ययोजना लागू करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि प्रशासन और आयोजन समिति के समन्वित प्रयास से इस वर्ष भी लंगोट मेला श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक बनाया जाएगा।

### फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने के आरोप में हिलसा अनुमंडल कार्यालय का लिपिक निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हिलसा अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत निम्नवर्गीय लिपिक एवं रग्बी खिलाड़ी सुधांशु रंजन को कथित फर्जी दस्तावेजों और गलत तथ्यों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला पदाधिकारी के आदेश के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना की जांच में सामने आया कि सुधांशु रंजन ने 'बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2025' का लाभ लेने के लिए विभाग को भ्रामक जानकारी एवं कथित फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराए। इसे सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों का उल्लंघन मानते हुए जिला प्रशासन ने अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि सुधांशु रंजन के विरुद्ध पटना के कंकड़बाग और अगमकुआं थाना में भारतीय न्याय संहिता, अवैध हथियार रखने तथा शराब से जुड़े मामलों में प्राथमिकी दर्ज है। इन तथ्यों को भी सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के उल्लंघन के रूप में माना गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला स्थापना शाखा, नालंदा रहेगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। जिला पदाधिकारी ने हिलसा के अनुमंडल पदाधिकारी को निलंबन आदेश की तामिला कराने तथा साक्ष्यों सहित आरोप पत्र की तीन प्रतियां शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### पत्नी के घर छोड़ने से आक्रोशित युवक ने की चार वर्षीय भतीजे की कथित गला दबाकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इस्लामपुर।** नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मुजाहिदपुर गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। पत्नी के प्रेमी के साथ घर छोड़कर चले जाने से आक्रोशित युवक ने अपने ही चार वर्षीय भतीजे की कथित रूप से गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान निक्की लाल केवट के पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार शाम आयुष की मां रानी देवी अपने पति से वीडियो कॉल पर बात कर रही थीं। इसी दौरान आरोपी बल्ली केवट मासूम को बहला-फुसलाकर कमरे में ले गया और उसका गला दबा दिया। बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर उसे इस्लामपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी की पत्नी एक सप्ताह पहले अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर चली गई थी। आरोपी को संदेह था कि उसके छोटे भाई के परिवार की इसमें अप्रत्यक्ष भूमिका है। इसी प्रतिशोध में उसने वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद से आरोपी फरार है। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला गला दबाकर हत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### नालंदा के 26 ब्लैक स्पॉट होंगे सुरक्षित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर नालंदा जिले से गुजरने वाले तीन राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिन्हित 26 ब्लैक स्पॉट को सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप विकसित करने का कार्य तेज कर दिया गया है। पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल बिहारशरीफ के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर जेब्रा क्रॉसिंग एवं स्पीड ब्रेकर बनाए जा रहे हैं। एनएच-20 (पटना–रांची मार्ग) पर शेखपुरा और बिहारशरीफ की ओर स्थित ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा संबंधी कार्य जारी है। वहीं एनएच-82 (गया–राजगीर मार्ग) के दीपनगर, पिपलसर, नालंदा मोड़ और सिलाव बाजार स्थित ब्लैक स्पॉट पर भी जेब्रा क्रॉसिंग और स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जा रहा है। राणा बिगहा और कोरई क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक कार्य ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

# मनुष्य की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य: आचार्य साधना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**राजगीर।** राजगीर प्रखंड के विभिन्न गांवों एवं महादलित टोलों में निश्चय मित्र पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार और पोषण संबंधी सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को वीरायतन परिसर में राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से लाए गए 10 टीबी मरीजों के बीच वीरायतन की आचार्य साधना जी एवं साध्वी रोहिणी ने संयुक्त रूप से पोषाहार का वितरण किया। इस अवसर पर आचार्य साधना जी ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। टीबी जैसी बीमारी से पीड़ित मरीजों को उपचार के साथ समाज के सहयोग और संवेदनशील देखभाल की आवश्यकता होती है। उन्होंने लोगों से ऐसे मरीजों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की। अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि निश्चय मित्र योजना के तहत स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर स्क्रीनिंग कर टीबी मरीजों की पहचान कर रहे हैं। मरीजों को नियमित दवा, पोषाहार तथा साफ-सफाई और खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार और आवश्यक सावधानी बरतने से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है, इसलिए मरीजों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। डॉ. गौरव कुमार ने कहा कि समाजसेवी संस्थाएं एवं आम नागरिक स्वेच्छा से टीबी मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराकर इस अभियान में सहयोग कर सकते हैं। इससे मरीजों का मनोबल बढ़ता है और स्वस्थ होने की प्रक्रिया भी तेज होती है। कार्यक्रम में हेल्थ मैनेजर राजेश कुमार, एसटीएस मनोज कुमार, एसटीएलएस अभिषेक कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# बड़गांव छठ घाट का होगा जीर्णोद्धार, मिथिला हाट की तर्ज पर बनेगा नालंदा हाट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** नालंदा की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान राजगीर अनुमंडल के सिलाव प्रखंड स्थित बड़गांव छठ घाट का निरीक्षण कर जीर्णोद्धार कार्य की तैयारियों का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि चैती और कार्तिक छठ के अवसर पर यहां हजारों श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। डीएम ने कहा कि छठ महापर्व बिहार की आस्था और संस्कृति का प्रतीक है, इसलिए श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मिथिला हाट की तर्ज पर प्रस्तावित नालंदा हाट के स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि ह्वेनसांग मेमोरियल के समीप विकसित होने वाला यह हाट स्थानीय कला, हस्तशिल्प, लोक संस्कृति, खान-पान और ग्रामीण उत्पादों को बढ़ावा देगा तथा रोजगार और पर्यटन को नई दिशा देगा। पर्यटकों की सुविधा के लिए ह्वेनसांग मेमोरियल, नालंदा महाविहार, सूर्य मंदिर, बड़गांव तालाब और कुंडलपुर को बेहतर सड़क एवं आधारभूत सुविधाओं से जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। डीएम ने कमल सरोवर के संरक्षण, बर्ड वॉचिंग और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने, पुष्करणी तालाब में खेल अवसंरचना विकसित करने तथा पर्यटन स्थलों पर सड़क, प्रकाश, पार्किंग, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**थरथरी।** स्थानीय प्रखंड के दर्जनों सरकारी विद्यालयों में शनिवार को सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कचहरीया, भतहर, सलेमपुर, महानंदचक, गंगा विगहा, वस्ता, अतबल विगहा, छोटी छरियारी, सैदवरही, लखाचक समेत अन्य विद्यालयों में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इम्तियाज हुसैन, दिनेश प्रसाद, अनूराधा चंद्र प्रभाकर, संजय कुमार एवं रविरंजन कुमार ने बताया कि सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत इस सप्ताह बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि भोजन करने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोना आवश्यक है, ताकि हाथों के माध्यम से कीटाणु शरीर में प्रवेश न कर सकें। साथ ही प्रतिदिन दांतों की सफाई करने और साफ-सफाई की आदत अपनाने पर भी विशेष बल दिया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# सकरी नदी किनारे पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरियक।** पावापुरी थाना क्षेत्र के घोसरावां गांव स्थित सकरी नदी किनारे एक बगीचे में शनिवार को पेड़ से लटका अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान घोसरावां निवासी बुधन सिंह (50), पिता बद्री सिंह, के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वह गुरुवार से घर से लापता थे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को ग्रामीणों ने बगीचे में पेड़ से शव लटका देखा, जिसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। पावापुरी थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि मृतक कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. प्रेम कुमार

## जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गया जिला समाहरणालय में जिला पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर गयाजी एवं बोधगया से जुड़े विभिन्न विकासात्मक एवं जनहित के मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गया की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान के अनुरूप आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण तथा जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने गया नगर निगम क्षेत्र के लगभग 34 हजार घरों में गंगाजल आपूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष घरों तक शीघ्र जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने फल्गु नदी में सीवरेज सिस्टम के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की और इसे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर बल दिया, ताकि फल्गु नदी को प्रदूषणमुक्त बनाया जा सके तथा स्वच्छ पर्यावरण का लक्ष्य प्राप्त हो। बैठक में गांधी मैदान से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने मैदान में बेसहारा पशुओं के प्रवेश, गुलगुलिया समुदाय के अस्थायी निवास, डंपिंग प्वाइंट की समस्या, होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति सहित अन्य व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान शहर की पहचान है और इसे स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने गया एवं बोधगया कॉरिडोर परियोजना, गया सैटलाइट टाउनशिप तथा मानपुर बस स्टैंड के स्थानांतरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहर में यातायात व्यवस्था, पर्यटन तथा शहरी विकास को नई गति मिलेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के अंतर्गत बाछी (मादा बछड़ों) के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभावी योजना संचालित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पशुधन संरक्षण किसानों की आर्थिक समृद्धि से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। बैठक में राज्य सरकार के अधीन मठ एवं मंदिरों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में चल रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि धार्मिक संस्थानों की भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमानुसार प्रभावी ढंग से की जाए। उन्होंने बोधगया आने वाले देशी एवं विदेशी पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, यातायात, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, सूचना केंद्र एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाए जिससे पर्यटकों को विश्वस्तरीय अनुभव प्राप्त हो। बैठक में गया जिले में सुखाड़ की स्थिति की भी समीक्षा की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाए तथा जल संरक्षण एवं सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनएच-82, एनएच-83 तथा राज्य उच्च पथों के किनारे व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा जलवायु संतुलन के लिए सड़क किनारे अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं और उनके संरक्षण की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी के समग्र विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन संवर्धन एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से गया को एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित, आधुनिक एवं विश्वस्तरीय धार्मिक-पर्यटन नगर के रूप में विकसित किया जाएगा।

# दिव्या हत्याकांड की जांच को चिराग पासवान ने बनाई पांच सदस्यीय समिति, 48 घंटे में कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी/गया।** डोभी थाना क्षेत्र के अच्छावां गांव की लॉ की छात्रा दिव्या कुमारी हत्याकांड को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति ने शनिवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। जांच समिति का नेतृत्व प्रदेश छात्र प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं विधायक विष्णुदेव पासवान ने किया। समिति में प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कुमारी शोभा सिन्हा, विधायक विनीता मेहता, उदय कुमार सिंह और विमल राजवंशी शामिल रहे। पीड़ित छात्रा के पिता चमारी पासवान ने समिति को बताया कि 24 जून को बेटी के लापता होने के बाद वे आवेदन लेकर शेरघाटी थाना पहुंचे थे, लेकिन आवेदन लेने से इनकार कर दिया गया। उनका आरोप है कि नामजद आरोपी के प्रति पुलिस का रवैया शुरू से ही पक्षपातपूर्ण रहा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी बेटी ने पहले भी आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, लेकिन उस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। समिति ने गया के वरीय पुलिस अधीक्षक से फोन पर बातचीत कर मामले की जानकारी ली और मुख्य आरोपी राहुल यादव की गिरफ्तारी सहित आवश्यक कार्रवाई के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया। साथ ही शेरघाटी थानाध्यक्ष की कार्यशैली की जांच कराने और उचित कार्रवाई की मांग भी की। समिति ने कहा कि इस मामले में चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन के आधार पर पार्टी आगे की रणनीति तय करेगी। उल्लेखनीय है कि इस हत्याकांड में चतरा पुलिस पहले ही कथित सुपारी किलर नेपाली गुरु को गिरफ्तार कर चुकी है जबकि मुख्य आरोपी राहुल यादव अब भी फरार बताया जा रहा है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कंकड़बाग, पटना के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गृह विज्ञान विभाग परिसर में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में मेदांता अस्पताल से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रतिभागियों का वजन, रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), रैंडम ब्लड शुगर, ऑक्सीजन स्तर (एसपीओ), ईसीजी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया। शिविर में मगध विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर के आसपास स्थित गांवों से भी बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे और नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनस्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने प्रतिभागियों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, स्वच्छ जीवनशैली तथा समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के प्रति जागरूक किया। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से अनेक गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक अवस्था में ही पता लगाया जा सकता है जिससे उनका प्रभावी उपचार संभव हो पाता है। स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी ने इस जनहितकारी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले मेदांता अस्पताल की चिकित्सकीय टीम, विश्वविद्यालय प्रशासन तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय समुदाय एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना रहा।

# करंट से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव में शनिवार को खेत में काम करने के दौरान करंट लगने से एक 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान जोगापुर निवासी करू मंडल (22 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार करू मंडल धान की खेती की तैयारी के लिए अपने खेत में क्यारी (मेड़) बांधने गया था। इसी दौरान खेत के पास से गुजर रहे बिजली के तार की चपेट में वह आ गया। करंट लगते ही वह खेत में गिर पड़ा।

# हथियारबंद बदमाशों का धावा, परिवार को बंधक बना लाखों के जेवरात लूटे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के घुज्जी गांव में हथियारबंद बदमाशों ने एक घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को बंधक बना लिया और नगदी समेत सोने-चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार बदमाशों ने राजेंद्र प्रसाद यादव के घर को निशाना बनाया। उस समय घर में उनकी पत्नी सुंदरी देवी और बेटी मौजूद थीं। हथियार के बल पर तीनों को बंधक बनाकर बदमाशों ने घर में रखे करीब चार भर सोने के आभूषण, चांदी के जेवर तथा लगभग तीन हजार रुपये नकद लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी आसानी से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी के डीएसपी संदीप कुमार और सर्किल इंस्पेक्टर नेयाज अहमद मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

# किशोरियों एवं महिलाओं को अधिकार और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**शेरघाटी।** महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित 'सखी' वन स्टॉप सेंटर, शेरघाटी द्वारा शनिवार को प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, शेरघाटी में किशोरियों एवं महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को उनके संवैधानिक अधिकारों, कानूनी सुरक्षा तथा सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं महिलाओं को महिला अधिकार, लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा से संरक्षण, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा की रोकथाम, साइबर अपराध से बचाव तथा महिला हेल्पलाइन 181 की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि 'सखी' वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से हिंसा या उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को अस्थायी आश्रय, चिकित्सकीय सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, पुलिस सहायता, कानूनी सहायता तथा अन्य आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती है। वक्ताओं ने छात्राओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच संबंधित विभाग और हेल्पलाइन से सहायता लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 'सखी' वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक प्रिया कुमारी, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राज कुमार सिंह, शिक्षक अमित कुमार एवं ओम प्रकाश, शिक्षिकाएं खुशबू कुमारी और सुषमा कुमारी, जीविका की दीदी अधिकार केंद्र की सोनल कुमारी, प्रियंका कुमारी, रूबी कुमारी सहित विद्यालय की छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति सदैव जागरूक रहने का संकल्प लिया।

# घर में घुस सात लाख की चोरी, विरोध करने पर महिला पर फायरिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शहर के नया बाजार स्थित पावर ग्रिड के समीप एक मकान की खिड़की तोड़कर घर में घुसकर करीब सात लाख रुपये नकद और अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली। विरोध करने पर बदमाशों ने एक महिला पर फायरिंग कर दी। गोली महिला के बाजू को छूते हुए निकल गई जबकि धक्का-मुक्की में उन्हें चोट भी आई। घायल महिला का इलाज शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। गृहस्वामी किशोर कुमार गुप्ता ने बताया कि चोर घर में रखे करीब सात लाख रुपये नकद और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। वहीं घायल किशोरी देवी ने बताया कि बारिश होने पर वह बाहर रखे कपड़े उठाने निकली थीं। इसी दौरान कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दिए। विरोध करने पर एक बदमाश ने उन पर फायरिंग कर दी और धक्का देकर भाग निकला। शोर सुनकर परिवार के लोग जागे, लेकिन तब तक सभी चोर फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एएसआई संतोष राम ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है तथा अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# किरानी घाट पर जानलेवा गड्ढा से राहगीर परेशान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** किरानी घाट स्थित एक बड़ा गड्ढा राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है। पिछले कई दिनों से बना यह गड्ढा किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा है, लेकिन नगर निगम प्रशासन की नींद नहीं खुल रही है। स्थानीय युवा समाजसेवी एवं विशाल प्राइवेट आईटीआई, बोधगया के ट्रस्टी आकाश प्रियदर्शी ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने नगर निगम से अविलंब इस गड्ढे की मरम्मत की मांग की है। ताकि किसी बड़े हादसे को समय रहते रोका जा सके और स्थानीय लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

# मानव जीवन के लिए पौधा लगाना काफी लाभकारी

## रामेश्वर विद्यालय को हरा भरा बनाना, सुंदर फूलों से सुशोभित करना सभी लोगों का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेलागंज।** इको क्लब फॉर मिशन लाइफ अंतर्गत रामेश्वर प्रसाद प्लस टू विद्यालय बेलागंज के प्रांगण में पोधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने विद्यार्थियों को वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़ लगाना काफी महत्वपूर्ण और लाभकारी है सिर्फ पेड़ लगाने से नहीं होगा। उसकी सुरक्षा और सिंचित करके स्वस्थ पेड़ का रूप दिलाना भी मानव जीवन का कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामेश्वर विद्यालय को हरा भरा बनाना सुंदर फूलों से सुशोभित करना हम सभी लोगों का लक्ष्य होना चाहिए। अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए अच्छे वातावरण का होना भी अनिवार्य है। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों और शिक्षकों के द्वारा फल फूल का पौधा लगाया गया जिसमें नोडल शिक्षक इको क्लब राजेश कुमार राजू यूथ क्लब के नोडल प्रीति कुमारी मैथ एंड साइंस की नोडल शिक्षिका मधुबाला, रिंकी कुमारी सिंह, मानस कुमार, प्रेम रंजन कुमार, रिजवान उल्ला के साथ-साथ सुहानी कुमारी, सत्यम कुमार, पार्वती कुमारी, अंकित कुमार, ब्यूटी कुमारी, निशा भारती, रानी कुमारी, प्रिंस कुमार, राखी कुमारी, नैंसी सिंह, रीमा कुमारी, सलोनी कुमारी ने भाग लिया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम विद्यार्थियों को पेड़ों की सुरक्षा और विद्यालय को हरा भरा बनाए रखने के लिए जल जीवन हरियाली के कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू**

**मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिये राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण से संबंधित द्वितीय सूचना**

एतद् द्वारा पलामू जिला के प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर, चैनपुर, पाटन, पण्डवा, छत्तरपुर, हरिहरगंज, नावाबाजार, लेस्लीगंज, पाँकी, ऊँटारीरोड, विश्रामपुर, एवं सतबरवा के प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/पंचायत स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/जलाशयस्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में मत्स्य विभाग के जिला पलामू अन्तर्गत कुल 51 राजस्व जलकरों का वार्षिक सुरक्षित जमा निर्धारण कराया गया है। इनकी वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2028–29 तक तीन वर्षो के लिए मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती की जानी है।

जलकरों की बन्दोबस्ती लेने हेतु इच्छुक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों जो झारखण्ड सहकारिता अधिनियम 1935 एवं झारखण्ड स्वावलंबी सहकारिता समितियाँ अधिनियम 1996 के अन्तर्गत दिनांक 30/06/2026 तक निबंधित है, से बिहार सरकार, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के पत्रांक 114/दिनांक 18/01/1992, झारखण्ड सरकार सहकारिता विभाग के पत्रांक 1410/दिनांक 29/06/2011 एवं झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के पत्रांक सं0 275/दिनांक 17/03/2025 के आलोक में वांछित कागजातों के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। जलकरों की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है, अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (ए0 में) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | अंचल – ऊँटारीरोड | | | | |
| 1 | जोगा मछली घाट | 200 | 227 | 8.10 | 5.00 | 3450.00 | |
| 2 | मलवरिया मछली घाट | - | - | - | - | 3450.00 | |
| | | | अंचल – विश्रामपुर | | | | |
| 3 | सिगसिगी मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 | |
| 4 | रक्साहा मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 | |
| | | | अंचल – पाँकी | | | | |
| 5 | नावाडीह आहर | 34 | 387 | 3.26 | 2.30 | 15840.00 | |
| 6 | खाप तालाब | 43 | 179 | 0.52 | 0.50 | 4620.00 | |
| 7 | मंगलपुर नावाडीह–01 | 120 | 206 | 11.5 | 1.10 | 21835.00 | |
| 8 | लोहरसी तालाब | 122 | 1344 | 0.86 | 0.60 | 62100.00 | |
| 9 | कोटेया तालाब | 27 | 148 | 2.51 | 1.75 | 51500.00 | |
| | | | अंचल – पाटन | | | | |
| 10 | गंगतुआ तालाब | 63 | 71 | 1.7 | 1.45 | 9185.00 | |
| 11 | बरसौता तालाब | 78 | 574 | 2.44 | 2.22 | 14300.00 | |
| 12 | नावाखास तालाब | 186 | 1021 | 18 | 3.40 | 24035.00 | |
| 13 | दुसैयानी डेम | 9 | 34, 35 | 1.5 | 1.20 | 10340.00 | |
| 14 | सोले मछली घाट | - | - | 10.01 | 7.00 | 9200.00 | |
| 15 | उताकी चेक डेम | 36 | 574 | 2.59 | 1.50 | 6325.00 | |
| 16 | निमिया आहर | 60 | 257 | 1.4 | 1.20 | 5750.00 | |
| 17 | काजीतर दोहर तालाब | 159 | 556, 557 | 2.05 | 1.80 | 5500.00 | |
| 18 | नगेसर डूब तालाब | 62 | 336 | 3.16 | 3.00 | 20000.00 | |
| | | | अंचल – हुसैनाबाद | | | | |
| 19 | रूपनारायणपुर तालाब | 17 | 45 | 2.08 | 1.80 | 3245.00 | |
| 20 | गोदामी पोखर | 344 | 727 | 6 | 3.80 | 29700.00 | |
| 21 | जुड़ी बाँध | 32 | 84 | 6 | 5.00 | 21000.00 | |
| 22 | छठ पोखर | 171 | 79, 80 | 1.37 | 0.50 | 2500.00 | |
| 23 | डुमरहथ्था तालाब | 75 | 382 | 1.14 | 0.80 | 6900.00 | |
| | | | अंचल – पण्डवा | | | | |
| 24 | भूतहा आहर | 93 | 368 | 2.25 | 1.00 | 8970.000 | |
| 25 | सरैया डैम | 14 | 53 | 0.6 | 0.50 | 5175.00 | |
| | | | अंचल –चैनपुर | | | | |
| 26 | बोकेयाखुर्द तालाब | 61 | 336 | 1.97 | 1.60 | 4070.00 | |
| 27 | बुढ़ीवीर तालाब | - | - | 2 | 1.60 | 11550.00 | |
| 28 | अवसाने मछली घाट | - | - | - | - | 3300.00 | |
| 29 | रैनी बाँध | - | 227, 155 | 2.12 | 1.86 | 13805.00 | |
| 30 | नगवाँ तालाब | 71 | 570 | 3 | 2.60 | 23100.00 | |
| 31 | पथरा बाँध | 101 | 1192 | 1 | 0.75 | 5170.00 | |
| 32 | खपिया मछली घाट | - | - | - | - | 6900.00 | |
| | | | अंचल –नावाबाजार | | | | |
| 33 | कण्डा तालाब | - | - | 1 | 0.81 | 4255.00 | |
| 34 | रबदा तालाब | 20 | 227 | 0.81 | 0.50 | 5450.00 | |
| | | | अंचल –हरिहरगंज | | | | |
| 35 | तेन्दुआकला तालाब | 45 | 4 | 3.45 | 3.00 | 11550.00 | |
| 36 | ढेकचा आहर | 81 | 415 | 4.86 | 3.56 | 11500.00 | |
| 37 | कुशहानाला बाँध | 137, 138, 149 | 1314, 1307, 1275, 1276, 1303, 1315 | 8.78 | 8.00 | 13000.00 | |
| | | | अंचल –छत्तरपुर | | | | |
| 38 | करमाकला आहर(तालाब) | 32 | 184 | 0.7 | 0.50 | 13800.00 | |
| 39 | खाटिन तालाब | 88 | 517 | 1.5 | 0.40 | 4600.00 | |
| 40 | हेसला डैम | 83, 1 | 565, 619 | 21.28 | - | 28750.00 | |
| | | | अंचल –लेस्लीगंज | | | | |
| 41 | बाँसडीह तालाब | 59 | 427 | 2.5 | 1.70 | 9240.00 | |
| 42 | अम्बा मछली घाट | 1 | 75 | 2.4 | 1.60 | 3000.00 | |
| 43 | लेस्लीगंज पीट तालाब | 2 | 203 | 1 | 0.61 | 4500.00 | |
| 44 | कटौघा तालाब | 60 | 191, 197 | 0.32 | 0.25 | 1900.00 | |
| | | | अंचल –मेदिनीनगर | | | | |
| 45 | नावा पोखर | 59 | 452 | 4.1 | 1.50 | 9240.00 | |
| 46 | बड़का आहर | 83 | 1763 | 5.4 | 4.20 | 23000.00 | |
| 47 | झरीवा आहर | 190 | 732 | 3.6 | 1.50 | 9240.00 | |
| 48 | रजवाडीह तालाब | - | - | 1.5 | 1.10 | 11495.00 | |
| 49 | कोयल नदी घाट | - | - | - | - | 2310.00 | |
| 50 | डूबा टैंक | 42 | 168 | 2.16 | 2.00 | 13805.00 | |
| | | | अंचल –सतबरवा | | | | |
| 51 | पिपरा आहर | 87 | 121 | 3.31 | 3.31 | 3520.00 | |

**प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य है :–**

1. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
2. समिति के अद्यतन लेखों का अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
3. समिति के आमसभा की बैठक की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. कार्यकारिणी समिति का चुनाव से संबंधित कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व का सरकारी बकाया नहीं रहने से संबंधित प्रमाण पत्र।
6. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
7. पूर्व में बन्दोबस्ती ली गई जलकरों की समिति के सदस्यों को वितरण से संबंधित प्रतिवेदन।
8. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, पलामू द्वारा निर्गत/अभिप्रमाणित समिति के सदस्यों की सदस्यता सूची।

यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में स्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बन्दोबस्ती की सभी अहर्ताएँ पूरी करती हो तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति के साथ जलकर की बन्दोबस्ती कर दी जायेगी।

यदि कोई समिति डाक में भाग लेने वालो मत्स्यजीवी सहयोग समिति किसी कारणवश प्रस्ताव प्रस्तुत नही करती है ता वैसी स्थिति में प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले समिति के साथ बन्दोबस्ती कर दी जाएगीं।

यदि कोई मत्स्यजीवी सहयोग समिति निर्धारित तिथि तक अपना प्रस्ताव जिला मत्स्य कार्यालय में नहीं प्रेषित करता है तो वैसी स्थिति में तालाब/सैरात की बन्दोबस्ती खुली डाक से कर दी जाएगा।

**बन्दोबस्ती का प्रस्ताव उपरोक्त वांछित कागजातों के साथ दिनांक 31/07/2026 तक कार्यालय अविध में जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में जमा किया जाएगा।**

मो0 कमरूज्जमाँ
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 385296 Fish(26-27)#D

संपादकीय

# तसलीमा की कोलकाता वापसी!

चर्चित और बेबाक लेखिका तथा अपने देश बांगलादेश से निर्वासित तसलीमा नसरीन का 19 साल बाद कोलकाता लौटना पश्चिम बंगाल में नया राजनीतिक मुद्दा बन गया है। मुस्लिम कट्टरपंथी तसलीमा के आने का विरोध कर रहे हैं तो भाजपा इसे प्रदेश में बदले राजनीतिक माहौल का नतीजा बताकर उसका स्वागत कर रही है। गौरतलब है कि 'लज्जा' जैसे उपन्यास से चर्चित और मुस्लिम कट्टरपंथियों ने निशाने पर रहीं तसलीमा नसरीन आगामी 1 अगस्त को कोलकाता के रवींद्र सदन में आयोजित कट्टरता-विरोधी कवि-लेखक सम्मेलन में हिस्सा लेंगी और अपने कविता संग्रह 'बंदिनी' से कविताएं पढ़ेंगी, जो उन्होंने दिल्ली में नजरबंदी के दौरान लिखी थीं और जिनका केंद्र कोलकाता है। कार्यक्रम आयोजकों का कहना है कि तसलीमा की 20 साल बाद शहर में वापसी का उत्सव होगा। कोलकाता को अपना दूसरा घर बताने वाली तसलीमा की यह वापसी इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि उन्हें 2007 में हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद शहर छोड़ना पड़ा था। तसलीमा नसरीन मूलतः बांग्लादेश के मैमनसिंह की हैं और पेशे से डॉक्टर हैं। बाद में उन्होंने पूर्णकालिक लेखन को अपना पेशा बना लिया। महिलाओं के अधिकार, धर्मनिरपेक्षता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और धार्मिक कट्टरता पर उनके लेखन ने उन्हें दक्षिण एशिया की सबसे चर्चित लेखिकाओं में शामिल करा दिया। उन्होंने 40 से अधिक किताबें लिखी हैं, जिनका 30 से ज्यादा भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। उन्हें 1992 में 'निर्वाचित कॉलम' और 2000 में आत्मकथा 'आमार मेयेबेला' के लिए आनंद पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कार मिले। तसलीमा 1993 में प्रकाशित अपने उपन्यास 'लज्जा' से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आईं। इस उपन्यास में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों को दिखाया गया था। किताब और उनके अखबारों में लिखे लेखों के कारण बांग्लादेश में उनके खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, मौत की धमकियां मिलीं और फतवे जारी किए गए। 1994 में उन्हें अपना देश छोड़ना पड़ा। बांग्लादेश छोड़ने के पश्चात तसलीमा करीब 10 साल विदेश में रहने के बाद 2004 में भारत आईं और कोलकाता में बस गईं। तसलीमा नसरीन की मुश्किलें 1998 में उनकी आत्मकथा 'मेयेबेला' के प्रथम भाग के प्रकाशन के साथ शुरू हुईं। लेकिन बड़ा विवाद 2003 में इसके दूसरे भाग 'द्विखंडितो' के प्रकाशन के बाद शुरू हुआ। इस पुस्तक के कुछ अंशों को धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताया गया। उस समय पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्टों की सरकार थी, जो मुस्लिम तुष्टिकरण में भरोसा रखती थी। उधर तसलीमा का मामला कोर्ट तक पहुंचा। 18 नवंबर 2003 को कवि सैयद हसमत जलाल द्वारा दायर मानहानि याचिका पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने पुस्तक के प्रकाशन पर अंतरिम रोक लगाने की अनुमति दी। इसके दस दिन बाद तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार ने यह कहते हुए पुस्तक पर प्रतिबंध लगा दिया कि इससे सांप्रदायिक तनाव बढ़ सकता है। हालांकि 2005 में कलकत्ता हाईकोर्ट ने प्रतिबंध को रद्द करते हुए कहा कि पुस्तक का उद्देश्य किसी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था और सरकार का प्रतिबंध उचित नहीं है। इसी दौरान 2004 में केंद्र सरकार से अस्थायी रेजिडेंस परमिट मिलने के बाद तसलीमा कोलकाता आ गईं। लेकिन 'द्विखंडितो' को लेकर विवाद और विरोध खत्म नहीं हुआ। सरकार ने तसलीमा पर कोलकाता छोड़ने का दबाव बनाया। पिछले 10 वर्षों से वह दिल्ली में रेजिडेंट परमिट पर रह रही हैं। तसलीमा नसरीन की वापसी पर राजनीतिक बवाल शुरू हो गया है। भाजपा का कहना है कि पिछली वामपंथी और तृणमूल कांग्रेस सरकारों ने वोट बैंक की राजनीति के कारण उन्हें कभी कोलकाता लौटने नहीं दिया। हालांकि तसलीमा खुद कई बार कह चुकी हैं कि वह किसी राजनीतिक दल के हाथों की फुटबॉल नहीं बनना चाहतीं।

# डिजिटल भारत पर साइबर अपराध का साया

**जनवरी 2026 में दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया था, जिसने खुद को आतंकवाद निरोधक अधिकारियों के रूप में प्रस्तुत कर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की। इसी दौरान राजधानी में चीनी ऐप्स के माध्यम से ई-रिक्शा चालकों को निशाना बनाकर यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने और लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की घटनाएँ भी सामने आईं। ये घटनाएँ केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं हैं, बल्कि इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि डिजिटल युग में अपराध का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। आज अपराधी बंदूक नहीं, बल्कि मोबाइल फोन, लैपटॉप और इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में साइबर अपराध केवल आर्थिक नुकसान का विषय नहीं रह गया, बल्कि यह देश की सुरक्षा, सामाजिक विश्वास और आर्थिक विकास के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।**

**नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'**

भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। यूपीआई ने भुगतान व्यवस्था को सरल बनाया है, आधार ने पहचान को मजबूत किया है और सरकारी सेवाएँ तेजी से ऑनलाइन हुई हैं। डिजिटल क्रांति ने आम नागरिक का जीवन आसान बनाया है, लेकिन हर नई सुविधा अपने साथ कुछ नई चुनौतियाँ भी लेकर आती है। जिस इंटरनेट ने दूरियाँ मिटाईं, उसी ने अपराधियों को भी सीमाओं से परे जाकर अपराध करने की ताकत दे दी। यही कारण है कि साइबर अपराधों की संख्या और उनसे होने वाला आर्थिक नुकसान लगातार बढ़ रहा है।

साइबर अपराध की सबसे चिंताजनक विशेषता यह है कि इसकी कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती। दुनिया के कई देशों में बैठे अपराधी भारत के नागरिकों को अपना निशाना बना रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ क्षेत्रों में संगठित साइबर ठगी के ऐसे नेटवर्क विकसित हो चुके हैं, जहाँ हजारों लोग औद्योगिक स्तर पर ऑनलाइन ठगी का कारोबार चला रहे हैं। कई बार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर इन ठगी केंद्रों में पहुँचाया जाता है और फिर उनसे दुनिया भर के लोगों को फर्जी कॉल, नकली निवेश योजनाओं और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे हथकंडों के माध्यम से ठगा जाता है। यह अपराध अब किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि संगठित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का रूप ले चुका है।

भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाले साइबर अपराधों में 'डिजिटल अरेस्ट' सबसे खतरनाक माना जा रहा है। इसमें अपराधी स्वयं को पुलिस, सीबीआई, कस्टम या किसी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं। वीडियो कॉल पर नकली पहचान दिखाकर यह विश्वास दिलाया जाता है कि उनका आधार कार्ड किसी अपराध में इस्तेमाल हुआ है। भय और घबराहट में लोग अपनी जीवनभर की जमा-पूंजी अपराधियों के खातों में भेज देते हैं। यह अपराध केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक शोषण का भी उदाहरण है, क्योंकि इसमें पीड़ित के मनोविज्ञान का लाभ उठाया जाता है।



साइबर अपराध का दूसरा बड़ा रूप निवेश संबंधी धोखाधड़ी है। सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स के माध्यम से लोगों को कम समय में अधिक मुनाफे का लालच दिया जाता है। फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, नकली क्रिप्टो योजनाएँ और बनावटी निवेश कंपनियाँ लोगों को आकर्षित करती हैं। शुरुआत में थोड़ा लाभ देकर विश्वास जीता जाता है और फिर बड़ी रकम निवेश कराने के बाद पूरा पैसा गायब कर दिया जाता है। ऐसे मामलों में मध्यम वर्ग और सेवानिवृत्त लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

साइबर अपराध केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं है। देश के अस्पताल, बैंक, सरकारी संस्थान और महत्वपूर्ण डिजिटल ढाँचे भी इसके निशाने पर हैं। रैनसमवेयर हमलों में अपराधी संस्थानों का पूरा डेटा लॉक कर देते हैं और उसे खोलने के बदले भारी रकम की मांग करते हैं। यदि किसी अस्पताल, बिजली व्यवस्था, रेलवे या बैंकिंग प्रणाली पर ऐसा हमला सफल हो जाए तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि जनजीवन पर भी गंभीर पड़ सकता है। इसलिए साइबर सुरक्षा अब राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है।

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने साइबर अपराध को और अधिक जटिल बना दिया है। डीपफेक तकनीक के माध्यम से किसी भी व्यक्ति की आवाज़ और चेहरा हूबहू तैयार किया जा सकता है। अपराधी परिवार के सदस्य, अधिकारी या परिचित बनकर लोगों को आसानी से धोखा दे रहे हैं। ऐसे वीडियो और ऑडियो देखकर सामान्य व्यक्ति के लिए असली और नकली में अंतर करना कठिन होता जा रहा है। इसलिए भविष्य की साइबर सुरक्षा केवल तकनीक पर नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकों पर भी निर्भर करेगी। साइबर अपराध का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव समाज में विश्वास का टूटना है। यदि लोगों को डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन बैंकिंग, ई-गवर्नेंस और डिजिटल पहचान पर भरोसा नहीं रहेगा, तो डिजिटल अर्थव्यवस्था की गति भी धीमी पड़ जाएगी। एक सफल डिजिटल राष्ट्र केवल आधुनिक तकनीक से नहीं बनता, बल्कि उस तकनीक पर लोगों के विश्वास से बनता है। इसलिए साइबर सुरक्षा आर्थिक विकास की भी अनिवार्य शर्त है।

इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, हेल्पलाइन 1930 और विभिन्न जांच एजेंसियाँ लगातार सक्रिय हैं। समय रहते शिकायत दर्ज होने पर कई मामलों में ठगी गई राशि को वापस भी दिलाया गया है। फिर भी अपराधियों की बदलती तकनीक को देखते हुए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। समाज, निजी क्षेत्र और नागरिकों की समान भागीदारी आवश्यक है। सबसे पहले देश में साइबर साक्षरता को जन आंदोलन बनाना होगा। जैसे स्वच्छता और वित्तीय साक्षरता पर व्यापक अभियान चलाए गए, उसी प्रकार डिजिटल सुरक्षा की जानकारी भी स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों तक पहुँचानी होगी। लोगों को यह समझाना होगा कि कोई सरकारी अधिकारी वीडियो कॉल पर पैसे नहीं मांगता, कोई बैंक ओटीपी साझा करने के लिए नहीं कहता और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करना भारी नुकसान का कारण बन सकता है।

इसके साथ ही साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की संख्या बढ़ानी होगी। आधुनिक तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों में साइबर सुरक्षा को विशेष महत्व देना समय की मांग है। निजी कंपनियों को भी अपने नेटवर्क की सुरक्षा में निवेश बढ़ाना होगा, क्योंकि एक छोटी सी चूक लाखों ग्राहकों की जानकारी को खतरे में डाल सकती है।अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। चूँकि अधिकांश साइबर अपराध सीमाओं के पार से संचालित होते हैं, इसलिए केवल घरेलू कानून पर्याप्त नहीं होंगे। विभिन्न देशों के बीच सूचना साझा करना, अपराधियों के प्रत्यर्पण की व्यवस्था और संयुक्त कार्रवाई ही इन नेटवर्कों को प्रभावी ढंग से समाप्त कर सकती है।

हमें यह समझना होगा कि डिजिटल भारत का भविष्य केवल तेज इंटरनेट, आधुनिक ऐप्स और ऑनलाइन सेवाओं से सुरक्षित नहीं होगा। उसकी असली ताकत जागरूक नागरिक, मजबूत साइबर सुरक्षा व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में निहित है। जिस प्रकार सड़क, रेल और बंदरगाह किसी राष्ट्र की भौतिक प्रगति का आधार होते हैं, उसी प्रकार सुरक्षित साइबर दुनिया उसकी डिजिटल प्रगति की नींव है। यदि समय रहते इस चुनौती का प्रभावी समाधान नहीं किया गया, तो साइबर अपराध हमारी आर्थिक उपलब्धियों और सामाजिक विश्वास दोनों को गहरी चोट पहुँचा सकता है। इसलिए अनियंत्रित साइबर अपराध पर नियंत्रण केवल एक प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की अनिवार्य शर्त है।

अध्यात्म

## जीवन में समस्याएं कभी पूरी तरह खत्म नहीं होतीं

महाभारत में पांडवों का वनवास काल चल रहा था, उस समय उनका जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। कभी भोजन की चिंता होती, कभी रहने की, तो कभी आने वाली चुनौतियों की चिंताएं सदा ही बनी रहती थीं। इतने कष्टों के बीच भी युधिष्ठिर अपने मन को शांत और संतुलित रखने का प्रयास करते रहते थे। एक दिन वन में युधिष्ठिर एक शांत स्थान पर बैठे थे। चारों ओर हरियाली थी, पक्षियों की मधुर आवाजें वातावरण को सुखद बना रही थीं। वे आंखें बंद करके ध्यान में लीन हो गए। कुछ समय बाद जब उनका ध्यान पूरा हुआ, तो उनके चेहरे पर अद्भुत शांति और प्रसन्नता दिखाई दे रही थी। उसी समय द्रौपदी वहां पहुंचीं। द्रौपदी ने युधिष्ठिर के चेहरे की खुशी देखकर आश्चर्य से पूछा, 'आप इतने दुखों के बीच भी इतने प्रसन्न कैसे रह सकते हैं? आप तो भगवान पर बहुत विश्वास करते हैं। जब आप ध्यान करते हैं, तो निश्चित ही भगवान से बात करते होंगे। फिर उनसे यह क्यों नहीं पूछते कि हमारे जीवन में इतनी परेशानियां क्यों हैं? हम कब तक इन कठिन परिस्थितियों का सामना करेंगे? द्रौपदी ने अपने मन की पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा, 'हम वर्षों से वनवास सह रहे हैं। कभी थोड़ा सुख मिलता है, तो उसके बाद बड़ी परेशानी आ जाती है। कई बार तो भोजन और पानी तक की चिंता करनी पड़ती है। क्या भगवान से यह नहीं पूछा जा सकता कि हमारे जीवन में इतने कष्ट क्यों हैं? युधिष्ठिर ने शांत भाव से उत्तर दिया, 'देवी, जब मैं ध्यान में भगवान से जुड़ता हूं, तो उनसे कुछ मांगने या शिकायत करने के लिए नहीं जुड़ता। यदि मैं उनसे केवल अपनी इच्छाएं पूरी करने की मांग करूं तो यह प्रेम नहीं, बल्कि एक प्रकार का सौदा होगा। उन्होंने आगे कहा, 'मैं भगवान से इसलिए जुड़ता हूं, क्योंकि उनसे जुड़ने पर मेरे मन को शांति और प्रसन्नता मिलती है। यही प्रसन्नता मेरी सबसे बड़ी शक्ति बन जाती है। जीवन में जब कठिन समय आता है, तो यही आंतरिक शक्ति मुझे धैर्य देती है और संघर्षों से लड़ने की क्षमता देती है। युधिष्ठिर ने संदेश दिया कि बाहरी परिस्थितियां हमेशा हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, लेकिन अपने मन की स्थिति को संभालना हमारे हाथ में होता है। जो व्यक्ति कठिन समय में भी अपने भीतर शांति और सकारात्मकता बनाए रखता है, वह बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना कर सकता है।

**सीख:** अक्सर लोग सोचते हैं कि जब समस्याएं खत्म होंगी, तभी वे खुश होंगे, लेकिन जीवन में समस्याएं कभी पूरी तरह समाप्त नहीं होतीं। हमें परिस्थितियों के बीच भी संतुलन बनाना सीखना चाहिए। बाहरी सफलता से ज्यादा जरूरी है भीतर की प्रसन्नता।

# लंबी जंग की तैयारी में सक्षम होता भारत

**आपरेशन सिंदूर की छोटी लड़ाई के बाद भारत रक्षा-रणनीति में बदलाव के ऐसे संकेत दे रहा है कि पाकिस्तान या अन्य किसी देश से लंबी लड़ाई भी लड़नी पड़े तो उसकी युद्ध क्षेत्र में सक्षमता बनी रहे। नतीजतन पिछले सवा साल में भारत ने हथियार व अन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है अथवा उसकी तैयारी चल रही है। अतएव स्पष्ट संकेत है कि तीनों सेनाओं को अब सीमित जवाबी कार्यवाही के लिए नहीं, बल्कि लंबी और बहुस्तरीय लड़ाई के लिए तैयार किया जा रहा है। रक्षा क्रियान्वयन सलाहाकार परिषद् ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत हुए संघर्ष के बाद 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपए हैं। यह राशि कई वर्शों में धीरे-धीरे खरीद सौदों, निर्माण कार्यों और योजनाओं के आधुनिकीकरण पर खर्च होगी। हाल ही में भारतीय निजी उद्योगपतियों को भी बड़ी रक्षा सामग्री के निर्माण की अनुमति दी हैं।**

**प्रमोद भार्गव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन नौसेनिक जहाजों आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को नौसेना के बेड़े को सुपुर्द करते हुए कहा है कि 'कोई भी राष्ट्र समुद्र में अपनी क्षमता बढ़ाए बिना बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है। ये संकेत स्पष्ट करते हैं कि ये तैयारियां भारत को सामरिक दृष्टि से वैश्विक पटल पर महत्वपूर्ण बना रही हैं। इन खरीदों में टैंक, तोप, ड्रोन, एयरडिफेंस इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और लंबी दूरी के सटीक हमले के लिए एआई नेटवर्क आधारित युद्ध क्षमता को विकसित करने के बड़े संकेत हैं। दरअसल रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास और अमेरिका-ईरान तथा पश्चिम एशिया के देशों में चल रहे युद्ध को देखते हुए भारत की सैन्य सोच बदली है। हालांकि पनडुब्बियों और पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की भी बड़ी संख्या में जरूरत है। भारत ने मार्च 2025 में 54 हजार करोड़, जुलाई में 1.05 लाख करोड़, अगस्त में 67 हजार करोड़, अक्टूबर में 79 हजार करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद के प्रस्ताव अलग-अलग देशों को दिए है। फरवरी 2026 में 3.6 लाख करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद प्रस्तावों को मंजूरी देने के साथ 114 नए राफेल विमान भी खरीदे जा रहे हैं। इसी माह जुलाई में 52 हजार करोड़ की सामग्री सैन्य-बलों की जंगी क्षमता बढ़ाने के लिए दिए गए हैं। साफ है, भविष्य में भारत का किसी देश से युद्ध होता हैं तो वह लंबी लड़ाई की सामर्थ्य दिखाने में अग्रणी रहेगा।

स्वदेशी तकनीक से निर्मित जो तीन युद्धपोत सेना में शामिल किए गए हैं, उनसे वाकई भारत की समुद्र में ताकत बढ़ी है, क्योंकि बीते कुछ वर्शों में 40 से अधिक स्वदेश में ही निर्मित युद्धपोत और पनडुब्बियां समुद्र में तैनात कर दिए हैं। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने वाले ये जहाज और पनडुब्बियां भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ देश की औद्योगिक क्षमता बढ़ाने वाली है। आने वाले दिनों में इनके निर्यात के द्वार भी खुल जाएंगे। अतएव पश्चिम बंगाल देश की ब्लू इकोनोमी का बड़ा केंद्र बन जाएगा।

भारत में नौसैनिकों की सुविधाओं के लिए 45 बड़े प्लेटफॉर्म भी तैयार किए जा रहे हैं। आईएनएस दूनागिरी अत्याधुनिक हथियारों और संवेदनशील प्रणालियों के साथ ब्रह्मोस मिसाइल से संपन्न है। ब्रह्मोस सतह से सतह और सतह से आकाश तक शत्रु पर सटीक हमला करने में युद्धपोत पर लगे नवीनतम उपकरण एवं स्टेल्थ तकनीक के कारण यह मिसाइल रडार की पकड़ में नहीं आती है। इसकी इस विलक्षणता के चलते ब्रह्मोस मिसाइल को दूसरे देश भी खरीद रहे हैं। आईएनएस संशोधक देश का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत है। इसे तटीय क्षेत्रों व गहरे समुद्री इलाकों में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने तथा रक्षा एवं नगरिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। आईएनएस अग्रय पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है। उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य खतरों का मुकाबला करने में इसे अत्यंत प्रभावी माना जा रहा है। यह टारपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले जल के लिए विकसित सोनार प्रणाली से लैस है। इसके चलते समुद्र के भीतर गुप्त खतरे का इसे पता चल जाता है। स्वदेशी युद्धपोत निर्माण की इस क्षमता ने भारत को पोत निर्माण में आत्मनिर्भर बना दिया है। इस उपलब्धि से समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा का अभियान और प्रभावी ढंग से चलाया जा सकेगा।

इसके पहले भारत स्वदेशी तकनीक से परमाणु पनडुब्बी आईएनएस 'अरिहंत' का निर्माण 2009 में शुरू करके 2013 में इसे समुद्र में जलावतरण भी कर चुका है। इस स्वदेशी परमाणु चालित पनडुब्बी अरिहंत का परमाणु रिएक्टर चालू होना हमारी स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम था। यह उपलब्धि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों और इस परियोजना से जुड़े तकनीकि व रक्षा विशेषज्ञों के संयुक्त प्रयास का परिणाम थी। इससे हमारी सैन्य क्षमताओं में आश्चर्यजनक बढ़ोतरी हुई है। इस उपलब्धि के हासिल हो जाने के बाद हम समुद्र के भीतर से दुश्मन देशों पर हमला करने में सक्षम हुए हैं। यह आयुध-युक्त पनडुब्बी पांच हजार किमी तक मार करने वाली परमाणु मिसाइल को पानी के भीतर से ही निशाने पर छोड़ सकती है। गोया यह तकनीक हमारी रक्षा प्रणाली में मील का पत्थर साबित हुई है। इसी तरह स्वदेशी विमानवाहक पोत 'विक्रांत' का भी जलावतरण हो चुका है। परमाणु पनडुब्बी निर्माण के क्षेत्र में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और ब्रिटेन के बाद भारत छठे देश की कड़ी में शामिल हो गया है। भारत अब पनडुब्बी निर्माण के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर है। पहले से ही नौसेना के पास 15 पारंपरिक और दो परमाणु हथियार संपन्न पनडुब्बियां हैं। इनके अलावा 150 युद्धपोतों के बेड़े में 12 डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियां भी हैं। पनडुब्बियों की संख्या बढ़ाने के लिए 55000 करोड़ रुपए से छह पनडुब्बियों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 'रक्षा-अधिग्रहण परिषद्' (डीएसी) की बैठक में यह अनुमति दी गई है। मझगांव डॉक्स, निजी पोत निर्माण कंपनी एलएंडटी और नौसेना के बीच प्रोजेक्ट-75 इंडिया के तहत ये पनडुब्बियां स्वदेशी तकनीक से निर्मित की जा रही हैं। मेक इन इंडिया परियोजना के तहत यह अब तक की सबसे बड़ी परियोजना है। इस परियोजना को पूरी होने में सात वर्ष का समय लगेगा। इस परियोजना के तहत घरेलू कंपनियों को देश में ही अत्याधुनिक सैन्य उपकरण निर्माण के लिए विदेशी रक्षा कंपनियों से करार की अनुमति होगी। साफ है, रक्षा उपकरणों के आयात पर निर्भरता घटेगी। हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी सेना की बढ़ती मौजूदगी के मद्देनजर पनडुब्बियों के स्वदेशी स्तर पर निर्माण को अत्यंत अहम् माना जा रहा है। वैश्विक नौसेना विश्लेषकों के मुताबिक चीन के पास इस समय 50 से ज्यादा पनडुब्बी और करीब 350 पोत हैं।2014 में भारत का कुल रक्षा उत्पादन 40 हजार करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 1.8 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इस तथ्य से साफ है कि देश रक्षा सामग्री उत्पादन में आत्मनिर्भर हो रहा है। पहले भारत सैन्य हथियार, वाहन और उपकरणों के निर्माण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों पर ही निर्भर था। नतीजतन रक्षा सामग्री का निर्माण अत्यंत धीमी गति से हो रहा था। कागजी कार्यवाही पूरी करने में ही लंबा समय बीत जाता था। किंतु जबसे निजी क्षेत्र को रक्षा सामग्री उत्पादन की अनुमति दी है, तब से निरंतर उत्पादन में वृद्धि के साथ, निर्यात भी बढ़ता जा रहा है। यह निर्यात वर्तमान में 38 हजार करोड़ रुपए के लगभग है। अब 80 देशों को भारत निर्मित हथियार, वाहन और अन्य उपकरण निर्यात किए जा रहे हैं। 2029 तक रक्षा निर्यात 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। साफ है, रक्षा सामग्री उत्पादन संस्थान अब भारतीय सेना की जरूरतों की पूर्ति के साथ विदेशी पूंजी निर्माण में भी अहम् भूमिका निभा रही है। नौसेना की ताकत बढ़ाना इसलिए जरूरी है, क्योंकि चीन दक्षिण चीन सागर में नौसेना की ताकत न केवल बढ़ा रहा है, बल्कि दूसरे देशों के सागर क्षेत्र में भी घुसपैठ करने में लगा है। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारतीय नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में अपना युद्धपोत तैनात कर दिया है। इसके अलावा नौसेना ने चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में आने वाले अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के नजदीक मलक्का स्ट्रेट में चीनी नौसेना के प्रवेश द्वार के निकट भी जहाज तैनात किए हैं, जिससे चीन की षड्यंत्रकारी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। यहीं से चीन के कई माल-वाहक जहाज अन्य महाद्वीपों में आते-जाते हैं। जहाजों की इन तैनातियों से भारतीय नौसेना ने पूर्वी और पश्चिमी दोनों ही मोर्चों पर किसी भी चुनौती से निपटने के लिए कमर कसी हुई है।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
नया व्यवसाय आरम्भ कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग से आपके सम्बन्ध अच्छे बनाये रखें। जॉब में स्थानान्तरण मिलने की सम्भावना बन रही है।

**वृषभ**
यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिये दिन बहुत अच्छा है। पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी।

**मिथुन**
विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान का भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा।

**कर्क**
पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है। आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिये।

**सिंह**
व्यवसाय को लेकर कड़े निर्णय ले सकते हैं। आज आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जायेंगे। सन्तान के करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी।

**कन्या**
पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है। सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी।

**तुला**
अपने स्वभाव में लचीलापन बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ने की आशंका है। करियर को लेकर अत्यन्त आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे।

**वृश्चिक**
जॉब में आपको बदलाव करने से बचना चाहिये। घुटनों और पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवसाय में टीमवर्क की भावना का ध्यान रखें।

**धनु**
आज आप अत्यधिक प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे। काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक सम्बन्ध और सुदृढ़ होंगे।

**मकर**
आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारी मिलने की सम्भावना है। आज आपके चलते हुये कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है।

**कुंभ**
अपने मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमीजन से झगड़ा हो सकता है। सन्तान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी।

**मीन**
गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं। व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी।

# नैनो यूरिया की आड़ में शराब तस्करी की बड़ी साजिश नाकाम






## पालीगंज पुलिस ने की कंटेनर में खाद की बोरियों के बीच छिपाकर लाई जा रही 863.1 लीटर अंग्रेजी शराब की खेप जप्त,दो तस्कर गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए यूरिया एवं नैनो यूरिया खाद की बोरियों के बीच छिपाकर लाई जा रही 863.1 लीटर अंग्रेजी शराब की खेप बरामद की है। पुलिस ने कंटेनर ट्रक को जब्त करते हुए उत्तर प्रदेश के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि शराब की यह खेप चंडीगढ़ से पटना के जीरो माइल लाई जा रही थी। जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अरवल मोड़ के समीप एक संदिग्ध कंटेनर ट्रक खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही ट्रक के पास मौजूद दो व्यक्ति भागने लगे, लेकिन जवानों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद कंटेनर की तलाशी ली गई, जिसमें यूरिया एवं नैनो यूरिया खाद की बोरियों के बीच छिपाकर रखे गए करीब 50 कार्टन से 863.1 लीटर 'ऑफ सीजन' ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब के साथ कंटेनर ट्रक और आरोपितों के पास से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार तस्करों की पहचान उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के कुदरकी थाना क्षेत्र के कामलपुर गांव निवासी दानिश आलम (25 वर्ष), पिता मोहम्मद शालिम तथा उस्मान पासा, पिता आसिफ के रूप में हुई है। पालीगंज-1 के एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में यह बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि बरामद शराब की खेप चंडीगढ़ से पटना लाई जा रही थी। इस मामले में पालीगंज कांड संख्या 381/26 दर्ज कर कंटेनर को जब्त कर लिया गया है तथा दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि जब्त मोबाइल फोन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे शराब तस्करी नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस खेप का मुख्य सरगना कौन है और बिहार में इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष संतोष कुमार ,एसआई सह थानाध्यक्ष दीपक कुमार, एएसआई विद्यानंद यादव, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार सहित जवान शामिल रहे। पुलिस टीम की इस कार्रवाई को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### वर्चस्व को लेकर दो राउंड फायरिंग, आरोपित को जेल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समयागढ़ थाना क्षेत्र के प्रहलादपुर गांव में गुरुवार को आपसी वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में फायरिंग की घटना सामने आई है। गांव में दो राउंड फायरिंग से दहशत फैल गई।मिली जानकारी के अनुसार प्रहलादपुर निवासी स्व. कैलाश यादव के पुत्र विजय यादव ने गांव के ही उदय पासवान पर दो राउंड फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि इस घटना में उदय पासवान बाल-बाल बच गए।घटना की सूचना मिलते ही समयागढ़ थानाध्यक्ष सौरभ कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी विजय यादव को हिरासत में ले लिया।शनिवार को पीड़ित उदय पासवान के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़-मोकामा रेलखंड पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। मोकामा रेल थाना क्षेत्र के सहरी हाल्ट के पास अप लाइन पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई।मोकामा रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान पंडारक थाना क्षेत्र के बिहारी बिगहा निवासी घनश्याम सिंह के पुत्र दीपक कुमार (17 वर्ष) के रूप में की गई है।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक सहरी हाल्ट के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था या ट्रैक के किनारे मौजूद था, तभी किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना देर रात की होने के कारण आसपास के लोगों को इसकी जानकारी सुबह हुई।सूचना मिलने पर मोकामा रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल बाढ़ में पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### जदयू कार्यकर्ता सम्मान समारोह का विधायक अनंत सिंह ने किया उद्घाटन

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी प्रखंड सभागार में शनिवार को जदयू कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में विधान पार्षद ललन प्रसाद ने भी शिरकत की। इस मौके पर विधायक अनंत कुमार सिंह ने घोसवरी प्रखंड जदयू अध्यक्ष परशुराम पारस और नवनिर्वाचित सभी 25 सदस्यों का माला पहनाकर भव्य स्वागत और सम्मान किया।समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अनंत कुमार सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं से ही है। उन्होंने कहा कि अगली बार उनके पुत्र अभिषेक कुमार विधायक का चुनाव लड़ेंगे और युवा सोच के साथ मोकामा विधानसभा का विकास किया जाएगा।इस अवसर पर अभिषेक कुमार, गौतम कुमार महात्मा, धीरज कुमार पार्षद सहित हजारों की संख्या में जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### अवैध हथियार के साथ अपराधकर्मी गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में खड़ा एक अपराधी को अवैध हथियार के साथ शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी दरियापुर शाहपुर का रहने वाला सतीश कुमार है, जिसके पास से मैग्जीन लगा एक पिस्टल बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शाहपुर थाना अन्तर्गत ग्राम दरियापुर पुल के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ है, जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में है। प्राप्त सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष शाहपुर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी किया गया। दल का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में एक व्यक्ति जो पुलिस को आता देख भागने लगें जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति सतीश कुमार, है जिसकी तलाशी के दौरान 1 देशी पिस्टल बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधी पर कानूनी कार्रवाई कर करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की पांच बाइकें बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर पुलिस ने राहगीरों का बाइक चोरी कर उसे बेचने के मामले में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश दाउदपुर शाहपुर निवासी रंजन कुमार है जिसके पास से चोरी के 5 बाइक बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि दाउदपुर निवासी एक व्यक्ति की बाइक 4 जुलाई को चोरी हो गई थी। इस संबंध में स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया गया था. मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के घर की तलाशी लेने पर दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई. इसके बाद आरोपी की निशानदेही पर तीन अन्य चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बाइक चोरी कर उनकी बिक्री करता था। पुलिस अब उससे जुड़े अन्य लोगों और संभावित गिरोह के संबंध में भी जानकारी जुटाने में लगी है।

### चोरी के पिकअप वाहन के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय पुलिस ने पिकअप वाहन की चोरी करने वाले दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि दानापुर थाना में एक वादी द्वारा एक आवेदन दिया गया। जिसमे उनके द्वारा बताया गया कि मेरा मालवाहक पिकअप वाहन लखनीबीघा नियर कोल्ड स्टोर के पास से चोरी कर लिया गया है। कांड की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष दानापुर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आसूचना संकलन, तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के आधार पर घटना में संलिप्त दो व्यक्ति लखनीबिगहा वार्ड 8 का रहने वाला कृष्णा प्रसाद यादव उर्फ कृष्णानंद सिंह एवं अगमकुंआ का कबाड़ी दुकानदार मो. अलाउद्दीन को गिरफ्तार किया गया तथा इनके निशानदेही पर अगमकुंआ थाना क्षेत्र स्थित कबाड़ी दुकान से वाहन का पार्टस क्षतिग्रस्त अवस्था में बरामद किया गया।

### नामजद अभियुक्त ने किया कोर्ट में सरेंडर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के डोमचक गांव में 09/07/26 को हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने दो बड़ी कार्रवाई की है गोलीबारी में अरुण कुमार, पिता लालबाबू पासवान को पैर में दो गोली लगी थी। घायल को इलाज के लिए ढटउل पटना में भर्ती कराया गया। घायल के भाई मोनू कुमार के बयान पर लहसुना थाना कांड संख्या 584/26 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में 8 लोगों को नामजद किया गया था। नामजद अभियुक्त रजनीश कुमार, पिता गणेश यादव, निवासी नवाबाग, थाना धनरूआ ने लगातार दबिश के बाद पटना के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। कांड में नामजद शेष 7 फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।

### खाद के साथ जबरन नैनो यूरिया की टैगिंग, बिल नहीं देने से किसानों में आक्रोश

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के बिस्कोमान भवन में खाद वितरण के दौरान किसानों से जबरन नैनो यूरिया की टैगिंग करने और बिल नहीं देने का आरोप लगा है। इसे लेकर मसौढ़ी के कई गांवों के किसानों ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी से शिकायत की है।किसानों का कहना




है कि खाद लेने पहुंचने पर संचालक द्वारा बिना पूछे नैनो यूरिया टैग कर दिया जा रहा है। साथ ही नैनो यूरिया का बिल भी नहीं दिया जा रहा है।शिकायत करने वालों में बलियारी की उषा देवी, थलपुरा की पूनम देवी, खरांट के रंजीत कुमार, सुधीर चक के गुड्डू कुमार, घोरहुआं के शशि प्रकाश, जगदीशपुर के राजेश कुमार, गोढना के रामप्रवेश प्रसाद और राजेश, भदौरा के कुंदन समेत अन्य किसान शामिल हैं।किसानों ने कहा कि जबरन टैगिंग और बिना बिल के खाद देने से उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।मामले पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने कहा कि "जल्द पत्र जारी किया जाएगा। यदि नैनो यूरिया की टैगिंग की जा रही है तो उसका बिल देना अनिवार्य है। बिना बिल खाद वितरण नहीं किया जा सकता। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक ऑफ इंडिया की बैठक में बैंकिंग नैतिकता के उच्चतम मानकों का पालन करने का आह्वान




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किसान दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक राजीव मिश्रा ने उर्जा ऑडिटोरियम, पटना में आयोजित उच्चस्तरीय टाउन हॉल की बैठक में नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता एवं ग्रामीण विकास पर केंद्रित रणनीतिक रूपरेखा प्रस्तुत की। यह बैठक बिहार में बैंक के प्रदर्शन की समीक्षा, भविष्य की प्राथमिकताओं के निर्धारण तथा समावेशी विकास को गति देने हेतु आयोजित की गई थी। इस अवसर पर एफजीएमओ पटना के अंतर्गत बिहार राज्य की विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों से 600 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक राजीव मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर एफजीएमओ पटना के फील्ड महाप्रबंधक एस. बी. साहू, महाप्रबंधक विनायक शुक्ला तथा बिहार के सभी क्षेत्रों के आंचलिक प्रबंधक, उप आंचलिक प्रबंधक एवं बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री मिश्रा ने बिहार में बैंक की उत्कृष्ट व्यावसायिक उपलब्धियों एवं परिचालन दक्षता की सराहना की तथा सभी अधिकारियों से सतत व्यवसाय वृद्धि, प्रभावी ऋण वसूली, गुणवत्तापूर्ण परिसम्पत्ति सृजन, विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन तथा बैंकिंग नैतिकता के उच्चतम मानकों का पालन करने का आह्वान किया। किसान दिवस के अवसर पर श्री मिश्रा ने गया में आयोजित किसान मेले को भी संबोधित किया, जिसमें 100 से अधिक स्वयं सहायता समूह सदस्यों एवं किसानों ने भाग लिया। इस दौरान ₹20 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। बैंक ऑफ इंडिया ने इस अवसर पर पूरे बिहार में ₹230 करोड़ के कृषि ऋण का वितरण किया। कृषि क्षेत्र के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा, हर गांव तक पहुंचना, प्रत्येक पात्र किसान की पहचान कर उसे उपयुक्त बैंकिंग समाधान उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण विकास का सबसे विश्वसनीय भागीदार बनना ही बैंक का लक्ष्य है। सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया ने एम्स पटना के नवजात गहन चिकित्सा इकाई को इन्फेंट रेडिएंट वार्मर एवं ऑक्सीमीटर उपलब्ध कराए।

# प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम का ए एन कॉलेज शिक्षक संघ द्वारा व्यापक विरोध



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज शिक्षक संघ की बैठक शनिवार को कॉलेज के केंद्रीय पुस्तकालय स्थित सेमिनार हॉल में संघ के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन तथा अंगीभूत स्नातक महाविद्यालयों को विश्वविद्यालयों से पृथक कर उच्च शिक्षा विभाग के अधीन लाने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने प्रस्तावित विधेयक पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि अंगीभूत महाविद्यालयों को विश्वविद्यालयों से अलग किया गया, तो विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक एकता प्रभावित होगी। बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्तावों में राज्य सरकार से प्रस्तावित विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। संघ ने कहा कि यह प्रस्ताव बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की मूल भावना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता और समेकित व्यवस्था की अवधारणा के विपरीत है। शिक्षको ने यह खेद व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक प्रतिनिधियों से विमर्श किए बिना विश्वविद्यालय अधिनियम में इतना बड़ा प्रस्तावित बदलाव आश्चर्यजनक है। यह बदलाव एकतरफा एवं अलोकतांत्रिक है। शिक्षक संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रस्तावित व्यवस्था से शिक्षकों के स्थानांतरण, पदस्थापन, पदोन्नति एवं सेवा शर्तों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है तथा स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षकों के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि ए.एन. कॉलेज शिक्षक संघ की ओर से राज्यपाल (कुलाधिपति), मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री, बिहार सरकार को औपचारिक ज्ञापन भेजा जाएगा। साथ ही राज्य के अन्य महाविद्यालय शिक्षक संघों एवं शिक्षक महासंघों से संपर्क स्थापित कर संयुक्त रणनीति तैयार करने का भी निर्णय लिया गया। इस संदर्भ में शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा मुख्य मंत्री को दिए गए ज्ञापन का समर्थन किया गया।

### विश्व जनसंख्या दिवस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को ए. एन. कॉलेज में प्रमाण पत्र वितरित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए. एन. कॉलेज, पटना में विश्व जनसंख्या दिवस 2026 कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले एनएसएस स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों के लिए 18 जुलाई



को सम्मेलन कक्ष में प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर प्रो. कालानाथ मिश्र, डॉ. अभिषेक दत्ता (बर्सर), डॉ. वरुण (हिंदी विभाग) तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार एवं डॉ. अमृता चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

# बच्चे के लॉकेट को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के उमानाथ मंदिर के समीप स्थित बिंद टोली में शनिवार को बच्चे के गले से सोने का लॉकेट गायब होने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में प्रथम पक्ष की ऊषा देवी और सनोज कुमार, जबकि दूसरे पक्ष की ललिया देवी, सुनीता देवी, चंदा कुमारी, बिंदु कुमार, पंकज कुमार और सुधीर कुमार शामिल हैं। प्रथम पक्ष की सुलेखा कुमारी ने आरोप लगाया कि उसके बच्चे के गले में सोने का बजरंगबली का लॉकेट था, जिसे पड़ोस के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर काटकर निकाल लिया। जब इस मामले की शिकायत करने बच्चे की दादी दूसरे पक्ष के घर गई तो वहां मौजूद लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प शुरू हो गई। वहीं दूसरे पक्ष की सुग्गी देवी ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनके पति पर बेवजह लॉकेट चोरी का आरोप लगाया गया। विरोध करने पर प्रथम पक्ष के लोगों ने मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उनके परिवार के करीब पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# 0.8 सेमी के सिर्फ एक छेद से पूरे स्पाइन की हर तरह की सर्जरी

## बरेली में पटना के डॉ. आनंद भूषण ने देश-विदेश के डॉक्टरों को सिखाए दूरबीन स्पाइन सर्जरी के गुर

**बरेली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रीढ़ की हड्डी के इलाज में दूरबीन (एंडोस्कोपिक) तकनीक किसी वरदान से कम नहीं है। बरेली में 16-17 जुलाई को आयोजित वर्कशॉप में पटना के प्रसिद्ध स्पाइन सर्जन डॉ. आनंद भूषण ने बतौर फैकल्टी देश-विदेश के डॉक्टरों को ट्रेनिंग दी। उन्होंने अमेरिका के डॉ. अब्बासी और बरेली के डॉ. वरुण अग्रवाल के साथ मिलकर डॉक्टरों को 'मोनोपोर्टल एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी' की बारीकियां सिखाईं और कैडेवर पर इसका लाइव प्रदर्शन भी किया। डॉ. अब्बासी, डॉ. वरुण अग्रवाल एवं उनकी इस टीम के द्वारा विकसित की गई एसआई जॉइंट फ्यूजन की नई तकनीक और नए इंप्लांट का इंडिया समेत पूरी दुनिया के लिए लॉन्च भी इसी अवसर पर बरेली से किया गया। डॉ. आनंद भूषण ने बताया कि पारंपरिक ओपन सर्जरी से कई गुना बेहतर है यह आधुनिक तकनीक.



ऑपरेशन के दौरान मरीज को बेहोश करने की जरूरत नहीं पड़ती,कोई चीरा या टांका नहीं लगता, खून का नुकसान नहीं होता, जिससे अलग से खून चढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ती। ऑपरेशन के महज एक घंटे के भीतर मरीज अपने पैरों पर चलना शुरू कर देता है। मरीज को उठने-बैठने, आगे झुकने और भारी काम करने की आजादी और 24 घंटे में अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। इस तकनीक में जोखिम ना के बराबर है और खर्च भी पारंपरिक सर्जरी से बहुत कम आता है।

# गंगा देवी महिला महाविद्यालय के प्रथम वर्ष की छात्राओं का इंडक्शन मीट आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पाटलीपुत्र विश्व विद्यालय पटना की अंगीभूत इकाई में दि. 18.7.26 को नये सत्र 2026-30 में नामांकित प्रथम वर्ष की छात्राओं का इंडक्शन मीट आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की कुलानुशासक डॉ विधु बाला ने किया। वंदे मातरम एवम महाविद्यालय गान के साथ छात्राओं ने उपस्थित शिक्षक एवम छात्राओं का स्वागत किया। प्राचार्या प्रो. श्यामा राय ने समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देखते हुए शिक्षा, शालीनता, अनुशासन की आवश्यकता को बताया। साथ हीं छात्राओं को नियमित रूप से महाविद्यालय आने, 75 उपस्थिति की अनिवार्यता, महाविद्यालय के ड्रेस कोड का पालन करने, आई कार्ड एवम पुस्तकालय का प्रयोग करने की जरूरत पर बल दिया। विभिन्न विभागों की शिक्षिकाओं एवम विभिन्न कमेटियों के अध्यक्षों ने विषयों, पेपर, सिलेबस एवम वर्ग से संबंधित जानकारियां दी। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ गैर शैक्षणिक क्रियाकलापों यथा एन एस एस, एन सी सी, खेल कूद एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम जो महाविद्यालय स्तर पर आयोजित किये जाते हैं, से छात्राओं को अवगत कराया गया।

### छेड़खानी के मामले में फरार आरोपित बब्लू कुमार गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सर्वे का फॉर्म भरवाने के बहाने घर बुलाकर महिला, उसके ससुर और भैसूर से मारपीट और छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे आरोपी बब्लू कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मलमाचक निवासी बब्लू कुमार पिता दीना प्रसाद है। मसौढ़ी थानाध्यक्ष ने बताया कि यह घटना 17.09.2025 की सुबह 9 से 10 बजे की है। पीड़िता मंजुला देवी, पति मुकेश कुमार ने आवेदन देकर बताया था कि दीना प्रसाद, अनेश्वर प्रसाद, वसु कुमार, बब्लू कुमार और पुनर्मा देवी सभी निवासी मसौढ़ी उनके घर आए थे।

# धनरूआ में धान रोपनी से मना करने पर घर पर फायरिंग, 8 राउंड गोली चलाने का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के अलीपुर नदपुरा टोला, सदीशोपुर वार्ड-3 में शनिवार सुबह धान रोपनी पर काम करने से मना करने पर एक महिला के परिजनों पर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर रउ/रळ एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।आवेदनकर्ता पालतू पासवान ने बताया कि 18/07/2026 को लगभग 9:30 बजे सुगंध कुमार, रॉकी कुमार, पिता अभय कुमार और चितरंजन कुमार, पिता यमुना सिंह, निवासी अलीपुर उनके घर पहुंचे।आरोप है कि पालतू पासवान की भौजाई ने धान रोपनी के लिए काम पर जाने से मना कर दिया था। इसी बात पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया।

# बिल बकाया पर काटी गई बिजली, लेकिन गलत बिलिंग पर भी उठे सवाल

## ग्रामीण उपभोक्ताओं ने कहा कि समय पर बिल जमा करेंगे, पर विभाग भी पारदर्शिता बरते



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के मकसूदपुर गांव निवासी किसान शशि प्रसाद का बिजली कनेक्शन बिल बकाया होने के कारण काट दिया गया। इस घटना के बाद गांव में बिजली विभाग की कार्यशैली को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पीड़ित किसान का आरोप है कि उनका बिजली बिल गलती से 35,000 रुपये भेज दिया गया था। इसकी शिकायत उन्होंने पहले ही विभाग में की थी, बावजूद इसके दनियावां जेई द्वारा कनेक्शन काट दिया गया। किसान ने जेई और कार्यपालक अभियंता पर मनमानी का आरोप लगाते हुए विभाग के वरीय अधिकारी के पास लिखित आवेदन भी सौंपा है। वहीं जेई दनियावां क्राउन विकास कुमार ने बताया कि "जब तक बकाया बिल जमा नहीं किया जाएगा, कनेक्शन चालू नहीं किया जाएगा।" विभाग का कहना है कि राजस्व वसूली और सिस्टम को सुचारू रखने के लिए बकाया वसूली जरूरी है।

**समाज के लिए सुधारात्मक संदेश**

1. उपभोक्ताओं से अपील: समय पर बिजली बिल जमा करना हमारी जिम्मेदारी है। इससे न केवल कनेक्शन कटने से बचेंगे बल्कि गांव में बिजली आपूर्ति भी बाधित नहीं होगी। बिल में कोई गलती दिखे तो तुरंत शिकायत केंद्र या "मेरा बिजली" ऐप पर दर्ज कराएं, रसीद जरूर रखें।
2. विभाग से अनुरोध: गलत बिलिंग की शिकायतों का त्वरित निपटारा हो। किसान और गरीब उपभोक्ताओं को नोटिस और सुनवाई का उचित मौका मिले, ताकि बिना जांच के कनेक्शन न काटे जाएं। पारदर्शिता से ही जनता का विश्वास बढ़ेगा।
3. समाधान का रास्ता: विवाद की स्थिति में उपभोक्ता और विभाग दोनों संवाद से काम लें। किस्त में बिल जमा करने या मीटर की जांच कराने का विकल्प भी अपनाया जा सकता है।

बिजली आज जीवन की मूलभूत जरूरत है। न खेत की सिंचाई हो सकती है, न घर का काम। इसलिए उपभोक्ता भी जागरूक बनें और विभाग भी संवेदनशील। तभी "बिजली बचत, गांव समृद्ध" का लक्ष्य पूरा होगा।

### निवेशकों के पास जोखिम संभालने का होगा एक और विकल्प

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शेयर बाजार में निवेश करने वाले कई लोग अपने निवेश को सुरक्षित रखने और जोखिम कम करने के लिए नए विकल्प तलाशते रहते हैं। इसी जरूरत को देखते हुए, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 12 अगस्त, 2026 से निफ्टी इंडिया एफपीआई 150 इंडेक्स पर डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स शुरू करने जा रहा है। इसके लिए सेबी से मंजूरी मिल चुकी है। निवेशकों को इसमें लगातार तीन महीने की अवधि वाले इंडेक्स फ्यूचर्स और इंडेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स मिलेंगे। इनका सेटलमेंट कैश में होगा और हर महीने के आखिरी मंगलवार को इनकी एक्सपायरी होगी। निफ्टी इंडिया एफपीआई 150 इंडेक्स में निफ्टी 500 की उन 150 बड़ी कंपनियों को शामिल किया गया है, जिनमें विदेशी निवेशकों के लिए निवेश करना आसान है।

# बारा पैक्स चुनाव में आया एक नया मोड़, चुनाव तो होगा लेकिन रिजल्ट पर लगी रोक

## हाईकोर्ट ने कहा चुनाव हो, पर परिणाम घोषित न किए जाएं, निर्वाचन प्राधिकार ने जारी की अधिसूचना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के बारा पैक्स, के निर्वाचन को लेकर पटना हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद चुनाव आयोग ने नई स्थिति स्पष्ट कर दी है। अब 24 जुलाई को मतदान होगा, लेकिन नतीजे घोषित नहीं होंगे। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने 25.06.2026 की अधिसूचना से बारा पैक्स के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया था। इसके तहत 24.07.2026 को मतदान और उसी दिन मतगणना निर्धारित थी।इसी बीच समादेश याचिका संख्या 9742/2026 पर सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने 13.07.2026 को अंतरिम आदेश पारित किया। कोर्ट ने कहा कि चुनाव होने दिए जाएं, लेकिन परिणाम घोषित नहीं किए जाएं। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में निर्वाचन प्राधिकार ने 17.07.2026 को ज्ञापांक 1738 जारी कर कहा कि बारा पैक्स का चुनाव कार्यक्रम यथावत रहेगा। यानी निर्धारित तिथि पर वोटिंग और मतगणना होगी, लेकिन विजेता की घोषणा पर रोक रहेगी प्राधिकार ने मुख्य चुनाव पदाधिकारी, सभी प्रशाखा पदाधिकारियों और आईटी टीम को आदेश का अनुपालन और वेबसाइट पर सूचना अपलोड करने का निर्देश दिया है।अब पूरे मामले में कोर्ट के अगले आदेश तक बारा पैक्स का परिणाम सील बंद रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार


### यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन के लिए एसपी के निर्देश पर लगातार विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। शनिवार शहर में सुगम, सुरक्षित व सुखद यातायात के लिए आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एसपी शुभांक मिश्रा नेतृत्व में शहर के हाजीपुर रामाशीष चौक पर विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट के वाहन चला रहे चालकों को हेलमेट वितरित कर भविष्य में सदैव हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने का निर्देश दिया गया। एसपी ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।



### एसपी ने सराय थाना में देर रात किया औचक निरीक्षण

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार की रात एसपी शुभांक मिश्रा ने सराय थाना का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था, रात्रिकालीन ड्यूटी और अपराध नियंत्रण के साथ-साथ थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, लंबित कांडों की समीक्षा, सुरक्षा व्यवस्था तथा रात्रि गश्ती की तैयारियों का समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसपी ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्कता, त्वरित कार्रवाई, जनसुनवाई तथा गुणवत्तापूर्ण पुलिसिंग सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने भूमि विवाद में हुई मारपीट के एक पुराने मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार एकमा प्रखंड की परसा पूर्वी पंचायत के छपिया गांव निवासी सुनील राय के विरुद्ध भूमि विवाद को लेकर मारपीट का मामला दर्ज था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को छपरा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है।

### वाहन जांच के दौरान 80 लीटर देसी शराब बरामद

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 80 लीटर देसी शराब बरामद की है। इस दौरान शराब लदा टोटो जब्त कर लिया गया, जबकि चालक पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, एकमा-छित्रवलिया सड़क पर हरपुर गंडक नहर पुल के समीप पुलिस वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान छित्रवलिया की ओर से आ रहे एक टोटो चालक ने पुलिस को देखते ही वाहन छोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वह अंधेरे और खेतों का फायदा उठाकर फरार हो गया। इसके बाद एसआई विनायक राम ने पुलिस टीम के साथ टोटो की तलाशी ली। तलाशी के दौरान सीट के नीचे छिपाकर रखी गई आठ पॉलीथीन बरामद हुईं, जिनमें प्रत्येक में 10-10 लीटर देसी शराब भरी थी। इस प्रकार कुल 80 लीटर देसी शराब जब्त की गई। पुलिस ने शराब लदे टोटो को जब्त कर अज्ञात चालक के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। फरार चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### 20 जुलाई को एकदिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 20.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह - कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में 'भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड' द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन "संघ मैनेजर/ फील्ड ऑफिसर" पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12 वीं पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 18-32 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल पूर्वी चम्पारण / पश्चिमी चम्पारण जिलों में होगा और मानदेय 15085 रु निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे : इंसेंटिव,पीएफ, मेडिकल, फ्यूल, ग्रेजुएटी इत्यादि ' इस जॉब कैंप मे कुल - 150 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### यूपी की सभी सीटों पर और पंजाब में चुनाव लड़ेगी लोजपा (आर) : चिराग

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ करेक्शनल एडमिनिस्ट्रेशन' में फ्लिपकार्ट के 'समर्थ' कार्यक्रम के तहत आयोजित ओरिएंटेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने एक बड़ा राजनीतिक एलान किया है। चिराग पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सभी 403 सीटों पर और साथ ही पंजाब में भी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उनके इस एलान के बाद उत्तर प्रदेश और पंजाब की राजनीति में नए सियासी समीकरण बनने तय माने जा रहे हैं। चिराग पासवान ने अपनी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे और बढ़ते जनाधार पर गर्व जताते हुए कहा कि लोजपा (आर) अब केवल बिहार तक सीमित नहीं रह गई है। बिहार से चलकर पार्टी का विस्तार पहले झारखंड और नागालैंड (जहां पार्टी के विधायक भी निर्वाचित हैं) तक हुआ और अब देश के अन्य बड़े राज्यों जैसे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पंजाब तक पहुंच रहा है। उन्होंने खुलासा किया कि उत्तराखंड की राज्य इकाई ने भी पार्टी आलाकमान को आगामी चुनाव लड़ने का औपचारिक प्रस्ताव भेजा है, जिस पर पार्टी गंभीरता से विचार कर रही है।

### चेक बाउंस वादों के निष्पादन हेतु विशेष लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चम्पारण, के तत्वावधान में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (ठक अ३) से संबंधित चेक बाउंस वादों के निष्पादन हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी द्वारा सभी पैनल अधिवक्ताओं के साथ



एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सचिव ने सभी अधिवक्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक चेक बाउंस मामलों को आपसी समझौते के माध्यम से निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे वादकारियों को त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सके। उन्होंने पैरालीगल वॉलंटियर्स (ढछश्) एवं पैनल अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे अपनी पूरी क्षमता एवं समर्पण के साथ कार्य करें तथा संबंधित पक्षकारों को लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने चेक बाउंस मामलों का समाधान कराने हेतु प्रेरित करें। जिले विधिक सेवा प्राधिकरण, मोतिहारी आम जनता से भी अपील करता है कि वे इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठाएं और अपने लंबित चेक बाउंस वादों का आपसी सहमति से त्वरित, सस्ता एवं प्रभावी निस्तारण कराएं। लोक अदालत के माध्यम से न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि आपसी सौहार्द भी बना रहता है। अतः अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

# आईआईआरएफ 2026 में जीके मेमोरियल स्कूल को मिला सर्वोच्च रैंक

**मोतिहारी/सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण के सुगौली स्थित जीके मेमोरियल स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए आईआईआरएफ (इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) स्कूल रैंकिंग 2026 में बिहार में प्रथम स्थान तथा अखिल भारतीय स्तर पर 39वीं रैंक प्राप्त की है। इस वर्ष देशभर से 220 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों ने भाग लिया, जिनमें जीके मेमोरियल स्कूल ने भारत के शीर्ष 40 विद्यालयों तथा शीर्ष 18 प्रतिशत संस्थानों में अपना स्थान बनाया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में आयोजित प्रेस

**अखिल भारतीय रैंक 39 प्राप्त**




वार्ता में विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता की यात्रा, शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता तथा भविष्य की योजनाओं को साझा किया। विद्यालय के निदेशक श्री अमरेन्द्र पाण्डेय ने कहा- यह उपलब्धि केवल जीके मेमोरियल स्कूल की नहीं, बल्कि पूरे पूर्वी चम्पारण और बिहार के लिए गर्व का विषय है। यह सिद्ध करती है कि यदि दूरदृष्टि, समर्पित शिक्षक, सहयोगी अभिभावक और मेहनती विद्यार्थी साथ हों, तो ग्रामीण भारत के विद्यालय भी देश के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। आईआईआरएफ रैंकिंग केवल परीक्षा परिणामों पर आधारित नहीं है, बल्कि यह शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण प्रक्रिया, नवाचार, अधोसंरचना, सुशासन, विद्यार्थियों के समग्र विकास तथा संस्थागत उत्कृष्टता जैसे अनेक मानकों पर विद्यालयों का मूल्यांकन करती है। प्रेस वार्ता के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि जीके मेमोरियल स्कूल ने महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा गुजरात जैसे अग्रणी शैक्षणिक राज्यों के अनेक विद्यालयों से बेहतर स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि बिहार का एक विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षा का नया मानक स्थापित कर रहा है। विद्यालय ने अपनी इस सफलता के पीछे तकनीक आधारित स्मार्ट कक्षाएँ, अनुभवात्मक शिक्षण, शिक्षकों का सतत प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास कार्यक्रम, खेल सुविधाएँ, भाषा विकास कार्यक्रम तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान को प्रमुख कारण बताया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। जीके मेमोरियल स्कूल का लक्ष्य आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को और सुदृढ़ करना तथा बिहार के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है।

## शराबियों की गिरफ्तारी के दौरान महिला पुलिसकर्मियों से मारपीट

**दांत काटे,वर्दी फाड़ने और रायफल छीनने का भी प्रयास, 4 लोगों पर केस दर्ज**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब पीने की पुष्टि कर गिरफ्तार किए गए आरोपियों के परिजनों ने रात्री गश्ती में गई महिला पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने दांत काटकर जख्मी कर दिया, वर्दी फाड़ी और रायफल छीनने का भी प्रयास किया। मामले में मसौढ़ी थाने में 4 लोगों के खिलाफ ऋक्रफ दर्ज की गई है। दरअसल मसौढ़ी थाना में पदस्थापित पु.स.अ.नि. ललन कुमार ने आवेदन में बताया कि 17.07.2026 की रात 10 बजे वे महिला सशस्त्र बल की म.सि. 6381 कमला कुमारी और म.सि. 6928 मधु कुमारी के साथ सरकारी वाहन से बाजार गश्ती पर निकले थे। 18.07.2026 की सुबह 12:05 बजे दौलतपुर निवासी रवि रंजन कुमार यादव पिता ललन सिंह और श्यामनगर निवासी अरविंद कुमार पिता उपेंद्र प्रसाद को शराब पीने के आरोप में पकड़कर मेडिकल जांच के लिए उत्पाद विभाग ले जाया गया। पुष्टि होने के बाद दोनों को 12:30 बजे थाना



लाकर हाजत में बंद किया जा रहा था। इसी दौरान गिरफ्तार अरविंद कुमार के परिजन रोहित कुमार, सोनी कुमारी, राहुल कुमार और पूनम देवी, सभी निवासी श्यामनगर, थाना पहुंचे और गिरफ्तारी का वीडियो बनाने लगे। महिला सिपाहियों ने मना किया तो तीनों ने मारपीट शुरू कर दी।आवेदन में कहा गया है कि सोनी कुमारी और पूनम देवी ने म.सि. कमला कुमारी के दाएं हाथ और म.सि. मधु कुमारी के बाएं हाथ में दांत काट लिया।

## महुआ पुलिस ने दो मामलों में की कार्रवाई, चोरी के सामान के साथ गिरफ्तारी

**महुआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुआ थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पहला मामला थाना कांड संख्या 707/26 दिनांक 17.07.2026 से जुड़ा है। पुलिस ने धारा 303(2)/बीएनएस के तहत दो आरोपियों को महुआ के मुकुन्दपुर पहाड़ टोला से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी के कई सामान बरामद किए गए। बरामदगी में चांदी के आभूषण, हाथ का हथशंकर, पायल, बिछिया, डंगल, 6 मेमोरी कार्ड, टीवी, फाइबर का डिनर सेट, छोटी-बड़ी कटोरी, थाली, प्लेट, चम्मच, ट्रे, 2 मोबाइल और 1 साइकिल शामिल है। दूसरा मामला थाना कांड संख्या 992/25 दिनांक 05.01.2025 से संबंधित है। इस मामले में धारा 137(2)/87/3(5) बीएनएस के तहत एक व्यक्ति को मिर्जानगर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## डीएम ने सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व अतिक्रमण को लेकर की बैठक

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को डीएम वर्षा सिंह की अध्यक्षता में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, जलजमाव की समस्या एवं अतिक्रमण से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही सीवरेज एवं जल निकासी से जुड़ी योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, हाजीपुर, डीपीओ, नमामि गंगे, परियोजना निदेशक, बुडको, हाजीपुर तथा बियाडा के प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि आईपीएस-1 एवं आईपीएस -3 को अंतरिम रूप से शीघ्र प्रारंभ करने की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शहरवासियों को जलजमाव एवं सीवरेज संबंधी समस्याओं से शीघ्र राहत मिल सके। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बियाडा क्षेत्र में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

**जलजमाव की समस्या पर दिया निर्देश**



से संबंधित जो भी शेष कार्य बचे हैं, उन्हें निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। शहर में जल जमाव की समस्या से निदान के लिए नगर परिषद शहर के अन्य हिस्सों में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अतिक्रमण मुक्त वातावरण बनाना आवश्यक है।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, हाजीपुर, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, हाजीपुर, डीपीओ, नमामि गंगे, वैशाली, उप महाप्रबंधक, बियाडा, परियोजना निदेशक, बुडको, हाजीपुर सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निदेर्शों का अनुपालन समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए तथा प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए।

## बिना लाइसेंस दवा निर्माण के आरोप में औषधि विभाग व पुलिस की संयुक्त छापेमारी, भारी मात्रा में दवाएं जब्त

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड की फुचटीकला पंचायत अंतर्गत फुचटी खुर्द गांव में बिना लाइसेंस औषधियों के निर्माण एवं भंडारण की गुप्त सूचना पर शुक्रवार को औषधि विभाग और एकमा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में एलोपैथिक एवं अन्य औषधियां जब्त कीं। यह कार्रवाई केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ईस्ट जोन, कोलकाता से प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई। औषधि निरीक्षक (प्रभार-09) कुन्दन कुमार केशरी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। शिकायत के आधार पर फुचटी खुर्द निवासी अनिरुद्ध शर्मा, गोपाल शर्मा, राजेश शर्मा एवं देवेंद्र शर्मा के घरों की तलाशी ली गई। जांच के दौरान अनिरुद्ध शर्मा के मकान से विभिन्न प्रकार की एलोपैथिक दवाएं बरामद हुईं। पूछताछ में वह दवाओं के निर्माण, भंडारण अथवा बिक्री से



संबंधित कोई वैध लाइसेंस, खरीद-बिक्री के दस्तावेज अथवा दवाओं का स्रोत प्रस्तुत नहीं कर सके। उनके घर से 13 प्रकार की औषधियां प्रपत्र-16 के तहत जब्त की गई। वहीं गोपाल शर्मा के घर से भी नौ प्रकार की औषधियां बरामद हुईं, जिन्हें नियमानुसार जब्त कर लिया गया। जब्ती सूची प्रपत्र-16 के साथ संलग्न की गई है। हालांकि राजेश शर्मा के घर की तलाशी में कोई औषधि नहीं मिली। पूछताछ में अनिरुद्ध शर्मा ने बताया कि बरामद कुछ दवाओं का उपयोग गठिया के इलाज में किया जाता था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि डीकंजेस्टेंट एवं डेक्साक्लोरफेनिरामीन जैसी एलोपैथिक दवाओं का मिश्रण आयुर्वेदिक औषधियों में किया जाता था। इस संबंध में आयुर्वेद निरीक्षक इंदुकांत कुमार ने जांच के लिए आयुर्वेदिक औषधियों के नमूने लिए। इसके अलावा चार बिना लेबल वाली औषधियां भी प्रपत्र-16 के तहत जब्त की गईं। औषधि विभाग ने इस मामले में अनिरुद्ध शर्मा, गोपाल शर्मा एवं देवेंद्र शर्मा को नामजद आरोपित बनाया है। विभाग ने बताया कि जब्त दवाओं की जांच रिपोर्ट आने के बाद औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम सहित अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सिंघाड़ा हाई स्कूल खेल मैदान पर बन रहा स्टेडियम खिलाड़ियों को होगा लाभ

**महुआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुआ के सिंघाड़ा हाई स्कूल खेल मैदान पर स्टेडियम का निर्माण कार्य होने से स्थानीय खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। मालूम हो कि सिंघाड़ा हाई स्कूल का खेल मैदान जिले के एक महत्वपूर्ण खेल मैदान के नाम से जाना जाता है। जहां पर पूर्व से ही स्टेडियम निर्माण को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों की पुरानी मांग रही है जिस पर सरकार के द्वारा सर्वे एनओसी सहित अन्य



प्रक्रिया के यहां बीते दिनों स्टेडियम निर्माण का कार्य शुरू हो गया था। इस मैदान पर स्टेडियम के निर्माण होने से जहां आसपास के इलाके के खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं खिलाड़ियों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां स्टेडियम निर्माण होने से इलाके का विकास भी होगा तथा खिलाड़ियों को सुविधा भी मिलेगी। यहां स्टेडियम निर्माण होने से जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन होने से स्थानीय खिलाड़ियों में आत्मविश्वास के साथ-साथ इलाके का विकास भी होगा।

## महुआ थाना में पदस्थापित पीटीसी का सहायक अवर निरीक्षक के पद पर प्रमोशन

**महुआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुआ थाना में पदस्थापित पुलिसकर्मी पीटीसी मोहम्मद मासूम को सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) के पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी



कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह सफलता मिली है। पदोन्नति की सूचना मिलते ही थाना परिसर में खुशी का माहौल बन गया। शुक्रवार को महुआ थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद और अवर निरीक्षक बिट्टू कुमार ने थाना परिसर में एक छोटे समारोह का आयोजन किया। इस दौरान मोहम्मद मौसम के कंधे पर एएसआई का बैच लगाकर उन्हें सम्मानित किया गया।इस अवसर पर थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने मोहम्मद मौसम को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से काम करने पर सफलता अवश्य मिलती है। थानाध्यक्ष ने मोहम्मद मौसम की महुआ थाना में सेवा के दौरान उनके अनुशासन, कर्तव्यपरायणता और आम जनता के प्रति सहयोग की सराहना की। अरविंद प्रसाद ने आशा व्यक्त की कि नए पद पर भी मोहम्मद मौसम इसी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।उन्होंने अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद जताई। अवर निरीक्षक बिट्टू कुमार ने भी पदोन्नति पर बधाई देते हुए कहा कि एएसआई का पद बड़ी जिम्मेदारी लेकर आता है। उन्होंने मोहम्मद मौसम से केसों की बेहतर विवेचना, कानून व्यवस्था और आम लोगों की मदद में सक्रिय भूमिका निभाकर विभाग का नाम रोशन करने का आग्रह किया। सम्मान समारोह में महुआ थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। सभी ने मोहम्मद मौसम को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। पदोन्नति की खबर मिलते ही उनके परिजनों और रिश्तेदारों में भी खुशी की लहर दौड़ गई।

## 180 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उत्पाद विभाग वैशाली द्वारा लगातार जाँच अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को उत्पाद विभाग, वैशाली द्वारा की गई कार्रवाई में जंदाहा थाना क्षेत्र के ग्राम मुकुंदपुर भात, वार्ड संख्या-13 से एक अभियुक्त को रॉयल स्टैग व्हिस्की ब्रांड की 20 कार्टन अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब की कुल मात्रा 180.000 लीटर है। इस संबंध में उत्पाद थाना, महुआ में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों के तहत अभियोग दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## महुआ में सुरक्षित शनिवार अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**महुआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुआ में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम केअंतर्गत सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम संपन्न होने के बाद आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर महुआ के भारत स्काउट गाइड बाल संसद एवं इको क्लब के सदस्यों ने विद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा-इस अभियान का उद्देश्य है मातृत्व का सम्मान एवं पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना। एक पेड़-मां के नाम कार्यक्रम पर्यावरण को बेहतर एवं संतुलन बनाने के उद्देश्य से किया जा



रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक ने कहा-जलवायु परिवर्तन के बचाव में योगदान हेतु इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। निश्चित रूप से यह एक अच्छा कार्यक्रम है। बाल संसद की संयोजक शिक्षिका श्रीमती संगीता कुमारी ने कहा-इस कार्यक्रम में हर पुत्र को मां के नाम पर एक पेड़ लगाना चाहिए ताकि जिस तरह मां एक परिवार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ठीक उसी प्रकार पेड़ पौधा पूरे पर्यावरण के साथ-साथ जीव जाति के लिए के लिए महत्वपूर्ण होता है।

## 'पंच परिवर्तन' विषय पर युवा संकल्प एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरक बौद्धिक का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में 'पंच परिवर्तन आधारित युवा संकल्प' विषय पर एक प्रेरणादायी बौद्धिक युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मोतिहारी के 'जिला प्रचारक शिवम सोनू' जी बौद्धिककर्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत और अभिनन्दन से हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का विकास करना था। अपने प्रेरक एवं विचारोत्तेजक बौद्धिक में शिवम् सोनू जी ने कहा कि वर्तमान समय केवल अधिकारों की चर्चा का नहीं, बल्कि कर्तव्यों के निर्वहन का भी समय है। उन्होंने कहा कि



आज पर्यावरण संकट, सांस्कृतिक चुनौतियाँ, सामाजिक विघटन और नागरिक दायित्वों के प्रति उदासीनता जैसी समस्याएं विश्व के समक्ष गंभीर प्रश्न बनकर खड़ी हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल नीतियों से नहीं, बल्कि जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिकों से संभव है। इसी उद्देश्य से पंच परिवर्तन अभियान समाज में कर्तव्यबोध, आत्मानुशासन और सकारात्मक सामाजिक सहभागिता का वातावरण निर्मित कर रहा है।इस प्रकार भारत आज विश्व में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है और इस परिवर्तन के केंद्र में युवा शक्ति की निर्णायक भूमिका है। उन्होंने कहा कि यदि युवा अपने जीवन में संस्कार, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभाव को अपनाएँ, तो विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य शीघ्र ही साकार हो सकता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समाज जीवन में चलाए जा रहे 'पंच परिवर्तन' अभियान का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का व्यापक जनआंदोलन है। पंच परिवर्तन के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी स्वाभिमान, परिवार एवं समाज समन्वय,

**'पंच परिवर्तन' से ही विकसित भारत का स्वप्न होगा साकार : शिवम सोनू**

नागरिक कर्तव्य तथा सामाजिक समरसता जैसे पांच आयाम भारतीय समाज को अधिक सशक्त, संगठित और संस्कारित बनाने का माध्यम हैं। शिवम सोनू जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से प्रतिवर्ष कम-से-कम एक पौधा लगाने एवं उसकी नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। स्वदेशी स्वाभिमान के संदर्भ में उन्होंने भारतीय संस्कृति, इतिहास, भाषा, परंपराओं एवं महापुरुषों के प्रति गर्व का भाव विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का निर्माण तभी संभव होगा जब हम स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे और स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने मातृभाषा के सम्मान पर विशेष बल देते हुए कहा कि भारतीय भाषाएँ हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं। शिक्षा, शोध एवं दैनिक जीवन में मातृभाषा और भारतीय भाषाओं का अधिकाधिक प्रयोग राष्ट्र की बौद्धिक आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करेगा। साथ ही उन्होंने परिवार संस्था को भारतीय संस्कृति की आधारशिला बताते हुए कहा कि माता-पिता, गुरुजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान भारतीय जीवन मूल्यों का अभिन्न अंग है। नागरिक कर्तव्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने संविधान के प्रति सम्मान, कानून का पालन, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा, स्वच्छता, मतदान, कर भुगतान तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य बताया। उन्होंने कहा कि अधिकारों और कर्तव्यों में संतुलन ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान है। सामाजिक समरसता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जाति, भाषा, क्षेत्र, पंथ एवं संप्रदाय के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव राष्ट्रहित के अनुकूल नहीं है। भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित एकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से समाज में समरसता, सद्भाव एवं सहयोग की भावना विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यार्थियों को दस युवा संकल्पों- पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी स्वाभिमान, मातृभाषा सम्मान, परिवारजन सम्मान, नागरिक कर्तव्य पालन, स्वदेशी अपनाने का संकल्प, सामाजिक समरसता, सेवा एवं सहयोग, स्वास्थ्य एवं अनुशासन तथा राष्ट्र प्रथम- को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इन संकल्पों का पालन केवल व्यक्तिगत विकास ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

CMYK

## एक नजर

### बाइक चोरी, आवेदन देकर कार्रवाई की मांग

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के कोटवारा गांव निवासी सुर्यकांत कुमार ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले में रफीगंज थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने एवं बाइक बरामद करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि 13 जुलाई 2026 की रात उनकी SP-125 होंडा शाइन (वाहन संख्या BR-26U-6807) मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी थी। सुबह उठने पर बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी जब वाहन का कोई पता नहीं चला तो उन्होंने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने आवेदन में बाइक का चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पंजीकरण तिथि एवं अन्य आवश्यक विवरण भी उपलब्ध कराते हुए पुलिस से शीघ्र कार्रवाई कर बाइक बरामद करने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुई है प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

### टीबी मरीजों के बीच निक्षय किट का वितरण, पोषण पर जोर

**अंबा (औरंगाबाद)**। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को रेफरल अस्पताल कुटुंबा में आयोजित कार्यक्रम में 20 टीबी (क्षयरोग) मरीजों के बीच बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से निक्षय किट का वितरण किया गया। किट में आटा, सोयाबीन, बादाम, दाल एवं मिल्क पाउडर जैसी पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल थी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर सिंह ने कहा कि टीबी पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है। नियमित दवा के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने से मरीज शीघ्र स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार टीबी उन्मूलन के लिए मरीजों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधक ब्रज किशोर, स्वास्थ्य प्रबंधक दीपक कुमार सिंह, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस) चंद्रशेखर समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। निक्षय किट मिलने पर मरीजों ने खुशी जताई।

### समकालीन सरोकारों पर गूंजी कविताएं

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित कौशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) सभागार में जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद इकाई के तत्वावधान में शनिवार को कवि गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला उपाध्यक्ष श्री निवास मंडल ने की, जबकि संचालन युवा कवि जितेंद्र कुमार 'चंचल' ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक ने अपनी ओजपूर्ण पंक्तियों के पाठ से किया, जिसने पूरे सभागार में साहित्यिक ऊर्जा का संचार कर दिया। अध्यक्षीय संबोधन में श्री निवास मंडल ने कहा कि ऐसे साहित्यिक आयोजन रचनाकारों की सृजनशीलता और सक्रियता को बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है तथा इस तरह के मंच नए और वरिष्ठ रचनाकारों के बीच संवाद और अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं। संघ के संयुक्त सचिव शंभू शरण सत्यार्थी ने कहा कि जनपक्षधर साहित्य के विकास और साहित्यिक चेतना के विस्तार में कवि गोष्ठियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नियमित रूप से रचनाओं का पाठ और साहित्यकारों का संवाद समकालीन सामाजिक मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने लाने में सहायक होता है। गोष्ठी में समुन्दर सिंह, हिमांशु राज़, असलम प्यासा, शमशाद शम्स, गुल्फराज राज, गोपेन्द्र कुमार सिन्हा 'गौतम', राजेश विचारक, डॉ. रविनंदन, अम्बुज कुमार, मुमताज़ दानिश, सुधीर सत्यम सहित कई कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कविताओं में सामाजिक विषमता, लोकतांत्रिक मूल्य, मानवीय संवेदनाएं, प्रेम, प्रकृति, बदलते सामाजिक परिवेश और वर्तमान समय की चुनौतियों जैसे विषय प्रमुखता से उभरे। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने ऐसे साहित्यिक आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने पर बल दिया। साहित्यप्रेमियों ने कवियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गोष्ठियां साहित्य और समाज के बीच सार्थक संवाद को मजबूत बनाने का प्रभावी माध्यम हैं।

### सदर अस्पताल में चिकित्सकों की उपस्थिति पर सख्ती, बिना कारण अनुपस्थित रहने पर रुकेगा वेतन

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर सदर अस्पताल, बिहारशरीफ में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी चिकित्सकों को निर्धारित रोस्टर के अनुसार ड्यूटी करने तथा बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज कराने को अनिवार्य किया गया है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को भेजे प्रतिवेदन में बताया कि सभी चिकित्सकों को समय पर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सुपरवाइजरों को चिकित्सकों की उपस्थिति की नियमित निगरानी करने और निर्धारित समय पर उनकी मौजूदगी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना वैध कारण ड्यूटी से अनुपस्थित रहने अथवा समय पर उपस्थित नहीं होने वाले चिकित्सकों का संबंधित अवधि का वेतन स्थगित कर दिया जाएगा। इसके अलावा उनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन ने कहा कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कर चिकित्सा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

### जर्जर भवन के कारण छह वर्षों से पंचायत भवन में संचालित हो रही स्वास्थ्य सेवाएं

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर रेफरल अस्पताल, अस्थावां से जुड़े मामले में स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ओंदा का भवन अत्यंत जर्जर होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से पिछले लगभग छह वर्षों से अस्पताल का संचालन पंचायत भवन से किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्थावां की रिपोर्ट के अनुसार जर्जर भवन में स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करना सुरक्षित नहीं था। इसलिए मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि नए अस्पताल भवन के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने एवं परिसर हस्तांतरण की प्रक्रिया को लेकर संबंधित विभाग से पत्राचार किया जा चुका है। आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। फिलहाल पंचायत भवन से नियमित स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जा रही हैं।

### भूमि विवाद में मारपीट, पिता, पत्नी, बेटी और मां घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के त्रिलोक बिगहा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सूचना पर डायल-112 पुलिस ने सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल, हिलसा में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में त्रिलोक बिगहा निवासी जितेंद्र कुमार, उनकी पत्नी, बेटी और मां शामिल हैं। जितेंद्र कुमार ने बताया कि जिस जमीन पर न्यायालय के आदेश से धारा 144 लागू है, उस पर विपक्षी पक्ष ट्रैक्टर से जुताई करने पहुंचा। विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई, जिसमें उनके परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। हिलसा थाना प्रभारी चंद्रभानु ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 21 जुलाई को नालंदा की 31 पंचायतों में लगेंगे सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। 21 जुलाई को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर अभियान की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समय पर तैयारियां पूरी कर शिविरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के अंतर्गत आम लोगों की शिकायतों का त्वरित एवं सम्मानजनक समाधान किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाते हैं।

# संभावित बारिश से उत्पन्न बाढ़ की समस्या से निपटने को लेकर प्रशासन अलर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड के बहुदेशीय सभागार भवन में शनिवार को संभावित19, 20 एवं 21 जुलाई को अधिक बारिश होने की संभावना से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी संभावना के अनुसार 20 सेंटीमीटर बारिश होने की संभावना है जिससे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बाढ़ की विभिषिका से बचाव के लिए पूर्व तैयारियां शुरु कर दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों और वैसे गांवों जो नदी किनारे बसे हैं। जहां जल जमाव होने की संभावना है। जान माल की क्षति हो सकती है। चिन्हित कर सूची तैयार करने का निर्देश पंचायत सचिव, विकास मित्रों, राजस्व कर्मचारियों को दिया गया है। पंचायत प्रतिनिधि मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों, पंच, वार्ड सदस्यों से सहयोग लेकर संभावित स्थलों का चिन्हित करेंगे। बैठक में वरीय उपसमाहर्ता ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 10-12 सामाजिक कार्यकर्ता की सूची तैयार करेंगे जिनसे समय पर बचाव कार्य में सहयोग लिया जा सके, जिन लोगों का जेबीसी मशीन, ट्रैक्टर, मोटर पंप है। उन लोगों का नाम, मोबाइल नंबर के साथ सूची बनाएंगे ताकि समय पर उपयोग किया जा सकेगा। पिपरौरा पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि पिपरौरा के वार्ड नंबर 6 में आहर में मिट्टी कटाव होने पर आहर किनारे बसे गांव को क्षति हो सकता है। बनिया पंचायत के शिवा बिगहा झरही नदी किनारे बसा हुआ है। वार्ड नंबर 2 पडरावां, वार्ड नंबर 3 अटल बिगहा, काशी बिगहा नदी को जोर पर बसा हुआ है। मनिका पंचायत के केशहर नदी किनारे महादलित टोला बसा हुआ है। दधपी पंचायत के केशहर नदी किनारे दरभंगा गांव बसा हुआ है। घोस्ता वार्ड नंबर 13 में जल जमाव होता है। महुआवा पंचायत के वार्ड नंबर 1, बारा, नेगा बिगहा, पिरथु पंचायत में भी जल जमाव से क्षति होने की संभावना है। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने कहा कि मिट्टी से बनें घरों को भी चिन्हित कर सूची तैयार करेंगे। उच्चे स्थान चिन्हित करें जहां लोगों को आपदा के समय पीड़ितों को पहुंचाया जा सके। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि सभी राजस्व कर्मचारियों, पंचायत सचिवों का संयुक्त बैठक में निर्देश दिया गया था कि संभावित अधिक बारिश से होने वाले नुकसानों का बचाव के लिए उपाय, संभावित संवेदनशील क्षेत्रों का चिह्नित कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिया गया था। बैठक में बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य, सीओ मो. अकबर हुसैन, डाक्टर कुमार जय, सलैया थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा, मदनपुर थाना के एसआई रोहित कुमार, बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि उदय कुमार यादव, मुखिया मनोज कुमार चौधरी, शिवपूजन राम, विवेक कुमार गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य उमेश कुमार यादव, बीरु कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव आदि मौजूद थे।

# 100 नहीं अब 125 दिन काम, 252 नहीं 300 भुगतान

## औरंगाबाद के जनप्रतिनिधियों ने पंच सम्मेलन में उठाया मुद्दा

## ससमय भुगतान और अधिक विकास का भरोसा

डॉ. उपेंद्र कश्यप/ नबिटा संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। ग्रामीण विकास मंत्रलय द्वारा वाराणसी में आयोजित पंच सम्मेलन में वीबीजी रामजी से जुड़े मुद्दे औरंगाबाद से शामिल हुए दो मुखिया प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखें और उन्हें सकारात्मक जवाब महात्मा की उच्च अधिकारियों के तरफ से दिया गया गोल्ड यहां पंचायत के मुखिया कौशल्या देवी के पति नागेंद्र सिंह व बारुण के पिपरा के मुखिया विजय सिंह ने प्रश्न किया तो सकारात्मक जवाब मिला। इन सवालों से प्रायः सभी मुखिया जूझ रहे थे। जो आश्वासन मिला उससे इस योजना के कार्यान्वयन में सहूलियत होगी, मजदूरों को काम और दाम दोनों अधिक मिलेगा। नागेंद्र सिंह ने विभागीय संयुक्त सचिव रोहीणी आर्य से सवाल किया कि मजदुरों का भुगतान बाधित रहता था तो अब नए एक्ट से कैसे भुगतान किया जाएगा? दुसरा कि केंद्रांश और राज्यांश में 60- 40 के अनुपात से समस्या खड़ी होने के कारण कार्य संचालन में समस्या आएगी। वीबीजी रामजी का प्राक्कलन और 15 वीं, षष्ठम राज्य वित्त में सामाग्री पर अलग-अलग रेट प्राक्कलन क्यों है? जबकि पंचायत में पक्का कार्य करने में एक ही प्रकार का ईंट और सिमेंट लगा रहे हैं। मुखिया विजय सिंह ने कहा कि जब पंचायत भवन में सारी योजनाओं को संचालित करने वाले कर्मी मोजूद हैं तो फिर वीबीजी रामजी में जिला से भुगतान क्यों, जबकि 15 वीं वित्त का भुगतान पंचायत में हो रहा है। संयुक्त सचिव रोहिणी आर्य का जबाब था कि अपने काम को बेहतर ढंग से पूरा करें और अतिरिक्त राशि पंचायत और प्रखंड में जमा रहेगा। अब सामग्री का भुगतान हर माह मकराया जायेगा। मुखिया संघ ने इसका जबरदस्त स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया। नागेंद्र सिंह का कहना है कि अगर ऐसा वास्तव में हुआ तो श्रमिकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में विकास की तस्वीर बदल जाएगी। बताया कि ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने कहा कि अब 100 दिन की जगह 125 दिन मानव दिवस का सृजन करें। मजदूरों को 252 रुपये की जगह 300 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इससे गांवों की तस्वीर बदल जाएगी।

### भ्रमण भी और सम्मान भी मिला

मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने तीर्थ व पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कराया, और सम्मान भी दिया। बहुत अच्छा लगा। सभी प्रतिनिधि गदगद हो गए। आवासीय सुविधा भी जबरदस्त रही।

# मनरेगा घोटाला उजागर, तत्कालीन पीओ समेत पांच पर कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। अनुमंडल क्षेत्र के मेसकौर प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। जांच में बिना निर्धारित कार्य पूरा किए सरकारी राशि की निकासी की पुष्टि होने के बाद उप विकास आयुक्त-सह-अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) ने तत्कालीन कार्यक्रम पदाधिकारी, अभियंता समेत पांच कर्मियों के विरुद्ध वसूली और विभागीय कार्रवाई का आदेश जारी किया है। समाहरणालय, नवादा से जारी आदेश के अनुसार, सेवानिवृत्त अभियंता कपिलदेव सिंह की शिकायत पर गठित संयुक्त जांच दल ने दो मनरेगा योजनाओं की जांच की। जांच में पाया गया कि प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया, जबकि कागजों पर अधिक कार्य दर्शाकर सरकारी राशि की निकासी कर ली गई। पहली योजना मेढ़कुरी गांव में पंचायत भवन से नदी तक नाला निर्माण की थी। प्राक्कलन के अनुसार 650 फीट नाला बनना था, लेकिन जांच के दौरान मौके पर केवल 265 फीट निर्माण मिला। दूसरी योजना बिजुबिगहा गांव में साधु चौधरी के घर से महुआ बाधी तक नाली एवं ईंट सोलिंग निर्माण की थी, जिसमें 650 फीट के स्थान पर मात्र 85 फीट कार्य पाया गया। जांच दल ने दोनों योजनाओं में वास्तविक कार्य से अधिक भुगतान किए जाने की पुष्टि की। तकनीकी जांच प्रतिवेदन के आधार पर दोनों योजनाओं से कुल 12,83,404 रुपये की वसूली का आदेश दिया गया है। इसमें मेढ़कुरी नाला निर्माण योजना से 4,95,582 रुपये तथा बिजुबिगहा नाली एवं सोलिंग योजना से 7,87,822 रुपये वसूले जाएंगे। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को एक सप्ताह के भीतर राशि बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी के बैंक खाते में जमा कर उसकी रसीद कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आदेश में दोषी पाए गए कर्मियों के मूल मानदेय में अगले तीन वर्षों तक 20 प्रतिशत कटौती करने का भी निर्णय लिया गया है। साथ ही विभागीय दंडात्मक कार्रवाई के लिए मामला जिला स्थापना शाखा को भेज दिया गया है। कार्रवाई की जद में तत्कालीन कार्यक्रम पदाधिकारी विनोद कुमार (वर्तमान पदस्थापन- जहानाबाद), तत्कालीन पंचायत तकनीकी सहायक मुकेश कुमार वर्मा (वर्तमान पदस्थापन- हिसुआ), तत्कालीन पंचायत रोजगार सेवक प्रमोद कुमार (वर्तमान पदस्थापन- कौआकोल), मनरेगा के कार्यपालक अभियंता अमरेंद्र कुमार सिंह तथा मेसकौर प्रखंड के तत्कालीन नाजीर रमेश कुमार शामिल हैं। जांच के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्टीकरण का अवसर दिया गया, लेकिन वे अपने पक्ष में कोई ठोस साक्ष्य या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद उन्हें दोषी मानते हुए आनुपातिक वसूली और विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई।

# सरकार व विवि के प्रयास से बदलेगी स्थिति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। बिहार सरकार द्वारा नव स्थापित 200 से अधिक डिग्री कॉलेजों से शिक्षा की स्थिति में काफी सुधार होगा। यह कहना है दाउदनगर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुणाल किशोर का कहा कि स्थिति सुधारने के लिए मगध विश्वविद्यालय और बिहार सरकार को संयुक्त रूप से ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले नामांकन प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाए। छात्रों को ऑनलाइन आवेदन के साथ-साथ ऑफलाइन सहायता भी उपलब्ध हो। इन्होंने कहा कि नए महाविद्यालयों में नियमित शिक्षक, पुस्तकालय, छात्रावास, परिवहन और अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। प्रत्येक महाविद्यालय के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि स्थानीय विद्यार्थियों को इन संस्थानों की जानकारी मिल सके। साथ ही निजी महाविद्यालयों और सरकारी महाविद्यालयों के बीच संसाधनों और अवसरों का संतुलन भी आवश्यक है। कहा कि सरकार को नए महाविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की दीर्घकालिक योजना बनानी होगी।

उच्च शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब भवनों के साथ-साथ उनमें विद्यार्थियों की उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और अकादमिक वातावरण भी सुनिश्चित हो।

# दाखिल-खारिज के विरोध में ग्रामीणों का अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के बराही बाजार स्थित सार्वजनिक भूमि के कथित निजी दाखिल-खारिज के विरोध में सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा सार्वजनिक भूमि को सुरक्षित रखने की मांग की। पौथू पैक्स अध्यक्ष शंभू भारती, पूर्व मुखिया विजय विश्वकर्मा, राजाराम चंद्रवंशी, रामदेव राम, शिवदत्त पंडित, शंकर सुमन एवं अब्दुल सदब अंसारी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 1962-63 में गांव की समिति ने पूरे गांव के हिंदू-मुस्लिम समुदाय के सार्वजनिक उपयोग के लिए 78 डिसमिल जमीन छह लोगों के नाम से खरीदी थी। उनका कहना है कि इस भूमि का उद्देश्य विद्यालय, सामुदायिक भवन, सामाजिक कार्यक्रमों तथा अन्य जनहित के कार्यों के लिए उपयोग करना था। ग्रामीणों का आरोप है कि अब कुछ लोग इस जमीन पर निजी स्वामित्व का दावा कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसका पूरे गांव में विरोध हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह भूमि पूरे गांव की धरोहर है और इसे किसी भी कीमत पर निजी संपत्ति नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि गलत तरीके से कागजात तैयार कर दाखिल-खारिज कराने में संलिप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन में शिवदत्त प्रजापति, शेखर सुमन, राव कुमार, कपिल गोस्वामी, खैनी यादव, मुंशी यादव, जगदीश यादव, कृष्णा यादव, सत्येंद्र यादव, रकम प्रसाद सोनी, शिव कुमार सोनी, राजेश गुप्ता, रुपेश कुमार, अकिल अंसारी, रवि कुमार, विमलेश रजक, सुखेंद्र रजक, सुरेंद्र यादव, महेंद्र यादव, सूर्यदेव यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने मांग की कि भूमि के अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कर सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखा जाए तथा दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। जांच के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गये अजय कुशवाहा



**दाउदनगर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संगठन विस्तार के तहत ओबरा विधानसभा से प्रत्याशी रहे अजय सिंह कुशवाहा को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद जिले के कई नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने खुशी जाहिर की है। नई जिम्मेदारी मिलने पर अजय सिंह कुशवाहा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, युवाओं को पार्टी से जोड़ना तथा जन-जन तक राष्ट्रीय लोक मोर्चा की नीतियों और विचारों को पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर शिक्षकों का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के कासमा रोड स्थित रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय में शनिवार सुबह प्रखंड स्तरीय गणित-विज्ञान प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अकाउंटेंट पवन मिश्रा, प्रधानाध्यापक मुख्तार अहमद साबरी, शिक्षक सुधीर कुमार मिश्रा, जसवंत कुमार सिंह एवं अभय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सुधीर कुमार मिश्रा ने प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग की अवधारणा, इसके उद्देश्य तथा आधुनिक शिक्षण में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पद्धति विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, समस्या समाधान क्षमता और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। वहीं जसवंत कुमार सिंह ने सभी प्रधानाध्यापकों से कहा कि माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट प्रत्येक विद्यालय के लिए अनिवार्य है। जिन विद्यालयों में अभी तक पीबीएल की शुरुआत नहीं हुई है, वे अविलंब इसे लागू करें ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं गतिविधि आधारित शिक्षा मिल सके। कार्यशाला में राजकीय मध्य विद्यालय रफीगंज के मस्कुर आलम, गोरडीहा के प्रभात रंजन, अमरपुरा के शिवकुमार प्रजापति, सीमवां के रामकुमार प्रसाद, खडवा के शशि शेखर मिश्रा, कासमा के पांडव प्रसाद गुप्ता, बेलहड़िया मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मिथलेश प्रसाद सहित प्रखंड के सभी मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं गणित-विज्ञान शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों में गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

# टीबी मरीजों को मिला पौष्टिक आहार किट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## सीएचसी रफीगंज

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिहार सरकार की ओर से टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित मरीजों के बीच पौष्टिक आहार किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा ने मरीजों को पौष्टिक आहार किट प्रदान कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना द्वारा टीबी मरीजों के बेहतर पोषण एवं उपचार को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पौष्टिक आहार किट उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि रफीगंज प्रखंड के लगभग एक दर्जन टीबी मरीजों को इस योजना के तहत किट वितरित की गई।

उन्होंने कहा कि टीबी के इलाज के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार मरीजों के जल्द स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरकार टीबी मरीजों को बेहतर इलाज के साथ पोषण संबंधी सहयोग भी उपलब्ध करा रही है, ताकि देश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर (पिरामल) जितेंद्र कुमार, सीनियर टीबी सुपरवाइजर निर्भय कुमार सिंह, लैब टेक्नीशियन नदीम अख्तर, अकाउंटेंट राजेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने तथा लोगों से समय पर जांच और नियमित उपचार कराने की भी अपील की गई।

# नीट-2026 में हसपुरा की अंजली ने लहराया परचम, ऑल इंडिया रैंक 6661 हासिल



**हसपुरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 में हसपुरा बाजार की अंजली गुप्ता ने शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंजली ने ऑल इंडिया रैंक 6661 तथा ओबीसी श्रेणी में 2817वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और पूरे प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अंजली, हसपुरा बाजार के मुख्य मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर के सामने 'उषा मेहंदी ड्रेसेज' नामक वस्त्र व्यवसाय संचालित करने वाले राजू गुप्ता और उषा गुप्ता की पुत्री हैं। पिता राजू गुप्ता ने बताया कि अंजली बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई दाउदनगर में हुई। इसके बाद उन्होंने मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए राजस्थान के कोटा का रुख किया। कड़ी मेहनत, अनुशासित अध्ययन और निरंतर प्रयास के बल पर उन्होंने यह सफलता हासिल की। अंजली ने बताया कि उनका बचपन से ही डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का सपना रहा है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर उन्होंने लगातार मेहनत की और सफलता प्राप्त की।

## रफीगंज के बड़गांव से महिला लापता, पति ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रफीगंज थाना क्षेत्र के बड़गांव से एक महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में महिला के पति अजीत मेहता ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में अजीत मेहता ने बताया कि उनकी पत्नी पायल कुमारी 16 जुलाई 2026 को घर से रफीगंज बाजार जाने की बात कहकर निकली थीं। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटीं तो परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदारों एवं आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। पत्नी का पता नहीं चलने पर अजीत मेहता ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है और पुलिस से उनकी शीघ्र बरामदगी की मांग की है। इस संबंध में रफीगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। महिला की तलाश के लिए पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा विभिन्न संभावित स्थानों पर जांच-पड़ताल की जा रही है।

# पांच हजार परिवारों का बनेगा नया राशन कार्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित बहुदेशीय सभागार भवन में प्रभारी पदाधिकारी वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव की अध्यक्षता में शनिवार को एक बैठक की गई जिसमें जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों और सरकार पदाधिकारी लोग शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि इस प्रखंड में पांच हजार नए राशन कार्ड बनाए जाएंगे। निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसके लिए पंचायत जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेकर वास्तविक और जरुरतमंद लोगों का चयन करना है। इस प्रखंड में 19 पंचायत है। सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, जिला परिषद सदस्य, सरपंच और सरकारी सेवकों विकास मित्रों, आवास सहायकों, कार्यपालक, राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिवों सहित अन्य सरकारी सेवकों को लगाया गया है। बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि जिनके पास जमीन का केवाला, जमीन का रशीद, खतियान नहीं है। वे लोग मुखिया से लैटर पैड पर दिखाएंगे कि इस जाति से है। अंचल से जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाणपत्र निर्गत हो जाएगा जिनके पास उक्त आवश्यक कागजात मौजूद हैं। राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस माह के अंत तक राशन कार्ड बना दिया जाएगा। बैठक में सीओ मो. अकबर हुसैन, पीओ योगेन्द्र प्रसाद सिंह, बीपीआरओ विनोद कुमार वर्मा, पंचायत राज पदाधिकारी सह सचिव सुनील कुमार सिंह, डाक्टर कुमार जय सहित अन्य अधिकारी लोग शामिल थे।

# 27 से सावन स्पेशल कांवरिया ट्रेनों में बढ़ेंगी कोचों की संख्या

## राहत : 14 कोच से बढ़ाकर की जाएंगी 20 कोचें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** ओम आरोहणम् संस्था के विगत तीन वर्षों के सतत प्रयासों से सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले कांवरिया श्रद्धालुओं के अनुरोध पर रांची-भागलपुर-रांची (वाया हजारीबाग) विशेष कांवरिया सावन स्पेशल ट्रेन का संचालन जारी है। जनहितकारी पहल की स्वीकृति के लिए ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेल प्रबंधक का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त की। संस्था द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन से विशेष कांवरिया रेलगाड़ी के संचालन का अनुरोध किया गया था, जिस पर सकारात्मक पहल करते हुए ट्रेन संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई। इससे झारखंड, बिहार एवं आसपास के राज्यों के हजारों श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा।




इस वर्ष श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रेन के कोचों की संख्या 14 से बढ़ाकर 20 कर दी गई है, जिससे यात्रा और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक होगी। सावन स्पेशल ट्रेन रांची, मुरी, बरकाकना, हजारीबाग, तिलैया, कोडरमा, गया होते हुए सुलतानगंज, भागलपुर सहित प्रमुख स्टेशनों से होकर संचालित होगी। प्रत्येक सोमवार को रांची से खुलकर मंगलवार को सुल्तानगंज सुबह-सुबह पहुंचेगी और शुक्रवार को इसी प्रकार यथावत रहेगी तथा भागलपुर से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को इसका परिचालन किया जाएगा। इसकी शुरुआत 27 जुलाई से होगी। साथ ही ओम आरोहणम् संस्था ने इस रेल सेवा को सावन मास में स्थायी रूप से संचालित करने की मांग भी की है, जिस पर ओम आरोहणम संस्था को सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ है। ताकि प्रत्येक वर्ष सावन मास में पहल करने की जरूरत न हो। ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि सावन माह आस्था, श्रद्धा और भक्ति का पर्व है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु सुल्तानगंज से पवित्र गंगाजल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। विशेष कांवरिया ट्रेन के संचालन एवं कोचों की संख्या में वृद्धि से श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुलभ यात्रा की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ओम आरोहणम् संस्था सदैव जनहित एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर सक्रिय रही है और आगे भी समाजहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### भजन संध्या का आयोजन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पैनापुर स्थित पोखरेश्वर नाथ मन्दिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रूबन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ सत्यजीत सिंह, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायधीश जस्टिस मान्धाता सिंह, पालीगंज एसडीएम चन्दन कुमार, डीसीएलआर जनक कुमार, डीएसपी-2 पंकज कुमार शर्मा एवं कुसुमराज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के निदेशक डॉ अमरेंद्र कुमार अमरेश ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मौजूद जस्टिस राजेन्द्र प्रसाद, आईजीआईएमएस पटना के चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनीष मंडल आदि उपस्थित थे।

# अधूरे निर्माण, खराब डायवर्सन और सुरक्षा उपायों की कमी से वाहन चालक परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-20 (पूर्ववर्ती एनएच-31) पर बरही-पटना मार्ग स्थित ओवरब्रिज के समीप अर्धनिर्मित सड़क और वर्षा के कारण बने गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। जलभराव और खराब डायवर्सन के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिन पूर्व एक निजी कार जलजमाव के कारण सड़क से नीचे उतरकर फंस गई थी, जिसे काफी प्रयास के बाद बाहर निकाला गया। वहीं बरही चौक से जवाहर घाटी तक राष्ट्रीय राजमार्ग-20 (पूर्ववर्ती एनएच-31) पर भी दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। जवाहर घाट स्थित तीखा मोड़ और अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था वाहन चालकों के लिए खतरा बन गई है। बीती रात इसी क्षेत्र में एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया, जिसमें चालक की मौत होने की सूचना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-20 मार्ग पर निर्माण कार्य में तेजी, गड्ढों की मरम्मत, सुरक्षित डायवर्सन, चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर और क्रैश बैरियर की तत्काल आवश्यकता है। लोगों का आरोप है कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद संबंधित एजेंसियों द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। विभाग भी गंभीर नहीं दिख रहा है । संबंधित मामले में विभागीय अधिकारियों से संपर्क नहीं होने के कारण उनके पक्ष नहीं लिए जा सके है। उनके पक्ष मिलने पर उसे भी प्राथमिकता से प्रकाशित किया जाएगा।

# टूथपेस्ट बांटकर स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** स्वच्छता को बढ़ावा देने और बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से भगवानपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय तेलन में शनिवार को सुरक्षित शनिवार के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार और एकता शक्ति फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से 110 छात्रों, शिक्षकों और शिक्षा समिति के सदस्यों के बीच टूथपेस्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फोकल शिक्षक पवन दास ने की। उन्होंने बच्चों को गंदगी से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया और उनसे बचाव के उपाय भी समझाए। उन्होंने कहा कि हाथ धोना, दांतों की सफाई और साफ-सफाई अपनाकर हम कई बीमारियों को दूर रख सकते हैं। एकता शक्ति फाउंडेशन के प्रबंधक विक्रमादित्य कुमार ने कहा कि सिर्फ सफाई ही नहीं, बल्कि साफ भोजन और साफ पानी का सेवन भी स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी है। उन्होंने बच्चों से प्रतिदिन ब्रश करने और आसपास स्वच्छता रखने का संकल्प दिलाया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक विकास मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यालय का माहौल खुशनुमा होता है और बच्चों में स्वच्छता की आदतें विकसित होती हैं। इसी कड़ी में सभी छात्रों को एक वृक्ष माँ के नाम लगाने का संकल्प भी दिलाया गया। टूथपेस्ट पाकर मीनाक्षी, प्रियम, सुशील, अम्बिका, अंकित, शिवम, अमृता, कृष्ण, नेहा, स्वाति, संदीप, सुहानी सहित सभी बच्चे काफी उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर एकता शक्ति फाउंडेशन के विद्यालय समन्वयक अमन कुमार, शिक्षक रामानन्द पासवान, अनिशा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नूतन, अनिता, चंदन सदा और शिक्षा समिति की सचिव रूपम देवी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से प्रबंधक विक्रमादित्य कुमार को आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अपार आइडी बनाने में लापरवाही बरतना पड़ेगा भारी

## कुटुंबा, गोह और मदनपुर प्रखंड सबसे पीछे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** जिले में छात्र-छात्राओं की अपार आईडी निर्माण की धीमी प्रगति पर शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक एवं समग्र शिक्षा) संतोष कुमार ने सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को 20 जुलाई तक शत-प्रतिशत अपार आईडी तैयार करने का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। 17 जुलाई की समीक्षा में निजी विद्यालयों का प्रदर्शन बेहद कमजोर पाया गया। जिले के 388 निजी विद्यालयों में नामांकित 73,106 विद्यार्थियों में अब तक केवल 28,436 (38.9 प्रतिशत) की ही अपार आईडी बन सकी है। प्रखंडवार समीक्षा में औरंगाबाद 48.8 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है, जबकि गोह (23.1 प्रतिशत), मदनपुर (25.9 प्रतिशत) और कुटुंबा (31.3 प्रतिशत) सबसे पीछे हैं। सरकारी विद्यालयों की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। जिले के 2,300 सरकारी विद्यालयों में नामांकित 3.77 लाख से अधिक विद्यार्थियों में 73 प्रतिशत की अपार आईडी बन चुकी है। देव प्रखंड 84 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है जबकि गोह 64 प्रतिशत के साथ सबसे पीछे है। कुटुंबा और मदनपुर में 76-76 प्रतिशत तथा औरंगाबाद में भी 76 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। डीपीओ ने निर्देश दिया है कि जिन विद्यार्थियों का आधार सत्यापित है उनकी अपार आईडी 20 जुलाई तक हर हाल में तैयार की जाए। जिनका आधार सत्यापित नहीं है या आधार में त्रुटि है, उनका सत्यापन एवं अपडेट कराकर 30 जुलाई तक विशेष अभियान के तहत अपार आईडी बनाई जाए। इसके लिए सभी विद्यालयों में अपार सेचुरेशन कैंप आयोजित कर अभिभावकों को जागरूक करने और प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है।

# 25 लाख के इनामी माओवादी 'टाइगर' की गिरफ्तारी से नक्सल नेटवर्क को बड़ा झटका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गिरिडीह पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक हासिल की है। गिरिडीह पुलिस एवं सीआरपीएफ की कोबरा-209 बटालियन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के स्पेशल एरिया कमेटी एसएसी सदस्य तथा 25 लाख रुपये के इनामी कुख्यात माओवादी अजय महतो उर्फ मोचू उर्फ अंजन दा उर्फ टाइगर उर्फ बासुदेव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक उसकी गिरफ्तारी से पारसनाथ जोन में सक्रिय माओवादी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 17 जुलाई को खूखरा थाना क्षेत्र के हरलाडीह ओपी अंतर्गत जंगलों में नक्सलियों की गतिविधि की सटीक गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस महानिरीक्षक अभियान झारखंड तथा सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार और कोबरा-209 बटालियन के अधिकारियों ने संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई। अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अभियान) सुरजीत कुमार एवं कोबरा-209 के अधिकारियों ने किया। घने जंगल की घेराबंदी कर की गई। सुरक्षा बलों ने ग्राम पिपराडीह (टोला-खवासटांड़) के घने जंगल को चारों ओर से घेराबंदी कर दी। कार्रवाई के दौरान अजय महतो जंगल से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सुरक्षा बलों ने उसे चारों ओर से घेरकर बिना किसी नुकसान के गिरफ्तार कर लिया।

**2005 से नक्सल संगठन में था सक्रिय**

पुलिस के अनुसार अजय महतो करीब वर्ष 2005 से माओवादी संगठन से जुड़ा था। शुरुआत में वह दस्ता सदस्य के रूप में कार्य करता था, लेकिन संगठन में लगातार सक्रिय रहने के कारण उसे बड़ी जिम्मेदारियां मिलती गईं। लेवी वसूली, हथियार एवं विस्फोटक जुटाने, पुलिस पर हमले की रणनीति बनाने तथा संगठन को मजबूत करने में उसकी अहम भूमिका रही। बाद में वह पारसनाथ क्षेत्र का प्रभावशाली कमांडर बन गया और कई बड़ी नक्सली घटनाओं का मुख्य साजिशकर्ता रहा सुरक्षाबलों और

**आम लोगों पर हमलों का रहा लंबा इतिहास**

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अजय महतो पर पुलिस मुखबिर होने के संदेह में ग्रामीणों की हत्या, सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमला, आईईडी विस्फोट, पंचायत भवन एवं सरकारी संपत्तियों को उड़ाना, सड़क निर्माण में लगी मशीनों को जलाना तथा रंगदारी वसूली जैसे कई गंभीर आरोप हैं। उसके खिलाफ गिरिडीह, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा), बोकारो, धनबाद, रामगढ़, सरायकेला, हजारीबाग समेत विभिन्न जिलों में 240 से अधिक मामले दर्ज हैं। इनमें अकेले गिरिडीह जिले में 68 आपराधिक मामले शामिल हैं। पुलिस दस्तावेजों में वर्ष 2008 से 2018 के बीच हुई कई बड़ी नक्सली घटनाओं का उल्लेख है, जिनमें सीआरपीएफ जवानों की हत्या, पुलिस दलों पर आईईडी हमले, पंचायत भवनों को विस्फोट से उड़ाना, रेलवे ट्रैक को क्षतिग्रस्त करना तथा आम नागरिकों की निर्मम हत्या जैसी घटनाएं शामिल हैं। इन अधिकांश मामलों में अजय महतो की संलिप्तता दर्ज है पुलिस बोली नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक सफलता गिरिडीह पुलिस ने इसे पारसनाथ क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक सफलता बताया है। पुलिस का कहना है कि इस गिरफ्तारी से माओवादी संगठन की गतिविधियों पर प्रभाव पड़ेगा और क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

**नक्सलियों से की आत्मसमर्पण की अपील**

पुलिस ने कहा कि गिरिडीह में लगातार नक्सल विरोधी अभियान जारी रहेगा। वर्ष 2024 में कई इनामी नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद यह गिरफ्तारी एक और बड़ी उपलब्धि है। पुलिस ने नक्सली संगठनों से जुड़े लोगों से हिंसा का रास्ता छोड़कर राज्य सरकार की 'नई दिशा एक नई पहल' आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाने और मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की है।

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** स्थानीय डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, हजारीबाग में भारतीय शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित शिक्षा दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय था– राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं नागरिक कर्तव्यों का महत्व। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, जिम्मेदार नागरिकता, नैतिक मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत विभिन्न शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. ललिता राणा ने कार्यक्रम की विषय-वस्तु का परिचय देते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति बताया। वहीं डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने मौलिक कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्रों और शिक्षकों से मौलिक कर्तव्यों का वाचन करवाकर नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। डॉ. सरोज रंजन ने छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि राष्ट्र का भविष्य उसके जागरूक, शिक्षित एवं जिम्मेदार युवाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान में वर्णित नागरिक कर्तव्यों का पालन करने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. रजनीश कुमार ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, जिम्मेदारी तथा सामाजिक चेतना का विकास करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संपूर्ण वातावरण देशभक्ति, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।




# बिक्रम पार्वती विद्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मदन धारी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत संवाद का मुख्य विषय 'स्व का बोध' एवं 'नागरिक कर्तव्य' रहा, जिसमें क्षेत्र के प्रबुद्ध शिक्षाविदों, शिक्षकों और सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पटना विभाग के सह विभाग कार्यवाह अभिमन्यु शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ''स्वामी विवेकानंद जी ने जिस ओजस्वी, साहसी और चरित्रवान युवा की संकल्पना की थी, आज देश को उसी युवा शक्ति की आवश्यकता है। स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नागरिक बोध जगाना है।

वहीं, मदन धारी बालिका उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे वैचारिक संवाद युवाओं को भटकाव से बचाकर सही दिशा देने में मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## दतियाना विद्यालय में बच्चों ने किया पौधारोपण

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए 'ग्रीन विलेज मुहिम' के तहत बिक्रम प्रखंड के मध्य विद्यालय दतियाना में स्कूली बच्चों ने मिलकर 100 पौधे लगाए। यह मुहिम सुमित कुमार और अमित कुमार के नेतृत्व में लगातार चलाई जा रही है, जिसके तहत मुफ्त पौधा वितरण और पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। दतियाना में 100 पौधा लगाने का कार्य किया गया जिसमें 20 अमरूद, 20 कटहल, 20 आंवला, 5 गुलमोहर, 5 कचनार, 5 आम, 10 नींबू, 5 महोगनी, एवं 10 सागवान का पौधा लगाया गया। सुमित कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष ही हमारे सबसे बड़े मददगार हैं। पेड़ों से ही हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन मिलती है, साथ ही ये भूजल को भी संरक्षित करते हैं। लोगों ने बच्चों द्वारा किये जा रहे कार्य को सराहा और कहा कि इस तरह केक कार्यक्रम होना चाहिए ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। मौके पर विद्यालय प्रधान चंचला कुमारी, शिक्षक रवीश कुमार, निखिल श्रीमाली, सोनिया, नेहा सिंह आदि उपस्थित थीं।

# जनसमस्याओं को लेकर निकाला गया आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** नगर परिषद की जनसमस्याओं को लेकर आक्रोश मार्च निकाला गया। इसके उपरांत नगर परिषद कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना का नेतृत्व वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति सदस्य अविनाश कुमार ने किया। प्रदर्शन के दौरान नगर परिषद क्षेत्र में सड़क, नाला, जलजमाव, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्ट्रीट लाइट, नल-जल, जाम की समस्या सहित अन्य जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। धरना स्थल पर कार्यपालक पदाधिकारी अनीशा कुमारी स्वयं पहुंचीं और आंदोलनकारियों से वार्ता की। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से मांग-पत्र स्वीकार करते हुए सभी मांगों पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त कर दिया। इस अवसर पर राजकुमार प्रसाद ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र की जनता लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशान है। कई बार प्रशासन को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। तो जनता के साथ मिलकर और बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद करण कुमार, अमित कुमार, सैफ आलम, विकास कुमार, शिव नारायण शर्मा तथा सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार प्रसाद, नीतीश कुमार, पियूष कुमार, निरंजन कुमार, आफाक आलम, बलमंत कुमार गांधी, मिथलेश कुमार, बिट्टू कुमार, कुणाल कुमार, जयंत कुमार, अमित कुमार, निशाल कुमार, इरशाद, विक्की, आमिर, धीरज, आयुष एवं देवव्रत सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

## तीन हजार से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) औरंगाबाद द्वारा शनिवार को भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलदेव एवं देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। बाइपास स्थित पंचदेव धाम मंदिर से शुरू हुई इस रथयात्रा में लगभग तीन हजार श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन करते हुए नृत्य-गान के साथ आगे बढ़े, जिससे पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। रथयात्रा का शुभारंभ परम पूज्य भक्ति विलक्षण आत्मा रामानंद कृष्ण चैतन्य स्वामी महाराज के मंगल आशीर्वचन एवं करकमलों से हुआ। इस अवसर पर इस्कॉन गया के अध्यक्ष जगदीश श्याम प्रभु, रेड क्रॉस के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सतीश सिंह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के मुकेश कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रथयात्रा पंचदेव धाम मंदिर से निकलकर रमेश चौक, धर्मशाला मोड़, नगर थाना, सिन्हा कॉलेज मोड़ होते हुए फार्म मोड़ स्थित इस्कॉन मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु मृदंग, करताल और हरिनाम संकीर्तन के साथ झूमते रहे। ''हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण, हरे हरे... हरे राम, हरे राम, राम राम, हरे हरे...'' महामंत्र की गूंज से पूरा नगर भक्तिरस में डूबा रहा। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन कर पुष्पवर्षा से रथयात्रा का स्वागत किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ की पवित्र रस्सी खींचकर स्वयं को सौभाग्यशाली माना। वैदिक परंपरा के अनुसार भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होना और रथ की रस्सी खींचना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच भगवान श्री जगन्नाथ का महाप्रसाद वितरित किया गया। समापन के बाद फार्म मोड़ स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इस्कॉन औरंगाबाद के भक्तों, स्वयंसेवकों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रशासन और नगरवासियों का उल्लेखनीय सहयोग रहा। इस संबंध में जानकारी इस्कॉन औरंगाबाद के अध्यक्ष अभय अच्युत दास एवं जनसंपर्क प्रमुख युगनायक दास ने दी।



# सुपर सकर मशीन से शहर के प्रमुख नालों की हो रही सफाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मानसून के दौरान जलजमाव की समस्या को प्रभावी ढंग से रोकने एवं शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर परिषद, औरंगाबाद द्वारा सुपर सकर मशीन के माध्यम से विशेष नाला सफाई अभियान प्रारंभ किया गया। शहर के प्रमुख नालों एवं जल निकासी मार्गों की गहन सफाई कराई जा रही है। सुपर सकर मशीन के माध्यम से नालों में वर्षों से जमी गाद, कचरा एवं अन्य अवरोधों को वैज्ञानिक एवं प्रभावी तरीके से हटाया जा रहा है जिससे वर्षा के दौरान जल निकासी सुचारु रूप से हो सके और जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील एवं जलजमाव संभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सफाई अभियान की सतत निगरानी की जाए तथा आवश्यकता अनुसार सुपर सकर मशीन का उपयोग अन्य क्षेत्रों में भी किया जाए, ताकि पूरे शहर की जल निकासी व्यवस्था प्रभावी बनी रहे। जिला प्रशासन नागरिकों से भी अपील करता है कि वे नालों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फेंकें तथा स्वच्छ एवं जलजमाव मुक्त शहर के निर्माण में प्रशासन का सहयोग करें।



# विशेष लोक अदालत में उमड़ी लोगों की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला न्याय मंडल में यू/एस-138 एनआई एक्ट से संबंधित वादों के निष्पादन हेतु शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ऋषिकांत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने कहा की चेक बाउंस से जुड़े मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित एवं निःशुल्क निपटारा करने हेतु इस विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा धारा 138 के अंतर्गत एनआई एक्ट के तहत न्यायालय में लंबित मामलों को दोनों पक्षों की सहमति से सुलझाया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश




ऋषिकांत ने कहा कि बेगूसराय न्याय मंडल में निस से संबंधित विशेष लोक अदालत के दो अस्थाई पीठों का गठन किया गया है। बेंच नंबर एक में बेगूसराय मुख्यालय में बनाया गया है। उसमे पीओ- निहारिका सिंह मेंबर तौसीफ अहमद. सहायक शैलेश कुमार. ऑर्डरली संजय कुमार झा. बेंच नंबर दो जो मंझौल अनुमंडल न्यायालय में गठित किया गया है। जहां पीओ मुकेश कुमार, मेंबर श्वेता कुमारी, सहायक अंशु कुमार ऑर्डरली राजकुमार थे। उन्होंने कहा कि मैं बेगूसराय न्याय मंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारी से अपील करता हूं। आप सभी बढ़ - चढ़कर इस विशेष लोक अदालत को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं साथ ही साथ पक्षकारों के अधिक से लाभ मिले और उनके अधिक से अधिक मामलों में का निपटारा हो सके इस और प्रयास करें। वही इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने कहा की लोक अदालत में निपटाए गए वादों का निर्णय अंतिम होता है। उन्होंने कहा की चेक बाउंस से संबंधित इस स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा इस स्पेशल लोक अदालत की तैयारी पूर्व से की जा रही है, और उमीद है चेकप्वाइंट से संबंधित अधिक से अधिक सुलहनीय मामलों का निष्पादन स्पेशल लोक अदालत में होगा। इस अवसर पर पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज दिव्याशेखर जिला एवं अपर सत्रन्यायाधीश मनोज कुमार, श्रीराम झा, नवीन श्रीवास्तव, न्यायिक दंडाधिकारी विवेक चंद्र वर्मा, सुशांत कुमार, सलेहा सबीहा, अर्चना कुमारी, निहारिका सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सहायक इंद्रसेन शर्मा, उदय कुमार शशि कुमार, सौरभ कुमार संगम मिश्रा शैलेश कुमार अजीत मालाकार आलोक कुमार, एलएडीसी के असिस्टेंट के शशि भूषण सिंह अशोक कुमार झा वीरेंद्र कुमार अखिलेश कुमार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कार्यालय सहायक अभिनव कुमार उपस्थित थे।

# बिजली चोरी के खिलाफ तीन पर प्राथमिकी

## अवैध कनेक्शन से 76 हजार रुपये से अधिक के राजस्व का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से नावकोठी प्रखंड की दो पंचायतों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर तीन उपभोक्ताओं के विरुद्ध नावकोठी थाने में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। नावकोठी पावर स्टेशन के कनीय विद्युत अभियंता (जेई) विमल कुमार साहा ने बताया कि जांच के दौरान पहसारा पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या-09 पीरनगर निवासी छोटन महतो एवं रामनंदन सदा तथा पहसारा पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या-07 निवासी अजय कुमार बिजली के पोल से सीधे तार जोड़कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते पाए गए। इस अवैध कृत्य से नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को कुल 76,828 रुपये के राजस्व की क्षति हुई है। जेई ने बताया कि तीनों आरोपितों के विरुद्ध नावकोठी थाना में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत कांड दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। छापेमारी अभियान में जेई विमल कुमार साहा के अलावा कार्यपालक सहायक प्रवीण कुमार, तकनीकी सहायक संजय कुमार, मानव बल धीरज कुमार, चंदन कुमार, अमित कुमार सहनी, राजेश कुमार सिंह सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

# जनता दरबार में भूमि विवादों की हुई सुनवाई

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल कार्यालय में शनिवार को विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवादों के समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में पुराने लंबित 13 भूमि विवादों की सुनवाई की गई, लेकिन किसी भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका।इस दौरान भूमि विवाद से जुड़े दो नए मामले भी दर्ज किए गए। इनमें डफरपुर पूर्वी तथा समसा गांव के मंटुन महतो एवं झंटू महतो के बीच रास्ता विवाद का मामला शामिल है। नया दर्ज मामलों में वादी एवं प्रतिवादी को अगली निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

# स्कूली बच्चों को वज्रपात से बचाव की दी गई जानकारी

## मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्यालयों में चला जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक, मध्य एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 'सुरक्षित शनिवार' का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को वज्रपात (ठनका) से बचाव, उसके कारण तथा आपदा के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई।

अपग्रेडेड मिडिल स्कूल चक्का, सैदपुर विष्णुपुर, सियालपाथ समसा, नीरपुर, प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा, डुमरिया सहित अन्य विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में फोकल शिक्षकों ने बताया कि लगातार वृक्षों की कटाई और बढ़ते तापमान के कारण मौसम में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है, जिससे आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि ठनका की चपेट में आने से हर वर्ष कई लोगों की जान चली जाती है, इसलिए इससे बचाव के प्रति जागरूक रहना बेहद आवश्यक है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि बारिश और गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, ऊंचे स्थान, ताड़ एवं अन्य ऊंचे पेड़ों, बिजली के पोल, नदी, तालाब तथा पहाड़ी क्षेत्रों के आसपास नहीं रुकना चाहिए। यदि खुले स्थान पर फंस जाएं तो दोनों पैरों को साथ रखकर एड़ी के बल उकडू बैठना अपेक्षाकृत सुरक्षित माना जाता है। साथ ही, घरों में बिजली के उपकरण बंद रखने तथा ऊंची इमारतों पर तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) लगाने की भी सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से अपने गांव और परिवार के लोगों को भी वज्रपात से बचाव के उपायों की जानकारी देने तथा आपदा के प्रति सजग रहने की अपील की गई। इस अवसर पर अरुण कुमार, सरोज कुमार, रंधीर कुमार, मनटुन महतो, योगेंद्र चौधरी, सुनील कुमार, संजीत कुमार महतो, शंभू महतो, माधव आनंद, हरिहर सहनी, अशोक शर्मा, शुभम कुमार, संजीव कुमार, सहायक शिक्षक प्रवीण कुमार, अमित कुमार, शुभम कुमार , आलोक कुमार सहित बाल संसद एवं मीना मंच के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कुष्ठ की पहचान व परिवार नियोजन को लेकर एएनएम को दी गई ट्रेनिंग

## जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा, टीकाकरण और टेलीमेडिसिन समेत कई योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को अधीनस्थ सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों की एएनएम की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने की। बैठक में कुष्ठ रोग की शीघ्र पहचान, जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा, शत-प्रतिशत टीकाकरण, गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं टेलीमेडिसिन सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए डेमियन फाउंडेशन के प्रतिनिधि रामना राय एवं जिला कुष्ठ नियंत्रण इकाई, बेगूसराय के कृष्ण मोहन वर्मा ने कहा कि एएनएम स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर इलाज के लिए आने वाले किसी भी व्यक्ति में यदि कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई दें तो उसे तत्काल जांच के लिए पीएचसी भेजें। उन्होंने बताया कि समय पर पहचान और नियमित दवा सेवन से कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है तथा इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। बीसीएम उषा कुमारी ने बताया कि वर्तमान में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा चल रहा है। इसके तहत योग्य दंपतियों की पहचान कर उन्हें परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के प्रति जागरूक करने तथा बंध्याकरण एवं नसबंदी के इच्छुक दंपतियों को शिविर में भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में आरोग्य दिवस पर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए सर्वे एवं ड्यू-लिस्ट अद्यतन करने, आरसीएच पंजी अपडेट रखने, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, टेलीमेडिसिन सेवाओं के प्रभावी संचालन तथा स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।बीएचएम संदीप चंद्र ने एएनएम को स्वास्थ्य कार्यों से संबंधित ऑनलाइन डाटा अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई तथा तकनीकी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी। बैठक में एएनएम विभा, मीना, बेबी, शालिनी, सीमा, मंचन, सोनी, दीपा, रीणा, शशिकला, नंदन तथा आशा फैसिलिटेटर संगीता, कंचन, रुक्मिणी, लक्ष्मी, अंजु सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# एनटीपीसी कहलगांव के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी परियोजना के जीवन ज्योति अस्पताल के सहयोग से नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत शनिवार को सिकंदरपुर गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एनटीपीसी जीवन ज्योति अस्पताल के चिकित्सक डॉ रागिनी शेटे एवं डॉ कन्हैया लाल यादव ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों को रक्तचाप, रक्त शर्करा एवं सामान्य जांच सहित आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराईं। इसके बाद चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर जरुरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाईयां मुहैया कराई गई। इधर चिकित्सा एवं उनके सहयोगी टीम ने भी पंजीकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श और दवा वितरण की व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित किया। यह कार्य जीवन ज्योति अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृष्णकांत चौधरी के देखरेख एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वहीं ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे स्वास्थ्य शिविर को समुदाय के लिए अत्यंत उपयोगी बताया है। साथ ही इसके लिए एनटीपीसी के कहलगांव परियोजना के प्रति आभार व्यक्त किया है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# डॉ. सिकंदर सिंह को रक्षा मंत्री ने आइएमए राष्ट्रीय सामुदायिक सेवा पुरस्कार से किया अलंकृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आज का दिन केवल एक सम्मान समारोह नहीं था यह उन अनगिनत त्याग, समर्पण और सेवा के वर्षों का उत्सव था, जिन्हें शब्दों में बांधना आसान नहीं। जब केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंच पर डॉ. सिकंदर सिंह (एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन) को भारतीय चिकित्सा संघ का प्रतिष्ठित नेशनल कम्युनिटी सर्विस अवार्ड 2026 प्रदान किया, तब वह क्षण केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज की कृतज्ञता का प्रतीक बन गया। सीवान परगना, झारखंड की मिट्टी से जुड़े डॉ. सिकंदर सिंह पिछले 28 वर्षों से चुपचाप, बिना



किसी दिखावे के, जनसेवा की ऐसी मिसाल गढ़ते रहे हैं, जो आज देश के सामने प्रेरणा बनकर खड़ी है। वर्ष 1998 से शुरू हुई उनकी यह यात्रा केवल एक डॉक्टर की नहीं, बल्कि एक सच्चे सेवक की कहानी है जो हर दिन अपने मरीजों में भगवान का रूप देखता है। आज मिला यह राष्ट्रीय सम्मान उन अनगिनत रातों की गवाही देता है, जब उन्होंने बिना थके मरीजों की सेवा की उन गांवों की कहानी कहता है, जहां उन्होंने स्वास्थ्य की रोशनी पहुंचाई और उन जीवनों का आशीर्वाद है, जिन्हें उन्होंने नई उम्मीद दी। एक निजी चिकित्सक होते हुए भी डॉ. सिंह ने टीबी उन्मूलन, एचआईवी/एड्स नियंत्रण और वेक्टर जनित रोग नियंत्रण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को अपने जीवन का मिशन बना लिया। यह केवल कार्य नहीं था यह एक संकल्प था, एक जिम्मेदारी थी, जिसे उन्होंने पूरे दिल से निभाया। वे सिर्फ इलाज नहीं करते थे वे समझाते थे, जागरूक करते थे, और समाज को स्वस्थ जीवन की दिशा दिखाते थे। स्वच्छता, पोषण और रोग-निवारण के प्रति उनकी निरंतर पहल ने हजारों परिवारों के जीवन में बदलाव लाया है। उनके लिए चिकित्सा सेवा केवल क्लिनिक की चार दीवारों तक सीमित नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति तक पहुंचती है जिसे मदद की जरूरत है। डॉ. सिकंदर सिंह ने सरकार की योजनाओं और आम जनता के बीच की दूरी को अपने समर्पण से पाट दिया। उन्होंने निःशुल्क और रियायती सेवाओं के माध्यम से यह साबित किया कि सच्ची सेवा का मूल्य धन नहीं, बल्कि संवेदना होती है। आज जब पूरा देश उनके इस सम्मान पर गर्व कर रहा है, तब यह स्पष्ट है कि यह पुरस्कार केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक संदेश है कि अगर इरादे सच्चे हों, तो एक व्यक्ति भी समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। डॉ. सिकंदर सिंह की कहानी हमें यह सिखाती है कि सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती। यह लौटकर सम्मान बनती है, प्रेरणा बनती है, और अंततः एक बेहतर समाज की नींव रखती है।

# जनता दरबार में तीन मामले निष्पादित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीन संबंधी विवादों के निपटारे के लिए पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वीरपुर अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर के अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र ने बताया कि पुर्व का 6 व नया 1 आवेदन सहित कुल 7 आवेदनों की सुनवाई की गई जिसमें से तीन आवेदन को आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित किया गया। शेष बचे हुए आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अगली तिथि में बुलाया जाएगा। मौके पर अंचल कर्मी सहित दर्जनों फरियादी मौजूद थे।

# 551 सरस्वती विद्या निकेतनों का सीएम आज करेंगे उद्घाटन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में रविवार को सीएम सम्राट चौधरी एक दिवसीय अधिकारिक दौर पर रहेंगे। इस दौरान वे पूरे राज्य के 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का उद्घाटन करेंगे तथा आयोजित जनसभा एवं जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माननीय मुख्यमंत्री पटना से प्रस्थान कर बेगूसराय के गाँधी स्टेडियम स्थित हैलीपैड पर पहुंचेंगे। वहाँ से वे बी.पी. इंटर स्कूल, बेगूसराय जाएंगे, जहाँ 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का उद्घाटन करेंगे तथा विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री आईओसीएल स्टेडियम पहुंचेंगे। यहाँ आयोजित मुख्य समारोह में उनके द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की जाएगी।


# पशु मैत्री व टीका कर्मियों ने किया टीकाकरण का बहिष्कार


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड स्थित पशु चिकित्सालय के पशु मैत्री एवं टीका कर्मियों ने लंबे समय से मानदेय का भुगतान नहीं होने के विरोध में शनिवार को टीकाकरण कार्य का बहिष्कार कर दिया। कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सूरज कुमार को मांगपत्र सौंपते हुए शीघ्र भुगतान एवं पंचायत स्तर पर समायोजन की मांग की। टीका कर्मियों ने बताया कि विभाग द्वारा उन्हें प्रति पशु टीकाकरण के आधार पर मानदेय दिया जाता है। पिछले वर्ष पशुओं को मुंहपका एवं खुरपका (एफएमडी) रोग से बचाव के लिए बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान चलाया गया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी उस कार्य का मानदेय अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इससे आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के तहत उन्हें अपने पंचायत के बजाय दूसरे पंचायतों में जाकर टीकाकरण करना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों दोनों की अतिरिक्त लागत आती है। ऐसे में टीकाकरण कार्य को सुचारु रूप से संचालित करना कठिन हो रहा है। टीकाकर्मियों ने मांग की कि उनका समायोजन उनके अपने-अपने पंचायत में किया जाए तथा लंबित मानदेय का अविलंब भुगतान सुनिश्चित किया जाए। भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सूरज कुमार ने बताया कि टीका कर्मियों के मांगपत्र को आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी को अग्रसारित कर दिया गया है। मौके पर बिपिन कुमार, संतोष कुमार, हरीश कुमार, संजय कुमार, अभिलेश कुमार, अमोल कुमार, रोहित कुमार सहित अन्य टीका कर्मी उपस्थित थे।

# आम आदमी की थाली से गायब हुई हरी सब्जी

## दामों में बेतहाशा वृद्धि से लोग परेशान





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से सब्जियों के दामों में भारी उछाल देखा जा रहा है। दाम आसमान छूने से आम आदमी की थाली से हरी सब्जी लगभग गायब हो गई है। कई परिवार अब उधार लेकर या रुखा-सूखा खाकर गुजारा करने को मजबूर हैं।प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों और साप्ताहिक बाजारों में सब्जी विक्रेताओं के अनुसार आवक 50 प्रतिशत तक कम हो गई है। इसी वजह से दामों में 30 से 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में बाजार में चल रहे थोक और खुदरा दाम इस प्रकार हैं। कच्ची मिर्च 200 - 250 रुपए प्रति किलो, चठैला 50 - 60 रुपए प्रति किलो, कुंदरी 40 - 50 रुपए प्रति किलो, बैंगन 40 - 50 रुपए प्रति किलो, प्याज 40 रुपए प्रति किलो झिंगा/नेनुआ 25 - 40 रुपए प्रति किलो, भिंडी 30 - 35 रुपए प्रति किलो, आलू 20 - 25 रुपए प्रति किलो। सबसे ज्यादा चौंकाने वाला दाम कच्ची मिर्च का है। 200 रुपए किलो के पार पहुंचने से आम लोगों के साथ-साथ होटल और ढाबा संचालकों की भी कमर टूट गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिहाड़ी मजदूरी करने वाले परिवारों के लिए 200-250 रुपए किलो मिर्च और 50-60 रुपए किलो चठैला खरीदना संभव नहीं है। गृहणी सुनीता देवी ने कहा कि पहले 100 रुपए में 4-5 सब्जी आ जाती थी, अब सिर्फ 2 सब्जी में ही 100 रुपए खर्च हो जा रहे हैं। 3 दिन से सिर्फ आलू-भात ही बन रहा है। एक अन्य दुकानदार ने बताया कि मौसम अनुकूल न होने और फसल में कीट लगने के कारण मंडी में सब्जी कम आ रही है। विभिन्न मंडी से महंगे दामों में सब्जी लाना पड़ता है इसलिए महंगा बिक रहा है।

# नीट में उत्तीर्ण आयुष ने बढ़ाया गांव का मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के चांदपुरा गांव निवासी राकेश कुमार एवं रानी देवी के पुत्र आयुष कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में 601 अंक प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। अपनी सफलता का श्रेय आयुष ने अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं समाज के आशीर्वाद को देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और परिवार के निरंतर सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी।

आयुष के पिता राकेश कुमार केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सब-इंस्पेक्टर हैं। जबकि उनकी माता रानी देवी गृहिणी हैं। उनकी बड़ी बहन पूजा कुमारी उत्तराखंड में डॉक्टर के पद पर कार्यरत है। बहन से प्रेरित होकर ही आयुष ने चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। आयुष की सफलता से पूरे चांदपुरा गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि आयुष बचपन से ही मेधावी, अनुशासित और परिश्रमी छात्र रहा है तथा उसकी यह उपलब्धि क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।आयुष के दादा एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य बैद्यनाथ सिंह तथा दादी प्रभामणि देवी ने कहा, ''यह सफलता पूरे समाज के आशीर्वाद का परिणाम है। ईश्वर से प्रार्थना है कि आयुष एक सफल एवं संवेदनशील डॉक्टर बनकर गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा करे तथा मानवता की रक्षा में अपना योगदान दे। ग्रामीण मोहन सिंह, केदार सिंह, मुकेश, मयंक, मानस, अनिल, गोरेलाल, अशोक, संजीत, आलोक, खुशी, बबलू सहित अन्य ग्रामीणों ने आयुष को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि आयुष भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूकर चांदपुरा, बेगूसराय और बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगा।

# भागलपुर में आज से शुरू होंगे सरस्वती विद्या निकेतन

## तैयारी हुई पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी शिक्षा पहल के तहत कक्षा नौ से बारह तक के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु रविवार से सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के शुभारंभ की तैयारी पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थापित सरस्वती विद्या निकेतन के शुभारंभ से संबंधित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन बेगूसराय से वर्चुअल माध्यम से करेंगे। इस सिलसिले में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालयों को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं।ताकि उद्घाटन के साथ ही शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से प्रारंभ हो सकें। विद्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जिला पदाधिकारी ने सभी चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि 18 जुलाई तक विद्यालय भवन, कक्षाओं की तैयारी, पेयजल, विद्युत, शौचालय, स्वच्छता एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहे। इसके अलावा फर्नीचर, शिक्षण-अधिगम सामग्री, कंप्यूटर, इंटरनेट सहित सभी आईटी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, नामपट्ट एवं दिशा-सूचक संकेतकों की स्थापना तथा अग्निशमन सहित अन्य सुरक्षा संबंधी नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

लाइव प्रसारण और जनभागीदारी पर विशेष जोर राज्यस्तरीय उद्घाटन कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिए प्रत्येक विद्यालय में स्क्रीन एवं आवश्यक तकनीकी संसाधनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया है। अधिकारियों को स्थल निरीक्षण का निर्देश कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के चयनित विद्यालयों का स्थल निरीक्षण कर सभी तैयारियों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों से कहा गया है कि किसी भी प्रकार की कमी या लंबित कार्य को तत्काल पूरा कराया जाए, ताकि उद्घाटन के बाद कक्षाओं का संचालन बिना किसी बाधा के शुरू हो सके।जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सरस्वती विद्या निकेतन का शुभारंभ राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भागलपुर में इसे सफल बनाने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं।

# तीन सौ टीबी मरीजों को मिला न्यूट्रीशन किट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में समाहरणालय स्थित नगर भवन में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में टीबी मरीजों के बीच न्यूट्रीशन किट वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक सहभागिता, संवेदनशीलता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व का अभियान है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की प्राप्ति केवल दवा से संभव नहीं है बल्कि मरीजों को पर्याप्त पोषण, सामाजिक सहयोग एवं निरंतर प्रोत्साहन भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्रों एवं विभिन्न संस्थानों के सहयोग से टीबी मरीजों को न्यूट्रीशन किट उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 1,951 टीबी मरीज अधिसूचित (नोटिफाई) किए जा चुके हैं तथा स्क्रीनिंग अभियान लगातार जारी रहने के कारण यह संख्या आगे बढ़ सकती है। जिला प्रशासन का लक्ष्य लगभग 2,000 मरीजों को छह माह तक प्रत्येक माह न्यूट्रीशन किट उपलब्ध कराना है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेषज्ञों की सलाह से किट में चना दाल, सोया चंक्स, मूंगफली, मिल्क पाउडर, आटा सहित अन्य उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री शामिल की गई है। जिलाधिकारी ने न्यूट्रीशन किट प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, निक्षय मित्रों एवं सहयोगी संस्थाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा 300 टीबी मरीजों के बीच न्यूट्रीशन किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, सिविल सर्जन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीपीएम स्वास्थ्य मो. अनवर आलम, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं बड़ी संख्या में टीबी मरीज उपस्थित थे।




## आपसी विवाद में युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के खिरियावां मोड़ पर 40 वर्षीय एक युवक मनोज राम ने अपने घर में दरवाजा बंद कर पंखे के सहारे गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक मनोज कोई काम नहीं करता था। उसके पिता राजाराम सचिवालय अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए थे। उनके पेंशन के पैसे से ही जीवन -यापन करता था। वह प्रतिदिन शराब पीकर घर आता और पत्नी से शराब के नशे में लड़ाई झंझट करता था। उसके माता-पिता किसी काम से बाहर मुंबई गए हुए हैं। शुक्रवार की संध्या चार बजे के करीब मनोज शराब पीकर आया। इस दौरान पत्नी से कहा सुनी हुई। इसी बीच वह घर के अंदर गया और दरवाजा बंद कर पंखे में रस्सी से गले में फंदा लगा झुल गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने फ़िलहाल शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# ट्रक की ठोकर से दो दोस्तों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के कामा बिगहा स्थित एनएच 19 पर पुल के समीप अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान पड़रिया गांव निवासी रामजन्म यादव के पुत्र 17 वर्षीय पुत्र अभय कुमार एवं शाहपुर अखाड़ा निवासी 17 वर्षीय लकी कुमार के रूप में की गई है। जबकि ज़ख्मी युवक पोखरा मोहल्ले का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार शाहपुर अखाड़ा के पास रहने वाले तीन दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर दूध लेने जा रहे थे। गाड़ी विपरीत दिशा में थी, इस दौरान रफ्तार अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास के लोगों ने तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने अभय कुमार और लकी कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि ज़ख्मी युवक को गंभीर हालत में हायर सेंटर गयाजी रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।हादसे की खबर मिलते ही सदर अस्पताल में मृतकों के परिजनों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। लोगों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी नाराजगी जताते हुए हंगामा किया। आरोप था कि गंभीर मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें रेफर कर दिया जाता है जिससे कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। लोगों ने अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। बताता जाता है कि मृतक अभय का परिवार कई वर्षों से शाहपुर अखाड़ा स्थित किराए के मकान में रह रहा है। उसके पिता रामजनम यादव पहले ओडिशा में प्राइवेट जॉब करते थे। पिछले कुछ महीनों से औरंगाबाद में ही रह रहे थे। फिलहाल वे किसी जरूरी कार्य से उज्जैन गए हुए हैं। अभय अपने भाइयों में सबसे छोटा था। लकी कुमार का मूल घर गयाजी के सिकरिया में पड़ता है। उसका परिवार भी कई वर्षों से औरंगाबाद के शहीद नगर में किराए के मकान में रह रहा है। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहा है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# डकैती, दहेज़ हत्या सहित अन्य मामलों में 49 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 21 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार डकैती में दो, पॉक्सो में एक, दहेज हत्या में दो, हत्या के प्रयास में चार, मद्य निषेध अधिनियम के तहत आठ तथा अन्य मामलों में 32 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 45.20 लीटर देसी शराब, 0.375 लीटर विदेशी शराब, दो बाइक एवं चार सोने की जातियां, दो झुमका, एक चैन, दो पायल, 17 चांदी का बिछिया सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 984 वाहनों की जांच की गई जिसमें 35500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 107 वारंटों का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड स्थित देवकुंड में आगामी श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा देवकुंड क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर मेला की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि श्रावणी मेला के दौरान आने वाले सभी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु पर्याप्त एवं सुदृढ़ बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए तथा प्रवेश एवं निकास मार्गों को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जाए ताकि भीड़ प्रबंधन प्रभावी ढंग से किया जा सके। साथ ही पार्किंग स्थल भी चिन्हित करने को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने रात्रि के समय श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूरे मेला क्षेत्र एवं प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी जिससे विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने देवकुंड तक जाने वाले संपर्क मार्गों का भी अवलोकन किया तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यकतानुसार सड़क की मरम्मत एवं संधारण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि श्रावणी मेला के दौरान विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित अनुश्रवण करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा मेला अवधि के दौरान सतत निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, गोह बीडीओ एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।



# मंडल कारा में एआई आधारित हैंडहेल्ड डिजिटल एक्स-रे शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** संभावित टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार शनिवार को मंडल कारा में हैंडहेल्ड डिजिटल एक्स-रे मशीन के माध्यम से विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक का उपयोग करते हुए कैदियों के एक्स-रे का विश्लेषण किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य मंडल कारा में निरुद्ध बंदियों के बीच टीबी रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है। एआई तकनीक के माध्यम से एक्स-रे रिपोर्ट का विश्लेषण कर यह पता लगाया जा रहा है कि किसी कैदी में टीबी से संबंधित संभावित लक्षण मौजूद हैं या नहीं। जिन बंदियों की एक्स-रे रिपोर्ट में टीबी की आशंका परिलक्षित होगी, उनकी आगे की पुष्टि के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक जांच, जैसे कि स्पुटम जांच, ट्रूनेट एवं सीबी-एनएएटी अथवा अन्य अनुशंसित परीक्षण कराए जाएंगे। जांच में टीबी की पुष्टि होने पर संबंधित मरीज को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क दवा, नियमित चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक पोषण सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र

# खाद की कालाबाजारी पर लगे रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने औरंगाबाद जिले में रासायनिक खाद की कथित कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होंने किसानों से मिल रही शिकायतों का हवाला देते हुए प्रशासन से तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। पूर्व सांसद ने पत्र में कहा है कि जिले के विभिन्न प्रखंडों से किसानों द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि डीएपी और यूरिया खाद की निर्धारित सरकारी दर से कहीं अधिक कीमत वसूली जा रही है। उन्होंने बताया कि डीएपी की सरकारी कीमत 1,350 रुपये प्रति बोरी तथा यूरिया की कीमत 266 रुपये प्रति बोरी निर्धारित है लेकिन बाजार में डीएपी करीब 2,200 रुपये और यूरिया 400 रुपये प्रति बोरी तक बेची जा रही है। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि जिले में पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण असिंचित क्षेत्रों में खेती का कार्य प्रभावित है जबकि नहरी क्षेत्रों में धान की रोपनी चल रही है। ऐसे समय में किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद उपलब्ध नहीं हो रही है और उन्हें मजबूरी में ऊंचे दाम पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे उनकी आर्थिक परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने जिला पदाधिकारी से आग्रह किया है कि खाद की कालाबाजारी में संलिप्त दुकानदारों और संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया जाए तथा किसानों को सरकारी निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



# महिला की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के शांति मुहल्ला पाठक बिगहा रोड में शनिवार सुबह एक महिला की संदिग्धावस्था में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान गयाजी जिले के गुरुआ थाना अंतर्गत जयपुर निवासी नवीन चन्द्र सिन्हा की 30 वर्षीय पत्नी रानी कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका के पति नवीन चन्द्र सिन्हा शनिवार सुबह करीब दस बजे एक ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए ले गये जहां चिकित्सक कुमार जय ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने बताया महिला पहले ही मृत हो चुकी थी। मृतक की सास आमस प्रखंड के नदौरा मध्य विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। ससुर कुमार सुशील चंद्र सिन्हा मदनपुर थाना क्षेत्र के पाठक बिगहा रोड में घर बना कर पूरे परिवार के साथ रहते हैं। बताया जाता है कि मृतका को एक दो वर्षीय पुत्री है। इधर मृतका रानी के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर अपर थानाध्यक्ष राजेश कुमार दल-बल के साथ अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि बीमारी से मौत होने की सूचना मिली है लेकिन मृतका के मायके वालों द्वारा लगाए गए आरोप के आधार पर पोस्टमार्टम कराया गया है। फ़िलहाल आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आर्म्स लाइसेंस बनाने के नाम पर 5.32 लाख की ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आर्म्स का लाइसेंस बनाने के नाम पर ठगी का एक मामला सामने आया है। इस संबध में फ़ेसर थाना क्षेत्र के मुरादपुर निवासी सूर्यदेव प्रसाद के पुत्र रमाकांत कुमार ने पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा को आवेदन समर्पित कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि गोह थाना क्षेत्र के सिधानी गांव निवासी रामचन्द्र शर्मा के पुत्र नवीन कुमार उर्फ बाबा ने खुद को कलेक्ट्रेट का स्टॉफ और आर्म्स विभाग का कर्मचारी बताकर उससे 5,32,500 रूपये का ठगी कर लिया। पीड़ित ने बताया कि वे आर्म्स लाइसेंस के लिए आवेदन देने कलेक्ट्रेट गए थे तभी वहां बैठे नवीन कुमार उर्फ बाबा ने उनसे बातचीत की। वह आरोपी को नहीं पहचानता था। आरोपी ने खुद को आर्म्स कार्यालय का स्टाफ बताते हुए कहा कि वह लाइसेंस बनवा देगा और हथियार की भी खरीदारी करवा देगा जिसके लिए 5,50,000 रुपये लगेंगे। इसके लिए उसे 3 जुलाई 2025 को शाम 4 बजे आर्म्स कार्यालय बुलाया। विश्वास में लेकर आरोपी ने 4 जुलाई 2025 से 26 जून 2026 तक फोन पे के माध्यम से 2,32,500 रुपये, 12 अगस्त 2025 को अपनी पुत्री मेधा कुमारी के एचडीएफसी बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 3,00,000 रुपये यानी कुल 5,32,500 रुपये अब तक लिए हैं। पीड़ित ने बताया कि आरोपी व्हाट्सएप मैसेज से फाइल जिलाधिकारी को भेजने की बातें बताई। उसने बताया कुछ दिनों में लाइसेंस जारी हो जाएगा। काफी दिन बीतने के बाद भी लाइसेंस नहीं बना तो उन्होंने पैसा वापस मांगा लेकिन आरोपी टाल-मटोल कर आज तक पैसा नहीं लौटाया और अब फोन कॉल का जबाव नहीं दे रहा हैं। बाद में पता चला कि आरोपी के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसने कई लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की हैं। पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित से प्राप्त आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# विशेष लोक अदालत में 15 वादों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चेक बाउंस मामलों के त्वरित एवं आपसी सहमति के आधार पर निपटारे के उद्देश्य से शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत के सफल संचालन हेतु कुल तीन बेंचों का गठन किया गया जिनके समक्ष चेक बाउंस से संबंधित मामलों को सुलह एवं समझौते के आधार पर निस्तारण हेतु रखा गया। पक्षकारों, अधिवक्ताओं एवं बैंक प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता से अनेक मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो सका। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार द्वारा किया गया। समारोह में न्यायाधीश अरुण कुमार, विश्व विभूति गुप्ता, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार सचिव तान्या पटेल सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने कहा कि लोक अदालत न्याय व्यवस्था का एक प्रभावी एवं जनहितकारी मंच है जो पक्षकारों को त्वरित, सुलभ एवं कम खर्चीला न्याय उपलब्ध कराता है। इस विशेष लोक अदालत में कुल 290 वादों को सूचीबद्ध किया गया जिनमें से 15 वादों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया तथा लगभग 58,36,688 रूपये की राशि का समझौता कराया गया।

# प्रेम कुमार ने नीट यूजी में हासिल की शानदार सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के गोह प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर गांव के होनहार छात्र प्रेम कुमार ने नीट यूजी 2026 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 649 अंक, ऑल इंडिया रैंक 1507 तथा कैटेगरी रैंक 490 प्राप्त कर जिले और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रेम कुमार के पिता धर्मेंद्र सिंह सरकारी शिक्षक हैं जबकि माता नीतू कुमारी भी शिक्षिका हैं। दोनों की प्रेरणा और मार्गदर्शन के साथ प्रेम ने कठिन परिश्रम और अनुशासित तैयारी के बल पर यह सफलता हासिल की। प्रेम कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा विवेकानंद मिशन स्कूल से प्राप्त की और वहीं से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद मेडिकल प्रवेश परीक्षा की बेहतर तैयारी के उद्देश्य से वे दिल्ली चले गए जहां उन्होंने नियमित अध्ययन और कठिन मेहनत के साथ नीट की तैयारी की। नीट के साथ-साथ प्रेम कुमार ने जेइइ मेन 2026 में भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए 98.3859406 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। हालांकि उनका लक्ष्य डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना था, इसलिए उन्होंने नीट को प्राथमिकता दी और उसमें उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। प्रेम कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, सही रणनीति, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास किसी भी बड़ी परीक्षा में सफलता की कुंजी है। प्रेम कुमार की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत पर शोक

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सड़क दुर्घटना में सरस्वती शिशु मंदिर के एक छात्र लक्की कुमार की मौत हो गई। इसको लेकर सरस्वती शिशु मंदिर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, सभी आचार्य आचार्या एवं विद्यार्थियों ने मृतक छात्र के तैल चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने बताया कि लकी 10वीं की छात्र था। वह काफी होनहार लड़का था। उसकी असामयिक मृत्य काफी दुखद हैं।








# आइआइटी व नीट में सफल तीन छात्र सम्मानित

## संस्कार विद्या में कार्यक्रम का आयोजन, डीइओ व डीसीएलआर ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर के नवरतन चक स्थित संस्कार विद्या परिसर में आईआईटी व नीट में सफल तीन छात्रों को सम्मानित किया गया। आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक एवं निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता, डीसीएलआर प्रणव कुमार, सीइओ आनंद प्रकाश, विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल के टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने अतिथियों और छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार तांती ने किया। आईआईटी दिल्ली के लिए चयनित सक्षम कुमार, नीट की परीक्षा में सफल रहे कुमार उत्कर्ष एवं चैतन कुमार को सम्मानित किया गया। प्रणव कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का चयन आपकी मेहनत और लगन का परिणाम है। जिन विद्यार्थियों का चयन हुआ है, उनके अनुभवों से सीखें, उनसे तैयारी की रणनीति जानें और यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो शिक्षकों एवं वरिष्ठ विद्यार्थियों से मार्गदर्शन लेने में संकोच न करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसलिए लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करें। विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी सक्रिय रहें। छात्र जीवन का यह समय स्वर्णिम समय होता है। यह समय दोबारा वापस नहीं आता। मौके पर राधेश्याम सिंह, शिवेंद्र शर्मा, अमरनाथ मिश्रा, एस.बी. सिंह, अजीत कुमार तथा शेखर शर्मा आदि उपस्थित थे।



विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के नाम एक और उपलब्धि

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269